2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी नहीं सुधरी यातायात व्यवस्था

6 अभिमत
प्रभाव बढ़ाने का प्रयास करता चीन

9 देश-विदेश
हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष न्यायालय में चुनौती देगी राजस्थान सरकार

12 कसौटी
प्रदेश में संभावित भाजपा उम्मीदवारों की तलाश जारी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 56
फरीदाबाद, रविवार, 02 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



गायकवाड़ के शानदार छक्के जबर्दस्त टाइमिंग की देन : कुंबले
पेज - 11

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹ 54,500/-
76% Gold Rate ₹ 44,990/-
Making Charges 8% 100% BUY BACK EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657

ANIL GENERATOR
SILENT GAS GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1500 KVA
DUAL FUEL GAS KIT DUNGS GERMANY Fitment IN 250KVA TO 1500 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
250 KVA Gas Generator Leyland authorised Channel Partner

INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

### लंबित मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, कहा

# समय पर सुनवाई पूरी नहीं होना लोगों के साथ अन्याय जैसा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने शनिवार को कहा कि जेलों में भीड़ बहुत है। वहां रहने की स्थिति भयावह है। अदलातें ये सुनिश्चित करें कि जिन मामलों में कड़े कानून और कड़े प्रावधान लागू होते हैं, उन्हें जल्दी खत्म करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि मुकदमे समय पर खत्म नहीं होते, तो व्यक्ति पर जो अन्याय हुआ है, वह अथाह है। सुप्रीम कोर्ट जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत एक व्यक्ति को जमानत पर रिहा करते हुए कहा।

कारावास के और भी हानिकारक प्रभाव होते हैं। जहां अभियुक्त आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। साथ ही व्यक्ति को आजीविका का तत्काल नुकसान और कई मामलों में परिवारों के बिखरने के साथ-साथ पारिवारिक बंधन भी टूट जाते हैं और समाज से अलगाव रहता है। पीठ ने कहा कि अदालतों को इन पहलुओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

**बेंच ने कहा, अदालतों को इन पहलुओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए**

अदालतों को सुनिश्चित करना चाहिए कि जिन मुकदमों में कड़े प्रावधान और कानून लागू होते हैं, वे तेजी से चलें और जल्दी खत्म हो जाएं। कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में जमानत देने की कड़ी शर्तें हैं, वह जनहित में आवश्यक हो सकते हैं। लेकिन अगर जांच जल्द खत्म नहीं होती तो उस व्यक्ति के साथ जो अन्याय हुआ है, वह अथाह है।

कोर्ट ने कहा कि जेलों में अत्यधिक भीड़भाड़ है। यहां रहने की स्थिति अक्सर भयावह होती है। संसद में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो ने बताया था कि साल 2021 तक 5,54,034 से अधिक कैदी जेल में बंद थे। देश में 4,25,069 की कुल क्षमता है। इनमें 1,22,852 कैदी दोषी थे। बाकि 4,27,165 कैदी विचारधीन हैं।



### हाईकोर्ट का दिल्ली वक्फ बोर्ड को निर्देश

# कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान दो सप्ताह में करें

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार और दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बोर्ड के कर्मचारियों के छह महीने से लंबित वेतन का दो सप्ताह के भीतर भुगतान करें दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड कर्मचारी संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आदेश का अनुपालन नहीं होने पर वह 18 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई के दौरान प्रतिकूल आदेश पारित कर सकता है। कर्मचारी संघ और बोर्ड के एक कर्मचारी ने इस साल की शुरुआत में अदालत का रुख किया था और दावा किया था कि पिछले साल अक्टूबर से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किए जाने की वजह से वे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं।



### पीएम की डिग्री के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने तेज किया हमला, कहा

# अगर पीएम की डिग्री वैध है तो गुजरात विवि दिखा क्यों नहीं रहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री मामले में गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले ने उनकी शैक्षणिक योग्यता के दावों पर संदेह को और बढ़ा दिया है और अगर वह शिक्षित होते तो नोटबंदी जैसे कदम नहीं उठाते। केजरीवाल ने कहा कि अगर मोदी की डिग्री वैध है तो गुजरात विश्वविद्यालय उसे दिखा क्यों नहीं रहा।

गौरतलब है कि गुजरात उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 2016 के एक आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के बारे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया था। उच्च न्यायालय के फैसले के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख की यह टिप्पणी आई है। भाजपा ने केजरीवाल पर पलटवार किया और कहा कि उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि वह या तो अपना विवेक खोने के कगार पर हैं या जांच एजेंसियों द्वारा उनकी सरकार के तहत भ्रष्टाचार के सबूत धीरे-धीरे सामने आने के मद्देनजर भविष्य के लिए जमीन तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील को स्वीकार करते हुए केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और उन्हें चार सप्ताह के भीतर गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जीएसएलएसए) में राशि जमा करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने कहा, मेरा आज केवल एक ही सवाल है। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री को शिक्षित होना चाहिए या नहीं। क्या भारत को शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर मोदी की डिग्री वैध है तो गुजरात विश्वविद्यालय उसे दिखा क्यों नहीं रहा। प्रधानमंत्री पर नए सिरे से निशाना साधते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के प्रधानमंत्री की अकादमिक योग्यता पर सूचना न देने की दो वजहें हो सकती हैं - यह मोदी का अहंकार हो सकता है या उनकी डिग्री फर्जी है। केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पूरा देश उच्च न्यायालय के फैसले से स्तब्ध है क्योंकि लोकतंत्र में सूचना मांगने और सवाल पूछने की आजादी होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के आदेश ने प्रधानमंत्री की शिक्षा को लेकर संदेह बढ़ा दिया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री ने गुजरात विवि या दिल्ली विवि से पढ़ाई की होती तो वे इस जानकारी को छिपाने के बजाय इसका जश्न मना रहे होते। केजरीवाल ने मोदी की शिक्षा पर सवाल पूछते हुए कहा कि यह सवाल अनिवार्य है क्योंकि देश का शीर्ष प्रबंधक होने के कारण मोदी को विज्ञान और अर्थव्यवस्था समेत कई विषयों पर हर दिन कई महत्वपूर्ण फैसले लेने होते हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, अगर प्रधानमंत्री शिक्षित नहीं हैं तो अधिकारी और विभिन्न प्रकार के लोग आएंगे और कहीं भी उनसे हस्ताक्षर करवा लेंगे, उनसे कुछ भी पारित करा लेंगे, जैसे कि नोटबंदी का फैसला जिसके कारण देश को काफी कुछ झेलना पड़ा। अगर प्रधानमंत्री शिक्षित होते तो वह नोटबंदी लागू नहीं करते।



### मोदी बोले, मुझे मारने की सुपारी दे रखी है



**इधर,** मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें मारने के लिए भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है, लेकिन भारत के गरीब, मध्यम वर्ग, आदिवासी, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समेत हर भारतीय आज मोदी का सुरक्षा कवच बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 में इन लोगों ने मोदी की छवि धूमिल करने का संकल्प लिया और अब इन लोगों ने संकल्प ले लिया है 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी।'

# राहुल गांधी पर मानहानि का एक और केस आरएसएस कार्यकर्ता ने दर्ज कराया मुकदमा

### राहुल ने कहा था 21वीं सदी के कौरव हाफ पैंट पहनते हैं

**एजेंसी।** हरिद्वार

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी पर शनिवार को एक और मानहानि का केस दर्ज किया गया है। यह केस आरएसएस कार्यकर्ता कमल भदौरिया ने हरिद्वार में किया है। दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हरियाणा में राहुल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर टिप्पणी की थी। उन्होंने आरएसएस को 21वीं सदी का कौरव बताया था। इसी को लेकर संघ की तरफ से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। मामले की सुनवाई 12 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार कोर्ट में होगी।

नौ जनवरी 2023 को हरियाणा के अंबाला जिले में राहुल एक नुक्कड सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कौरव कौन थे? मैं आपको सबसे पहले 21वीं सदी के कौरवों के बारे में बताऊंगा। वे खाकी हाफ पैंट पहनते हैं। हाथ में लाठी लिए होते हैं और शाखा लगाते हैं। भारत के 2-3 अरबपति कौरवों के साथ खड़े हैं।

इससे पहले 23 मार्च को सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है. इस बयान से जुड़े मानहानि केस में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने दोषी करार दिया। इस फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुर्माना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान राहुल कोर्ट में मौजूद रहे। राहुल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उनके वकील के मुताबिक, राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। उधर, कोर्ट के बाहर विधायक और याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी और उनके समर्थकों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगाए।



### पेश होने के लिए पटना कोर्ट ने दिया निर्देश

**बिहार** के पटना जिले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने राहुल को मानहानि केस में 12 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि राहुल कोर्ट आकर अपना बयान दर्ज कराएं। दरअसल, राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने 2019 में मोदी सरनेम मामले में राहुल के खिलाफ केस दर्ज करवाया था।

# पीएम ने मध्यप्रदेश में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी।** भोपाल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्यप्रदेश की पहली और देश की 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन रानी कमलापति से रोज सुबह 5:40 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन झांसी, ग्वालियर और आगरा स्टेशन पर रुकेगी। इसके अलावा यह हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 2:40 बजे रवाना होकर रात 10:10 बजे वापस रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 2 अप्रैल को निजामुद्दीन से रानी कमलापति आएगी। तीन अप्रैल को फिर रानी कमलापति से निजामुद्दीन जाएगी। इसी दिन से ये नियमित हो जाएगी। इसके लिए टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह 9:30 बजे भोपाल पहुंचे और सीधे कमांडर कॉन्फ्रेंस में शामिल होने कुशाभाऊ ठाकरे हॉल पहुंचे। वे यहां करीब चार घंटे रुके और इसके बाद दोपहर 3:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।



### मोदी ने इंदौर मंदिर हादसे पर जताया दुख

**प्रधानमंत्री** मोदी ने अपने संबोधन से पहले इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, मैं इंदौर मंदिर में रामनवमी पर जो हादसा हुआ, उस पर अपना दुख व्यक्त करता हूं। इस हादसे में जो लोग असमय हमें छोड़ गए, उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। जो श्रद्धालु जख्मी हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है, उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# बंगाल-बिहार में हिंसा थमी, कई इलाकों में धारा 144 लागू

**कोलकाता।** बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र में बीते दो दिनों में हुई हिंसा के बाद अब माहौल शांत है। हिंसा थम गई है, लेकिन तनाव अभी बरकरार है। इन राज्यों के हिंसाग्रस्त इलाकों में पुलिसबल तैनात किया गया है। बंगाल-बिहार के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। बंगाल के हावड़ा में जांच सीआईडी के हवाले हैं, लेकिन एनआईए जांच की मांग की जा रही है।

यहां 30 लोगों की गिरफ्तारी हुई है और दो केस दर्ज किए गए हैं। वहीं, बिहार के नालंदा से 27, जबकि सासाराम से 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। सासाराम में फिलहाल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। यहां गृहमंत्री का अमित शाह का दौरा होना था, जिसे रद्द कर दिया गया है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बुधवार रात दंगे करने वालों में 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उधर, हैदराबाद में रामनवमी की रैली के दौरान विवादित बयान देने के आरोप में पुलिस ने बीजेपी के सस्पेंड विधायक टी राजा सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 30.00°C
न्यूनतम 19.00°C

## क्विक न्यूज

### 92 रुपये सस्ता हुआ कॉमर्शियल गैस-सिलेंडर



**नई दिल्ली।** एक अप्रैल को सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 92 रुपये कम हुई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में ये 2028 रुपये पर आ गया है। हालांकि घरेलू एलपीजी गैस ग्राहकों के लिए कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 14.2 किलो के गैस सिलेंडर के रेट पिछले महीने की तरह ही हैं। इससे पहले एक मार्च को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का इजाफा किया गया था। इसके बाद दिल्ली में ये 2119.50 रुपये पर पहुंच गया था। वहीं 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ाये गए थे। इससे इसकी कीमत दिल्ली में 1103 रुपये हो गई।

### इंडिगो फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** इंडिगो फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़ करने पर मुंबई पुलिस ने गुरुवार को स्वीडन के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। उस पर आरोप है कि उसने नशे की हालत में एयर होस्टेस का हाथ पकड़ लिया। रोके जाने पर उसने एक यात्री के साथ मारपीट की और जमकर हंगामा किया। यह घटना बैंकॉक से मुंबई आ रही 6ई-1052 इंडिगो फ्लाइट में हुई। फ्लाइट लैंड होने के बाद स्टाफ ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया।

# संजय राउत को जान से मारने की धमकी

### लॉरेंस के नाम से मैसेज आया

**एजेंसी।** मुंबई

**महाराष्ट्र** से राज्यसभा सांसद और उद्धव गुट के नेता संजय राउत को लॉरेंस गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है।

व्हाट्सएप मैसेज के जरिए यह धमकी दी गई है। इसमें कहा गया है कि तेरा भी हाल मूसेवाला जैसा कर देंगे। तू दिल्ली में मिला तो तुझे एके-47 से उड़ा देंगे। सलमान और तू फिक्स है। पुलिस ने बताया कि संजय ने शिकायत भी दर्ज की है। हमने जांच भी शुरू कर दी है।

राउत ने मुंबई के कांजुर मार्ग थाने में लॉरेंस के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पुणे से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। राउत को धमकी मिलने के मामले में शख्स से पूछताछ की जा रही है। संजय राउत ने कहा कि मुझे धमकी भरा मैसेज मिला है। मैंने इसकी शिकायत थाने में कर दी है।



### हरियाणा के हिसार में मंत्री का जबरदस्त विरोध

**चंडीगढ़।** हिसार में मंत्री कमल गुप्ता को एकाएक सफाई कर्मचारियों का विरोध झेलना पड़ा। इसी विरोध के चलते मंत्री को अपना कार्यक्रम स्थल बदलना पड़ा। दरअसल, मंत्री का नगर निगम की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम नगर निगम स्थित कार्यालय में रखा हुआ था। मंत्री के कार्यक्रम की भनक निगम के प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों को लग गई।

# 317 दिन बाद पटियाला जेल से रिहा हुए नवजोत सिद्धू

**एजेंसी।** पटियाला

**पंजाब** कांग्रेस के पूर्व प्रधान व पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला जेल से रिहा हो गए हैं। सिद्धू 317 दिन बाद पटियाला सेंट्रल जेल से बाहर आए हैं। उन्होंने पटियाला में हुए रोडरेज केस में एक साल की कैद काटी। सिद्धू के बाहर निकलने पर समर्थकों ने पूरे जोश से उनका स्वागत किया। इससे पहले सिद्धू की रिहाई में देरी होती रही।

पहले उनकी रिहाई सुबह 11 बजे और फिर तीन बजे कही गई लेकिन बाद में वह करीब छह बजे रिहा हुए। उनके बेटे करण सिद्धू ने आरोप लगाया था कि कागजी कार्रवाई के नाम पर उन्हें बेवजह परेशान किया गया। सुबह से कई बार एक घंटे में रिहाई की बात कही जा चुकी थी। समर्थकों की भीड़ ज्यादा होने की वजह से रिहाई में देरी हुई।



**रोडरेज केस में एक साल की हुई थी कैद**

# अप्रैल-जून में सामान्य से अधिक गर्मी की आशंका : आईएमडी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों एवं प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उसने कहा कि इस दौरान मध्य, पूर्वी और उत्तर पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान है।

आईएमडी ने कहा, 2023 में गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में प्रचंड गर्मी (हीटवेव) पड़ने की आशंका है।

हीटवेव की घोषणा तब की जाती है जब किसी केंद्र का अधिकतम तापमान मैदानों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय इलाकों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पर्वतीय क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है और सामान्य तापमान से विचलन कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो। आईएमडी के अनुसार, भारत में 1901 के बाद से 2023 में फरवरी में सबसे ज्यादा गर्मी रही। हालांकि, सात पश्चिमी विक्षोभ के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण मार्च में तापमान में गिरावट रही। मार्च 2022 अब तक का सबसे गर्म और 121 वर्षों में तीसरा सबसे सूखा वर्ष था। वर्ष 1901 के बाद से पिछले साल ही देश का तीसरा सबसे गर्म अप्रैल, ग्यारहवां सबसे गर्म अगस्त और आठवां सबसे गर्म सितंबर भी देखा गया। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तरपश्चिमी भारत तथा प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है। मौसम ब्यूरो ने कहा कि भारत में अप्रैल में सामान्य बारिश की संभावना है। 1971 से 2020 तक एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में देश में औसतन 39.2 मिलीमीटर बारिश हुई। उसने कहा कि उत्तरपश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना है।



### अल नीनो का प्रभाव बढ़ने की संभावना

**महापात्रा** ने कहा, पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि अप्रैल से जून तक अल नीनो परिस्थितियां हो सकती है। अल नीनो में जुलाई-सितंबर तक बदलाव हो सकता है और बारिश के जरिए अल नीनो का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। अल नीनो, दक्षिण अमेरिका के पास प्रशांत महासागर में पानी का गर्म होना, मानसूनी हवाओं के कमजोर होने और भारत में कम वर्षा से जुड़ा है। देश की वार्षिक वर्षा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मानसून से आता है और शुद्ध बुआई वाले क्षेत्र का 60 प्रतिशत इससे सिंचित होता है। लगभग आधी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के कई हिस्सों में लंबे समय तक मानसून पूर्व बारिश, आंधी, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 30.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 19.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- बीके चौक पर पुरुष विरोध असंवैधानिक कानूनी व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन: दोपहर 2 बजे
- जिला रेडक्रॉस एवं ओम सांई हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर: सुबह 10 बजे
- जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
- जिलेभर के आयुष्मान मित्रों की हड़ताल जारी: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**जरूरतों** के लिए लोग छोटी-मोटी बचत तो कर लेते हैं, लेकिन बचत और निवेश का सही तरीका पता नहीं होने की वजह से वे अमीर नहीं बन पाते। अगर आप निवेश में अनुशासन बनाये रखें तो आप भी करोड़पति बन सकते हैं। इक्विटी म्युचुअल फंड में नियमित निवेश कर लंबी अवधि में अपने वित्तीय लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। म्युचुअल फंड से मिलने वाला रिटर्न हालांकि शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है। लंबी अवधि में एसआईपी के जरिए किया गया निवेश अच्छा रिटर्न देने में कामयाब रहा है।

## यूटीलिटी न्यूज

### 233 रनों से जीता मैच



**फरीदाबाद।** अंडर 12 प्रेक्टिस मैच आरएस क्रिकेट ग्राउंड भूपानी में खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और वीवाईआरसीए यलो के बीच हुआ। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 40 ओवर के इस मैच में पांच विकेट के नुकसान पर 285 रन लिए। जिसमें तनमय ने 90 रन बनाए। देव भडाना ने 58 रन बनाए। वहीं विशेष बहल ने 29 रन बनाए। वहीं वीवाईआरसीए यलो के गेंदबाज सोनित और लक्ष्य ने 1-1 विकेट लिया। वहीं, वीवाईआरसीए यलो के खिलाड़ियों ने 32 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 52 रन ही बनाए। जिसमें सोनित सैनी ने 19 और लक्ष्य ने 10 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज वरदान बहल ने तीन विकेट लिए। वहीं. अभिनव बहल ने दो विकेट लिए। इधर, भानू और कर्तव्य ने 1-1 विकेट लिया। अंत में रावल क्रिकेट अकादमी ने 233 रन जीत लिया। वहीं मैन ऑफ द मैच तनमय को दिया गया।

## क्विक न्यूज

### देसी पिस्तौल सहित शातिर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी वसीम एनआईटी का रहने वाला है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना पर सिटी बल्लभगढ़ एरिया से आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई।

# बेखबर की खबर : जिले का वजीर पर मिट्टी भी सुरक्षित नहीं....दया कुछ तो गड़बड़ है ?




**वरिष्ठ संवाददाता**
**राजेश दास**

**लगता** है अब जिले में माफिया को किसी का भी खौफ नहीं है। पहाड़ और जंगल में सर्वोच्य न्यायालय ने खनन कार्य पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। वहीं यमुनानदी और जमीन में खुदाई कर खनन करने के लिए सरकार की अनुमति लेने का प्रावधान है। लेकिन इसके बावजूद इन दिनों चारों को सिर्फ अवैध खनन की ही चर्चा जोरों पर पहाड़ों में कहीं खनन कर पत्थर चोरी किये जा रहे हैं तो कहीं निर्माण कार्य करने के लिए पहाड़ों को तोड़कर सरेआम समतल किया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद जंगल में निर्माण तो हो ही रहे हैं। साथ ही यमुनानदी में अवैध खनन कर आए दिन रेती चोरी करने के मामले भी सामने आ रहे हैं। अब तो जिले में मिट्टी तक भी सुरक्षित नहीं हैं। जिले भर में रोज बड़े पैमाने पर मिट्टी चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। जबकि यह जिला खनन विभाग के वजीर साहब का है। ऐसा नहीं है कि खनन को लेकर कोई चिंतित नहीं है। खनन को लेकर जिले से लेकर राजधानी में बैठे अधिकारी तक परेशान हैं। खनन रोकने को बैठकों का दौर कर आदेश भी जारी हो रहे हैं। लेकिन यह आदेश धरातल पर आने की बजाए कागजों तक सीमित हैं।



### आखिर बन गई स्मार्ट सीटी

**धनवान** निगम के सिपाहियों की मलाईखोरी को देखते हुए मुखिया जी ने शहर को सुंदर नगरी बनाने के लिए अलग विभाग का गठन किया था। ताकि उनके द्वारा भेजे जाने वाले पूरे पैसे शहर को सुंदर बनाने में ही खर्च किये जा सके। इस विभाग में तैनात किये गए अधिकारियों ने शहर को सुंदर बनाने के लिए अरबों रुपये झौंक दिए। ठीक सड़कों को उखाड़ कर नया बनाया जाने लगा। स्ट्रीट लाइटों के ठीक ठाक खंभों के साथ ही नए खंबे लगा दिये। शहर में चारों तरफ ट्रेफिक सिंग्नल लाइट और कैमरे लगा दिये गए। फिलहाल इनमें काफी संख्यां में खराब हो चुके हैं। अधिकारियों ने शहर को सुंदर बनाने के प्रयास में पूरा पैसा और ताकत झौक दी। अंडरग्राउंड नालों के निर्माण के बाद भी जरा सी बरसात में शहर का बुरा हाल हो जाता है। अधिकारियों द्वारा अंडर ग्राउंड वायरिंग की बात की जा रही थी। हालत यह है कि बरसात आते ही घरों की बत्ती तक गुल हो रही है। शहर स्मार्ट सिटी तो नहीं बना पर सीटी जरूर बन गया।

### आदेशों को मुंह चिड़ाते तम्बू

**प्रदेश** भर में धड़ाधड़ बस रही अवैध बस्तियों को बार बार नियमित करते करते मुखिया जी परेशान हो चुके हैं। इसलिए अब मुखियाजी ने आदेश दिये हैं कि अब कोई नई अवैध बस्ती नहीं बसने दी जाएगी। लेकिन लगता है कि मुखिया जी के आदेशों की किसी को जरा भी परवाह नहीं है। क्योंकि शहर में जगह जगह भूमाफिया सरेआम तम्बू लगाकर कृषि भूमि में प्लॉट काट कर बेच रहे हैं। ऐसे तम्बू शहर भर में कृषि जमीनों के नजदीक कहीं भी देखे जा सकते हैं। तम्बुओं के आसपास बकायदा प्रचार के लिए बड़े बड़े साइन बोर्ड तक लगे हुए हैं। ऐसे नहीं है कि जिले में मौजूद मुखियाजी के सिपाहियों को पता नहीं है। तम्बुओं के नजदीक से रोज गुजरने के बावजूद भी अनेक बड़े सिपाही उन्हें नजर अंदाज करते हुए चुपचाप निकल जाते हैं।

# स्मार्ट सिटी : करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी नहीं सुधरी यातायात व्यवस्था

### कहीं लंबे समय से खराब हैं तो कहीं फिजुल में लगी हैं ट्रेफिक सिग्नल लाइटें

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** की सड़कों को पूरी तरह सुरक्षित बनाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम पर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत करोड़ों रुपये ट्रेफिक सिग्नल लाइटों और सीसीटीवी कैमरों पर खर्च किये गए हैं। इनमें से काफी संख्या में ट्रेफिक सिग्नल लाइटें गलत तरीके से लगाई गई हैं।

लाइटें कहीं काफी पीछे तो कहीं काफी आगे लगाई गई हैं। ऐसे में वाहन चालक लाइटों के आगे खड़े होते हैं। जिससे उनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो जाती है और भारी भरकम चालान उनके घर पहुंच जाता है। लापरवाही से किये गए कामों का खामियाजा आम आदमी को उठाना पड़ रहा है। वहीं रख रखाव के अभाव में अनेक ट्रेफिक सिग्नल लाइटें खराब पड़ी हुई हैं। जिनमें शहर के कई प्रमुख चौराहे भी शामिल हैं।

ऐसे में लोगों को जान जोखिम में डालकर इन चौराहों को पार करना पड़ता है। शहर की कई सड़के टूट जाने से गड्ढे बन चुके हैं। शहर में कहीं सड़क निर्माण तो कहीं अन्य विकास कार्यों के नाम पर सड़कों को बंद किया हुआ है। जिससे पूरे शहर में जाम लगा रहा है। कई बार तो जाम में एम्बुलेंस तक फंस जाती है। सड़कों की दर्दशा के बावजूद चालान के नाम पर आर्थिक बौझ डाल रहे हैं।



सेक्टर 23, 24 के मुख्य रोड पर डेढ़ साल खराब है लाइट।



सोहना रोड पर पत्तों से ढकी खराब ट्रेफिक सिग्नल लाइट।

### व्यर्थ गए करोड़ों रुपये

**स्मार्ट** सिटी परियोजना के तहत प्रशासन ने शहर के चौराहों पर ट्रेफिक सिंग्नल लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने का ठेका एक निजी कंपनी को दिया था। इस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा शहर में धड़ाधड़ ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें लगवानी शुरू कर दी थीं। जहां जरूरत नहीं थी, वहां भी ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें लगवा दी गई हैं। वहीं कई चौराहों पर लाइटों को बेहद गलत तरीके से लगाया गया है। ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें किसी चौराहे पर काफी आगे तो किसी जगह काफी पीछे लगाई गई है। जिससे वाहन चालकों को पता नहीं चल पाता और वे आगे खड़े हो जाते हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न चौराहों पर आए दिन ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें खराब हो जाती हैं। जिन्हें कई कई दिनों तक ठीक नहीं किया जाता। वहीं कई चौराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग भी नियमों के वितरित बनाई गई है। कई चौराहों पर तो जेब्रा क्रॉसिंग बनाने की जरूरत ही महसूस नहीं की गई है। जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी होती है। सरकार के करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद आम आदमी को सुरक्षित सड़क नसीब नहीं हो रही है।

### जरूरी स्थानों पर ध्यान नहीं दिया



सोहना रोड की यह लाइट भी काफी समय से खराब है।

**स्मार्ट** सिटी परियोजना के तहत शहर के चौक चौराहों पर ट्रेफिक सिंग्नल लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने वाली कंपनी ने संबंधित अधिकारियों से भुगतान तो ले लिया। लेकिन इस कंपनी द्वारा किये गए काम की तरफ किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। जहां जरूरत नहीं थी, वहां भी ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें लगवा दी गई हैं। कंपनी की तरफ से एनएच एक स्थित फावड़ा सिंह चौक पर लाइट लगाई गई हैं। जबकि यहां लाइट की कोई जरूरत नहीं थी। इस चौक पर पहले कभी भी जाम की स्थिति नहीं बनी। अब ट्रेफिक सिंग्नल लाइट लगने से यहां अक्सर जाम लगने लगा है। इसी इलाके के नाथी चौक पर हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। लेकिन इसके बावजूद स्मार्ट सिटी द्वारा यहां पर ट्रेफिक सिंग्नल लाइट लगाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की गई। जिससे यहां दिनभर लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसी इलाके के एनएच एक दो चौक, तिकोना पार्क कट और कई अन्य व्यस्त चौराहों पर ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें लगवाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की गई हैं।

### अनेक स्थानों पर लाइटों की जरूरत

**स्मार्ट** सिटी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने सुरक्षा के लिहाज से ट्रेफिक सिंग्नल लाइट और सीसीटीवी कैमरों पर काफी पैसा खर्च किया है। लेकिन ज्यादातर लाइटें एनआईटी, राष्ट्रीय राजमार्ग और सेक्टरों में लगाई गई हैं। इन इलाके के ज्यादातर चौराहों पर पहले से ही ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें और कई स्थानों पर कैमरे भी पहले से ही लगे हुए थे। लेकिन शहर में ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां ट्रेफिक सिंग्नल लाइटों और सीसीटीवी कैमरों को लगाने की बेहद जरूरत थी, वहां इन्हें लगाने की बिल्कुल भी जरूरत महसूस नहीं की गई है। एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र की जवाहर कालोनी की गुरूद्वारा रोड और डबुआ कालोनी की 60 फुट रोड शहर के ज्यादा भीड़ भाड़ वाले बाजारों में शामिल हैं। यहां सुबह और शाम जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। इसी तरह संजय कॉलोनी की 33 फुट, 22 फुट रोड और बल्लभगढ़ की कई सड़कों पर अक्सर भीड़ के कारण जाम लग जाता है। इसके अलावा व्यस्त सड़कों में शामिल बल्लभगढ़ सोहना रोड पर कई चौराहों पर जाम लग जाता है। लेकिन इन स्थानों पर ट्रेफिक सिंग्नल लाइटें लगवाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की गई है।

### खामियां दूर करने की जरूरत



**समाज** सेवी धर्मपाल का कहना है कि यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए सख्ती बरतते हुए चालान काटना भी जरूरी है। लेकिन इसके साथ ही सड़कों को सुरक्षित बनाना भी बेहद जरूरी है। ट्रेफिक सिंग्नल लाइटों की खामियां दूर करने के साथ खराब लाइटों को समय पर ठीक करना चाहिए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए टूट चुकी जर्जर सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की जरूरत है।

# सरकारी स्कूल में यज्ञ कर प्रवेश उत्सव मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय डींग में यज्ञ कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। यज्ञ में विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल ने यज्ञमान की भूमिका निभाते हुए कहा कि आपसी सहयोग से हम विद्यालय को एक नई दिशा देकर पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में चार चांद लगाएंगे।

विद्यालय में आपसी सहयोग से विद्यार्थियों को हर सुविधा उपलब्ध करवाएंगे। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री के मिडिया कार्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, खण्ड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह, बीआरसी मैडम कमल सिंह का विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल, सरपंच जसवीर यादव, जनहित सेवा संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, पंचायत समिति चेयरमैन चन्द्रपाल सिंह ने मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों व अतिथियों ने समर देशवाल व ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ओर समाजसेवीयो के सहयोग, मेहनत व लगन की प्रशंसा कर हौसला-अफजाई की। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को अधिकारियों द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। समर देशवाल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह में पौधें भेंटकर आभार व्यक्त किया। यज्ञकर्ता राधे श्याम ने यज्ञ के लाभों के बारे में विस्तार से बताया ओर अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाने का उपदेश दिया। इस दौरान गांव के सरपंच जयवीर यादव, जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के महासचिव सुभाष गहलोत, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र नम्बरदार, भवीचन्द, रघु शास्त्री, अनिल कुमार, माया शर्मा, निशा रानी, रीटा, सीमा, बबीता अध्यापक, तेजपाल यादव, धर्मवीर यादव, चरण चौहान, प्रीतम गहलौत, रणजीत थानेदार, सुखबीर गहलौत, सुरेन्द्र, नरेश कुमार व स्कूल प्रबंधन समिति, गांव की महिला अभिभावकगण एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



प्रवेश उत्सव पर मौजूद सदस्य।

# ग्रैंड कोलंबस में अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

### आयोजन यादगार बनाने के लिए मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रैंड** कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में अभिविन्यास कार्यक्रम अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने अभिभावकों का भव्य स्वागत करते हुए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र, प्रबंधक निदेशक हार्दिक सोरायण एवं प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा रहे। विद्यालय के सभी अध्यापक भी इस समारोह में शामिल हुए। इस खास दिन के मुख्य अतिथि डॉक्टर शंकर गोयनका रहे जोकि एक प्रेरक वक्ता और शिक्षाविद् हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा जी ने आए हुए सभी अतिथि के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने विद्यालय में आए सभी अतिथियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नन्हें कोलंबियन ही हमारे देश की धरोहर को संभालने वाले हैं।

विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चे ही किसी देश की असली संपत्ति होते हैं। लोग जब वृद्ध अवस्था को प्राप्त होते हैं तो बच्चे ही सभी कामों में हाथ बंटाते हैं। बच्चे कल के युवा बनेंगे। वह कल के वैज्ञानिक, नेता, दार्शनिक, प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर और दूसरे महत्वपूर्ण पर पदों की शोभा बढ़ाएंगे। इस उत्सव को और विशेष और यादगार बनाने के लिए मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नए छात्रों के लिए रखा गया यह कार्यक्रम उनके लिए काफी सूचनाप्रद रहा। अंत में विद्यालय की ओर से नए छात्रों का और उनके अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए हंसी-खुशी कार्यक्रम संपन्न हुआ।




अतिथियों का स्वागत करते विद्यालय के निदेशक।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**मैं मुफ़लिस हूँ न पूछो आप मेरा हाल कैसा हैं**
**कुबेरों के इशारों पर बिछा ये जाल कैसा हैं**
**बड़ी गंभीरता से पूछता हूँ कोई बतलाये**
**जहाँ नफ़रत पनपती हैं वो अमृत-काल कैसा हैं**

# शिक्षा और संस्कार दे रहा विद्यासागर स्कूल : मुक्ता

### विद्यालय में आयोजित हुआ स्कॉलरशिप कार्यक्रम

### 24 विद्यार्थियों को दी 5 लाख की नगद स्कॉलरशिप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुक्ता** अग्रवाल, निदेशक शिक्षा विभाग ने कहा कि देश भर में लगभग 15 लाख राजकीय और प्राइवेट विद्यालय हैं, जिसमें से 11 लाख राजकीय तो चार लाख प्राइवेट विद्यालय हैं। जो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं, लेकिन देखने में आया है कि अधिकतर विद्यालयों में एक से पांच बच्चों को स्कॉलरशिप दी जाती है, लेकिन यहां 24-24 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देना अपने आप में गौरव की बात हैं जो विद्यालय प्रशासन का सराहनीय कदम है। उक्त बातें मुक्ता अग्रवाल ने सेक्टर दो स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव के दौरान कहीं। मुक्ता अग्रवाल ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस विद्यालय में एक और बेहतर बात यह देखने में आई है कि भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी नीति को अगे बढ़ाते हुए छात्राओं के लिए जो नि:शुल्क दाखिला रखा हुआ है उसकी जितनी प्रसंशा की जाएं कम है। इस क्रम में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार उनके ग्रेटर फरीदाबाद घरौड़ा इंटरनेशनल स्कूल में लगभग सात लाख रुपये की स्कालरशिप दी है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सेक्टर दो स्थित विद्यालय में लगभग 24 विद्यार्थियों को चैक के माध्यम से लगभग पांच लाख की स्कॉलरशिप बेहतर प्रदर्शन के लिए दी गई हैं। वहीं, अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल ज्योति ने कहा कि हम अपने विद्यालय में छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए छात्राओं को विद्यालय की स्थापना से ही दाखिला फ्री फीस रखा हुआ है। वही, सेक्टर दो में जिन विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी गई है, उनमें नर्सरी ए से अराध्या, नर्सरी बी से भव्या, जूनियर केजी ए से वर्तिका, जूनियर बी से चिराग, सीनियर केजी ए से खुशबू, सीनियर केजी बी से रजत, फर्स्ट ए से मिशका, फर्स्ट बी से शौरबीं, फर्स्ट सी से खुशहाल, द्वितीय ए से कतवी कौशिक, द्वितीय बी से धैर्या, तृतीय ए से मानशी, तृतीय बी से रिदित चौधरी, चुतुर्थ कक्षा से मयंकवी, चुतर्थ बी से हिमांश कौशिक, पांचवीं ए से लक्ष्य प्रताप, पांचवीं बी से उन्नति कौशिक, छठीं ए से देवांश, छठीं बी से पहल, सातवीं कक्षा से भूमिक गोयल तो आठवीं कक्षा से भव्या वहीं नौवीं क्लास से यशिका को स्कॉलरशिप प्रदान की गई।




दीप प्रवज्जलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि।

# नाराज होकर गई महिला बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सर्वजीत सिंह की टीम ने एक सप्ताह से घर से लापता महिला व तीन बच्चों को सकुशल बरामद करके उसे परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 26 मार्च को सूरजकुंड थाने में गुमशुदगी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें लापता महिला के परिजनों ने बताया कि महिला घरेलू कलह के 24 मार्च को तीन बच्चों को लेकर कहीं चली गई थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम को सूचित किया गया जिसके पश्चात क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों तथा तकनीकी की सहायता से महिला के मेवला महाराजपुर में होने का पता लगाया। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और बच्चों सहित महिला को सकुशल बरामद कर लिया। महिला को उसके परिजनों से मिलवाया गया जहां महिला ने बताया कि उसके परिजन आए दिन उसके साथ झगड़ा करते हैं इसीलिए वह नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस टीम द्वारा महिला को समझाया गया और उसके परिजनों को हिदायत दी गई कि उनके साथ झगड़ा ना करें।

## गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक औरत जिसका नाम दीपा पत्नी विकास निवासी म.न. 53बी तिरखा कालोनी बल्लबगढ़ जिला फरीदाबाद जो अपनी मर्जी से दिनांक 31.03.2023 को समय करीब सायं 04 बजे घर से बगैर बताऐ कही अपनी मर्जी से चली गई है जिसका हुलिया इस प्रकार है- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, कद 5.1 इन्च उम्र 30 साल शरीर पर पीले रंग के सूट सलवार तथा पैरो में सैन्डल पहने हुए हैं। मुकदमा नं. 216 दिनांक 01.04.23 धारा 346 भा0द0स0 थाना अगर इस बारे किसी को सुचना मिले निम्नलिखित फोन नंबर पर सुचित करें। 9891704104.

**प्रबन्धक अफ्सर थाना शहर बल्लभगढ़ मो. न. 9852200132**
**चौकी प्रभारी अग्रसैन चौक बल्लभगढ़ मो. न. 982200170/9468004512**

# बिना संसाधन और सूचना के कैसे मनेगा जननी सुरक्षा माह

**कविता । फरीदाबाद**

### सीएचसी-पीएचसी और पीपीई सेंटर में किसी को नहीं था पता

### पिछले डेढ़ माह से बंद है गर्भावस्था में होने वाली जरूरी थायराइड की जांच

**जननी** सुरक्षा माह के तहत सभी गर्भवती महिलाओं की पूरी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन बीके अस्पताल में थायराईड समेत कई जांचों का सामान पिछले डेढ़ माह से समाप्त है। जिससे गर्भवतियों को परेशानियां हो रही है। शनिवार से शुरू हुए जननी सुरक्षा माह में जांच के दावे पहले ही दिन फेल होते नजर आए।

ज्यादातर अस्पताल और डिस्पेंसरियों के चिकित्सकों और कर्मचारियों समेत लाईनों में लगी गर्भवतियों को जननी सुरक्षा माह की जानकारी नहीं थी। केवल बीके अस्पताल की ओपीडी के चिकित्सकों को पता था। वे ही गर्भवती महिलाओं को इलाज करवाने आने पर ही जागरूक कर



बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी में गर्भवती महिलाओं को जागरूक करतीं डॉ. वीना शर्मा, डॉ. पूनम गौड।

रहे थे। इसके अलावा पूरे जिले में चिकित्सकों, कर्मचारियों, आशा वर्करों और एएनएम को इसकी कोई जानकारी थी। गर्भवतियों को जहां गर्भावस्था के दौरान इंजेक्शन लगाए जाते है, उस पीपीई सेंटर तक में एएनएम और स्टाफ को इसकी जानकारी नहीं थी।

**जागरूकता माह :** जननी सुरक्षा माह में महिलाओं की गर्भावस्था की जांचे की जाएगी। सभी सीएचसी और पीएचसी पर भी अभियान चलेगा। जांच के दौरान गर्भवतियों का फुल बॉडी चेकअप किया जाएगा। विभाग ने दावा किया है कि अगर गर्भवती महिला अस्पताल आने में असमर्थ होगी तो वह कॉल करके एंबुलेंस से जा सकेंगी। लेकिन इस अभियान की शुरुआत में ही न तो स्वास्थ्य कर्मी जागरूक दिखे न ही चिकित्सक और न ही एंबुलेंस कर्मी।

**जांच बंद :** बीके अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाएं अधिकांश डिस्पेंसरियों से रेफर होकर आती हैं। जिसमें उन्हें थायराइड की जांच करवाई जाती है। लेकिन बीके सिविल अस्पताल में थाइराइड की जांच पिछले डेढ़ माह से नहीं हो रही है। इसके अलावा विटामिन बी-12 और विटामिन डी की जांच भी नहीं हो रही है।

**केवल डाटा मांगा :** आशा वर्करों ने इस विषय में बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की लिस्ट देने के लिए कहा है, इसके अलावा उन्हें जननी सुरक्षा माह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। उन्हें केवल इतना बताया गया कि एक अप्रैल से यह माह शुरू हो रहा है। लेकिन उसके लिए क्या करना है, जागरूक कैसे करना है, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# कैसे पढ़ेगा और कैसे बढ़ेगा भारत, जब सरकारी स्कूल के द्वार ही होंगे जलमग्न





सेक्टर-55 स्कूल के बाहर खड़े विद्यार्थी और अभिभावक। स्कूल के बाहर भरा पानी।



एनएच- पांच में मौजूद सरकारी स्कूल के बाहर भरा पानी।

**कविता । फरीदाबाद**

**शहर** भर के स्कूलों में नई कक्षाओं में दाखिले किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिले में मौजूद सरकारी और माडर्न संस्कृति स्कूलों में भी दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसमें हजारों बच्चे दाखिले के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन सरकारी स्कूलों के बाहर बरसाती पानी भरा हुआ देखने को मिल रहा है। जिलेभर में जगह-जगह मौजूद सरकारी तथा मॉडर्न संस्कृति स्कूलों के मुख्य द्वार पर बरसाती पानी भरा हुआ है। वहीं स्कूलों के बाहर बड़े-बड़े गड्ढे बने हैं और पानी एकत्रित होने से विद्यार्थियों सहित स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पहुंच रहे हजारों बच्चे :** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नए सैशन में विद्यार्थियों के दाखिले के लिए पहली कक्षा, छठी, 9वीं एवं 11वीं में लगभग डेढ़ से 200 छात्र छात्राओं के लिए ही सीटें खाली हैं। लेकिन आवेदन कर्ता हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं। इसलिए विद्यालय प्रशासन द्वारा लिखित परीक्षा ली जा रही है।

शनिवार को भी वहां पर हजारों की संख्या में विद्यार्थी और उनके माता-पिता स्कूल के चारों ओर बैठे नजर आए। जिसमें छठी एवं नवमी कक्षा के लिए तीन चरणों में लिखित परीक्षा ली गई। हरियाणा जैसे विकसित राज्य के स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में हजारों विद्यार्थी सरकारी स्कूलों से प्रवेश लेने से वंचित रह जाएंगे। जिसका फायदा उठाते हुए प्राइवेट स्कूलों द्वारा इनका आर्थिक रूप से शोषण किया जाएगा। सभी को शिक्षा का अधिकार जो संविधान में दिया हुआ है, वह केवल ढकोसला मात्र साबित हो रहा है। सरकार ने अभी तक पर्याप्त संख्या में ना तो भवनों का निर्माण करवाया है और ना ही पढ़ाने के लिए शिक्षकों की भर्ती की है।

**हर जगह गेट पर पानी:** जिले के ज्यादातर सरकारी स्कूलों के बाहर गेट पर पानी भरा हुआ देखा जा सकता है। स्कूलों तक पहुंचने वाला रास्ता ऐसा है कि यहां स्कूल पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। क्योंकि स्कूल के बाहर गड्ढे भी देखने को मिल रहे है।

## क्रमिक भूख हड़ताल रही जारी दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन



काले झंडे व उल्टी झाड़ू हाथों में लेकर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए।

**फरीदाबाद।** सरकार की वादाखिलाफी व अफसरशाही के खिलाफ नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों ने छटवें दिन भी की क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। लगातार दूसरे भी काले झंडे व उल्टी झाडू हाथों में लेकर बीके चौक से नीलम चौक तक आक्रोश प्रदर्शन भी किया।

संघ ने चेतवनी दी है कि यदि सरकार ने चार अप्रैल तक मांगों के पत्र जारी नहीं किए तो हम उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। साथ ही कहा कि पालिका, परिषद, नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सरकार के पत्र के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, एलटीसी देने तेल साबुन देने, एसीपी का लाभ देने, 1327 फायर मैनो व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने नए पद सृजित कर पक्की भर्ती करने हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने विभिन्न प्रकार के ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, समान काम समान वेतन देने आदि मांगों को करें लागू करें। अन्यथा संघ 4 अप्रैल के बाद राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर हड़ताल का ऐलान करेगा। इस दौरान कर्मी नेता मनोज शर्मा, देवी चरण शर्मा, शहाबुद्दीन, प्रेमपाल, प्रदीप चावरिया, शिवकुमार, राहुल चंडालिया, राकेश, दर्शन सोया, शक्ति सिंह, श्रीपाल मौर्य, देवेंद्र मंझावली, देवा, प्रेमपाल, रघुवीर, सुदेश कुमार, सुरेश मेलादा, जिला महिला कन्वीनर सुरेश देवी तथा सत्तो देवी, ज्ञानवती, माया, कमलेश, शकुंतला आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय विद्यालय तिगांव में मनाया प्रवेश उत्सव



**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नये प्रवेश लेने आई छात्र-छात्राओं का प्राचार्या अंजू मदान, मिडल हेड रेनू वालिया एवं हेड टीचर सुधीर ने तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रिंसीपल अंजू मदान ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के बच्चें पढ़ने आते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सभी कक्षाएं स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई जाती हैं। इसके अलावा शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के नवीन व आधुनिक साधनों के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। विद्यालय का वार्षिक परिणाम भी हमेशा अच्छा ही आता है। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला तिगांव के अध्यापक सुधीर ने बताया कि प्राईमरी विंग की सभी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड, संपर्क टीवी तथा मनोरंजक टीएलएम साधनों की मदद से शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में सह-शिक्षा योजना लागू है तथा अंग्रेंजी माध्यम से शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में खेल का मैदान, स्वच्छ पीने का पानी, आधुनिक शौचालय, सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन आदि अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रवेश उत्सव के अवसर पर संजय कुमार, मनोज नागर, सुदेश कुमारी, योगराज, कविता शर्मा, अर्चना पंवार, सविता कटारिया, सरिता सैनी, कुसुम, महेन्द्र सिंह आदि शिक्षकगण मौजूद थे।

### भगवान विष्णु पौंडानाथ मंगलकारी हैं : बबली



**फरीदाबाद।** कामदा एकादशी के उपलक्ष्य में शेषशाई मन्दिर गांव शेषशाई होडल जिला पलवल हरियाणा-उत्तर प्रदेश से लगता हुआ हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर भगवान विष्णु पौंडानाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां के पुजारियों द्वारा मान सम्मान किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने भी उन्हें भगवान परशुराम जी का पटका चालीसा भेंट कर सम्मान किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा बहुत मंगलकारी है एकादशी.व्रत के दिन दर्शन करने से भक्त की मनोकामना पूर्ण हो जाती है यहां बताया गया कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त ब्राह्मण बुजुर्ग हो गए वो बद्री विशाल जाने मे असमर्थ थे तो उन्होने भगवान विष्णु की स्तुति की तो भगवान प्रकट हो गए उस भक्त ब्राह्मण ने कहा प्रभु अब इतनी दूर आने की मेरी सामर्थ नही है, जो यहां आकर आपके दर्शन कर सकें। तब भगवान विष्णु ने उनसे कहा जिस जगह स्वत गाय के दूध की धार निकले उस जगह को खुदवाना मै वहीं पर शेष नाग शैया पर आपको लेटा मिलुंगा मेरे दर्शन कर वहीं पर स्थापित कर देना ऐसा ही हुआ इन्ही का दूसरा नाम ही पौंडानाथ है जो स्थानीय भक्तो ने रखा राजा बल्लू भी भगवान पौंडानाथ के अनन्य भक्त थे यहां बहुत सुन्दर नक्काशीदार चित्रण है जिनमे सभी तीर्थ व 33 कोटीश देवताओं का वर्णन है सुन्दर सरोवर हैं। तेजपाल शर्मा, रामराज शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, उमाशंकर, लक्ष्मण द्वारा सुन्दर भण्डारे की व्यवस्था की सभी ने भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### कोरोना के 19 नए मामले आए सामने, 85 एक्टिव केस

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को भी 19 नए संक्रमित मरीज सामने आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 85 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि नौ मरीज पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। जिसमें अस्पताल में भर्ती दो मरीज भी शामिल हैं। वहीं जिले में 85 एक्टिव केसो में एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं 84 मरीज होम आईसोलेशन में हैं। पिछले 24 घंटे में 274 लोगों के सैम्पल जांच किए गए। अभी फिलहाल 106 सैंपलों की रिपोर्ट आनी शेष है। कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या का आंकड़ा बदलते मौसम के कारण है। जिससे मरीज लगातार बढ़ रहे है।

### न्यूनतम वेतन 26 हजार करने की मांग को लेकर बैठक



**फरीदाबाद।** बेरोजगारों को रोजगार देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आवास की गारंटी देने, के साथ-साथ 4 लेबर कोड्स रद्द करने सहित सार्वजनिक क्षेत्र के निजी करण और ठेका प्रथा पर रोक लगाने की मांग को लेकर आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली मजदूर किसान संघर्ष रैली में मौजपुर गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह निर्णय शनिवार को मौजपुर गांव बल्लभगढ़ तहसील में सम्पन्न हुई मीटिंग में लिया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान महेंद्र सिंह ने की जबकि संचालन राजु उपप्रधान ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने केंद्र और राज्य सरकार पर महंगाई गरीबी और बेरोजगारी को बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेहनतकश जनता सड़कों पर आकर संघर्ष कर रही है। लेकिन सरकार आम लोगों की ज्वलंत समस्याओं की अनदेखी कर रही है। खाद्य पदार्थों, जीवन रक्षक दवाइयों, की कीमतों में लगातार बढ़ रही है। बेरोजगारी नहीं रुक रही रही है। सरकारें सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण कर रही हैं। हमारी राष्ट्रीय संपत्ति को निजी कॉरपोरेट्स को सौंपने का काम तेजी से किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, परिवहन ,बैंक, बीमा, एलआईसी, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई मार्गों का निजीकरण करके ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि स्वीकृत पदों को समाप्त किया जा सके ।

### चार कौशल विकास केंद्र की मिली मंजूरी



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने चार कौशल विकास केंद्र खोलने को हरी झंडी दे दी है। बजट में की गई घोषणा के मुताबिक इनके लिए 14 करोड़ 91 लाख रुपये स्वीकृत कर दिए गए हैं। यह कौशल विकास केंद्र एचएसआईआईडीसी और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय मिल कर चलाएंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने इसे कौशल विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने बजटीय भाषण में इन चार कौशल विकास केंद्रों की घोषणा की थी। इनमें से एक केंद्र दुधौला स्थिति श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय परिसर में खुलेगा, जबकि दूसरा केंद्र फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन परिसर में खोला जाएगा। एक-एक कौशल विकास केंद्र आईई कुंडली और आईएमटी फरीदाबाद में स्थापित किया जाएगा। यह सभी केंद्र श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि कौशल विकास विकास के क्षेत्र में यह हरियाणा सरकार की बड़ी पहल है। इन कैशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा। यह कोर्स पूरी तरह से रोजगारपरक होंगे। इसके लिए चारों क्षेत्रों में अध्ययन किया जाएगा, ताकि सटीक आंकलन किया जा सके कि इंडस्ट्री को किन जॉब रोल में कुशल मानवीय संसाधनों की आवश्यकता है। इसके लिए इंडस्ट्री के साथ तालमेल करके उनका परामर्श भी लिया जाएगा। कुलपति राज नेहरू ने बताया कि इन कौशल विकास केंद्रों में तीन महीने, छह महीने और एक वर्ष तक के शॉर्ट टर्म डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करवाए जाएंगे। एचएसआईआईडीसी के साथ समन्वय बना कर शीघ्र ही इन चारों कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

## ऑटिज्म एक मानसिक विकार है: डॉ. दत्ता

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**हर** साल दो अप्रैल को 'विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक्स विभाग के एचओडी एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संजीव दत्ता ने बताया कि ऑटिज्म एक मानसिक विकार है जो बच्चे के मानसिक विकास में बाधा डालता है। इस रोग से पीड़ित बच्चा बाहरी दुनिया से अनजान अपनी ही मानसिक दुनिया बनाकर रखता है और उसी में खोया रहता है।

बाहरी दुनिया के साथ संपर्क (सोशल कम्युनिकेशन) करने में उसे काफी समस्या होती है। किसी एक खास वस्तु के साथ ही खेलता रहता है और उसी के साथ व्यस्त रहता है। बच्चा किसी एक ही एक्टिविटी को बार-बार करता रहता है। बच्चे द्वारा बहुत ज्यादा खुश होना, गुस्सा करना, अन्य लोगों के साथ आंखों में आंखे डालकर बात करने से घबराना, बहुत अधिक बेचैन होना, बहुत अधिक निष्क्रिय होना या फिर बहुत अधिक सक्रिय होना, अकेले रहना अधिक पसंद करना, बच्चों के साथ एक ग्रुप में बैठकर नहीं खेलना, घर में भी अपना एक अलग माहौल बनाकर रहना, किसी के भी साथ बातचीत न करना आदि ऑटिज्म रोग के लक्षण हैं। आमतौर पर एक साल की उम्र के बाद ही बच्चों में ऑटिज्म का पता लगना शुरू हो जाता है। ओपीडी में महीने में 2-3 बच्चे इस मानसिक विकार के देखने को मिलते हैं। ऐसे ज्यादातर बच्चों में बोलने में तकलीफ होना और सामाजिक स्तर पर कम्युनिकेशन की कमी की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। इस रोग के कारण बच्चे के सम्पूर्ण विकास (मानसिक, शारीरिक, शिक्षण) पर प्रभाव पड़ता है।



डॉ. संजीव दत्ता।

## आईपीएल में जेड ब्लैक बना टीम का 'ऑफिशियल प्रेयर पार्टनर'

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**मध्य** प्रदेश स्थित मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख अगरबत्ती ब्रांड जेड ब्लैक ने आईपीएल 2023 संस्करण के लिए दिल्ली कैपिटल्स के साथ 'ऑफिशियल प्रेयर पार्टनर' के रूप में साझेदारी की है। दिल्ली कैपिटल्स के साथ इस साझेदारी से जेड ब्लैक लोकप्रिय टी-20 लीग टीम के साथ जुड़ने वाला पहला अगरबत्ती ब्रांड एवं मध्य प्रदेश का पहला एफएमसीजी ब्रांड भी बन गया है।

कंपनी ने ब्रांड टैगलाइन 'प्रार्थना होगी स्वीकार' की भावना पर आधारित, दिल की धड़कने बढ़ाने वाला, रोमांचकारी ऐन्थम तैयार किया है जिसमें आम जनता, मिलेनियल्स को आकर्षित करने के लिए इतनी ऊर्जा, सकारात्मकता एवं स्वैग है। एक ऐसा स्वैग जो किसी व्यक्ति को सफलता के लिए अपने जीवन का सर्वोत्तम प्रयत्न करने के साथ-साथ आपको दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने से नहीं रोक पायेगा। जल्द दिखाए जाने वाले ऐन्थम में दिखेंगे दिल्ली कैपिटल्स टीम के तीन स्टार खिलाड़ी पृथ्वी शॉ, इशांत शर्मा और मनीष पांडे। मैच के समय और दिल्ली कैपिटल्स की यूनिफार्म के ट्रेनिंग ट्राउजर पर जेड ब्लैक का लोगो प्रमुखता से दिखाई देगा। इसके अतिरिक्त, साझेदारी में ब्रांड द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चलायी जा रही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विशेष हस्ताक्षरित टीम मर्चेंडाइज और स्मृति चिह्नों का दिया जाना सम्मिलित होगा। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए,



मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस और ज़ड ब्लैक के पार्टनर और डायरेक्टर, अंकित अग्रवाल, ने कहा, भारत में क्रिकेट एक जुनून है और टी-20 लीग दुनिया भर के प्रशंसकों के बीच सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित खेल आयोजनों में से एक है। हमारा मानना है कि जेड ब्लैक दिल्ली कैपिटल्स के साथ अच्छी तरह मेल खाता है क्योंकि दोनों ब्रांड भारत को एक साथ ला रहे हैं।

जैसे यह टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों को उत्तेजक मनोरंजन प्रदान करता है, वैसे ही ज़ेड ब्लैक दुनिया भर में अगरबत्ती, धूप, धूप स्टिक्स, धूप कोन आदि जैसी आवश्यक पूजा सामग्रियों की विशाल श्रृंखला के माध्यम से प्रार्थना करता है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस और जेड ब्लैक के पार्टनर और डायरेक्टर, अंशुल अग्रवाल कहते हैं कि दिल्ली कैपिटल्स के आधिकारिक प्रार्थना पार्टनर के रूप में जेंड ब्लैक के आईपीएल में कदम रखने के साथ हमें लगता है कि यह लाखों लोगों के दिलों में प्रार्थना की शक्ति का प्रसार करने के सबसे अच्छे माध्यमों में से एक है।

## सर्वोदय सम्राट टीम की आंधी में उड़ी टीम एसएपीएल

**फरीदाबाद।** सर्वोदय सम्राट टीम की जबरदस्त गेंदबाजी के सामने टीम एसएपीएल औंधे मुंह गिर पड़ी और 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा कर 67 पर ही सिमट गई। टॉस जीत पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम सर्वोदय सम्राट के समय मौसम ने करवट लेते हुए तेज हवाओं और हल्की बूंदाबांदी के साथ उनका स्वागत किया, परन्तु फिर भी राहुल जोशी की तूफानी 40 रनों की पारी की बदौलत 17 ओवर की समाप्ति पर टीम 127 रन का लक्ष्य रखने में कामयाब हो पायी। दूसरी पारी के शुरुवात टीम एसएपीएल के लिए अच्छी नही रही और पहले ओवर में ही नरेश नागर की बॉलिंग के आगे वो अपनी दो विकेट खो चुके थे। अगले ओवर में कुछ कारनामे की उम्मीद भी उनकी विफल रही और दीपक कौशिश की तूफानी गेंदबाजी के आगे उनके दो प्लेयर्स धाराशाही हो गए। सर्वोदय सम्राट टीम की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे पूरी एसएपीएल टीम लड़खड़ी हुई नजर आयी और मात्र 67 के स्कोर पर आते आते पूरी टीम आउट हो गयी।

## मानव रचना अलुम्नाई की पुस्तक उत्कृष्ट का किया अनावरण

### पुस्तक में मानव रचना के अलुम्नाई की 26 कहानियां हैं

**प्रवीन शर्मा । फरीदाबाद**



आइकॉन्स ऑफ मानव रचना 2023 का अनावरण करते हुए।

**राकेश** ओमप्रकाश मेहरा, भारतीय फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक की विनम्र उपस्थिति में उत्कृष्ट-आइकॉन्स ऑफ मानव रचना 2023 का अनावरण किया गया। यह पुस्तक मानव रचना अलुम्नाई की 26 परिवर्तनकारी कहानियों का वर्णन करती है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में पुस्तक का अनावरण डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, एमआरईआई और मानव रचना के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, छात्र, शिक्षक और सम्मानित पूर्व छात्रों के परिवार की उपस्थिति में किया। पुस्तक विमोचन का क्षण जोश से भरा हुआ था। उत्साह की कभी न खत्म होने वाली लहरों के साथ, ऑडिटोरियम अनावरण के दौरान तालियों से गूंज उठा। समारोह के दौरान मानव रचना और उनके योद्धा दस्ते के गौरवान्वित पूर्व छात्र राहुल यादव द्वारा एक शानदार कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया। गौर करने की बात है कि मानव रचना अलुम्नाई द्वारा शुरू किया गया वॉरियर स्क्वॉड इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन नौ की प्रसिद्धि रही है और अमेरिकाज गॉट टैलेंट सीजन 18 में परफॉर्म करने के लिए पूरी तरह तैयार है। डॉ. प्रशांत भल्ला ने साझा किया कि कैसे मानव रचना के अलुम्नाई अपने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 26 वर्षों में, मानव रचना ने अपने छात्रों में प्रमुख मूल्यों और उद्योग से संबंधित कौशल विकसित करना कभी बंद नहीं किया। अपने अलुम्नाई को मानव रचना के ध्वजवाहक के रूप में देखते हुए, मैं इस बात पर गर्व किए बिना नहीं रह सकता कि आपने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कितनी लगन से काम किया है। डॉ. गौरी भसीन ने साझा किया, उत्कृष्ट के माध्यम से, हम अपने अलुम्नाई की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से न केवल समुदाय को महान लाभांश दिया है, बल्कि दुनिया भर में मानव रचना की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाया है।

## हरियाणा में पर्ची और खर्ची का सिस्टम हुआ बंद

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बागपुर गांव के कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चौमुखी विकास कार्य हुए हैं और चले हुए हैं। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिलती हैं। वहीं, हरियाणा में पर्ची और खर्ची का सिस्टम बंद हुआ है। उन्होंने कहा की हरियाणा के परिवहन विभाग में अब बसों की कोई कमी नही है। जिन भी रूट पर बसे नहीं है वहां पर बसे चलाई जाएगी। इसके अलावा हरियाणा में जल्द ही 375 इलेक्ट्रिक बसों को भी परिवहन बेड़ा में शामिल किया जाएगा। कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पलवल के विधायक दीपक मंगला, पृथला के विधायक नयनपाल रावत के भाई यशपाल रावत, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया आदि थे।

## शिव विवाह का प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**सेक्टर** 77 जलविहार सोसाइटी में चल रही कथा के दूसरे दिन महाराज ने शिव विवाह का प्रसंग एवं परीक्षित को श्राप लगने का प्रसंग सुनाया। काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से पधारे हुए आचार्य सर्वेश पांडे महाराज ने कथा के दौरान शिव विवाह का बड़ा सुंदर प्रवचन किया। किस तरह भगवान शिव इस समस्त ब्रह्मांड में व्यापक पदार्थों का सदुपयोग किया जाता है।

भगवान शिव के सोच से इस दुनिया में कोई भी वस्तु निरर्थक नहीं है सब की सार्थकता है। सभी वस्तु एक दूसरे की पूरक हैं और सभी जीव एक दूसरे के दुश्मन हैं। इसीलिए प्रकृति का संतुलन बना रहता है। भगवान शिव की पूजा पूरे परिवार के साथ होती है। शिव परिवार में गजानन भगवान का व्यवहार संस्कार वाहन अलग है। गौरी मां का सब कुछ अलग है कार्तिकेय का सब अलग है



भगवान शिव का वेशभूषा सब अलग है फिर भी एक दूसरे के साथ आनंद पूर्वक रहते हैं। इस प्रसंग से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम सदैव समस्त जीवो को समान व्यवहार से देखें। जिस प्रकार गणेश जी का वाहन चूहा है। भगवान शिव के गले में सांप है। सांप के सामने चूहा नहीं आता। परस्पर एक दूसरे के दुश्मन हैं। कार्तिकेय का वाहन मोर है। मोर की सांप से दुश्मनी है। मां पार्वती की सवारी शेर है। भगवान शिव बैल पर चलते हैं। सब एक दूसरे के दुश्मन है। कामदा एकादशी के अवसर पर महाराज ने यह संदेश दिया। आपसी सामंजस्य बैठाकर प्रेम पूर्वक इस संसार में जीवन गुजारे तभी परम सुख का अनुभव होगा।

# बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए जल्द शुरू होगा डेडिकेटिड काउंटर

## सुविधा मेदांता व फोर्टिस अस्पताल में भी दी जाएगी

### कुल बेड संख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा बीपीएल परिवारों के लिए आरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के दो और नामी अस्पतालों में जल्द ही बीपीएल परिवारों को भी इलाज की सुविधा मिलेगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से रियायती दरों पर जमीन प्राप्त करने वाले अस्पतालों को सरकार की योजना के अनुसार इन परिवारों को इलाज मुहैया करवाना होगा। इस कड़ी में मेदांता और फोर्टिस अस्पताल का नाम भी जुड़ गया है। इन दोनों अस्पतालों में बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए


गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए डेडिकेटिड काउंटर शुरू करने के लिए मुआयना करते डीसी निशांत कुमार यादव।

डेडिकेटिड काउंटर शुरू किया जाएगा। आर्टिमिस अस्पताल ने पहले ही इस तरह की व्यवस्था शुरू कर दी है।

शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने मेदांता द मेडिसिटी, फोर्टिस व आर्टिमिस अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने तीनों अस्पतालों बीपीएल परिवारों के इलाज से संबंधित सरकार की गाइडलाइंस का हवाला देते हुए प्रबंधन से जरूरी विषयों पर चर्चा की। आर्टिमिस अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बीपीएल परिवारों के इलाज से संबंधित विषयों की व्यवस्था के लिए ही स्थान पर निपटाने के लिए विशेष काउंटर बनाया गया है। इस काउंटर पर हरियाणा सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे और पात्र व्यक्तियों के इलाज प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने काउंटर का कार्य समझा और प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसी तरह मेदांता द मेडिसिटी और फोर्टिस अस्पताल प्रबंधन को भी डीसी ने इसी तरह का काउंटर शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों अस्पताल अपने यहां कुल बेड संख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए आरक्षित रखें। डीसी ने अस्पताल प्रबंधन से कहा यदि कोई बीपीएल मरीज उपलब्ध नहीं है तो गरीबों के लिए आरक्षित बेड पर सामान्य मरीज को दाखिल किया जा सकता है, लेकिन जैसे ही बीपीएल या ईडब्ल्यूएस श्रेणी का कोई मरीज आएगा तो वह बेड खाली करवाना पड़ेगा।

# स्कूली बच्चों को बोधराज सीकरी ने दिया शिक्षा, संस्कार का उपहार


गुरुग्राम के आंबेडकर नगर स्थित नीलकंठ पाठशाला में बच्चों को सम्मानित करते समाजसेवी बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** समाजसेवी बोधराज सीकरी ने अंबेडकर नगर स्थित नीलकंठ पाठशाला मुफ्त शिक्षा केंद्र पहुंचकर बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का उपहार दिया। उनके आह्वान पर बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही प्रतिदिन स्कूल के प्रारम्भ और समापन के समय दो बार हनुमान चालीसा का पाठ करने का वायदा भी किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बोधराज सीकरी बच्चों की प्रतिभा के कायल हो गए। स्कूल की संयोजिका डॉक्टर वीना अरोड़ा ने मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी ने बच्चों को कॉपियां आवंटित की। उन्होंने सभी 100 बच्चों को स्कूल की एक ही यूनिफॉर्म होने का सुझाव भी दिया। साथ ही घोषणा की कि दो-दो ड्रेस प्रति छात्र वे अपने खर्च पर बच्चों को देंगे। बोधराज सीकरी ने कहा कि इस स्कूल में अत्यंत गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। बच्चों में देशप्रेम की उमंग और राष्ट्र के प्रति सम्मान गीतों के माध्यम से देखा तो उन्होंने बच्चों की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वास्तव में बच्चे प्रतिभाशाली हैं। वे अभाव में पढ़ रहे हैं, लेकिन प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सीकरी ने डॉक्टर वीना की प्रशंसा की और कहा कि वे एक अच्छे राष्ट्र निर्माण की नींव डाल रही हैं। बच्चे सनातन वैदिक पद्यति को ग्रहण कर रहे हैं। डॉक्टर वीना अरोरा निःस्वार्थ भाव से अपने अन्य साथियों के साथ बेहतर शिक्षा असहाय बच्चों को दे रही हैं। शशि बजाज और आशा रानी का नाम अग्रणी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध हालत में लापता पति की पत्नी ने कराई शिकायत दर्ज

**सोहना।** सोहना ढाणी से मजदूरी पर गया 30 वर्षीय मजदूर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। पति के घर वापस न लौटने पर पत्नी ने शहर थाना सोहना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति के लापता होने की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरु कर दी है। मूलरुप से मध्यप्रदेश निवासी महिला सोनिया ने बताया कि वह अपने पति व सास-ससुर के साथ सोहना ढाणी में रहती है। उसका पति 28 मार्च को रोजाना की तरफसे घर से काम पर गया था। लेकिन वह 72 घंटा बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटा। जिसकी अपने स्तर पर तलाश करने में सफ्लता न मिलने पर शिकायत दर्ज कराई है।

### शहर में फिर हुई इको चोरी, चोरों का बढ़ता आतंक

**सोहना।** शहर में इको चोरी करने वाले चोरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। बीते चार दिन में शहर से तीन अलग-अलग स्थानों से तीन इको चोरी हो गई। शहर में बाइक-स्कूटी चोरी जहां आम बात हो चली है। वहीं अब बड़े वाहना चोरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ने लगा है। विशेष रुप से इको गाड़ी चोरी की वारदात अधिक बढ़ने लगी है। बीते चार दिन में तीन इको चोरी हो गई। गुरुवार की रात को वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी निवासी रामबीर की इको रात के समय में घर के बाहर से चोरी हो गई। रामबीर ने बताया कि गुरुवार की रात को उसने रोजाना की तरफसे अपनी इको को खड़ा किया था। शुक्रवार की सुबह 4 बजे उठा जो इको मौके से गायब थी। जिसे रात के समय में चोरी कर ले गए। इससे पहले शहर के ही वार्ड-7 त्रिपत कॉलोनी में सोमवार की रात को घर के बाहर खड़ी इको रात के समय में चोरी हो गई। बुधवार को दिन दहाड़े गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी की अनाज मंडी परिसर में से चोरी हो गई। गढ़ीबाजीदपुर निवसी अपनी इको को मंडी परिसर में खड़ा करने के बाद बाजार में सामान खरीदने के लिए चला गया था। जब वह वापस अपनी इको के पास मंडी में आया तो वह उसे नहीं मिली।

### वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस-डे पर आज होगी राहगीरी

**गुरुग्राम।** विश्व आत्म केंद्रित जागरूकता दिवस (वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस-डे) के अवसर पर जिला प्रशासन की पहल पर राहगीरी फाउंडेशन द्वारा दो अप्रैल रविवार की सुबह 7 बजे गैलेरिया मार्केट रोड पर क्रॉस पॉइंट मॉल के पास राहगीरी का आयोजन होगा। राहगीरी कार्यक्रम की थीम सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित और समावेशी बनाना रहेगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने जिलावासियों से राहगीरी में भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम में ऑटिस्टिक व्यक्तियों के लिए भी समावेशी सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराना और उनके अधिकारों का समर्थन भी किया जाएगा। राहगीरी में जिला प्रशासन के साथ-साथ गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए), नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) व पुलिस की भी विशेष साझेदारी रहेगी। वहीं राहगीरी फाउंडेशन, सस्टेनेबल मोबिलिटी नेटवर्क और नागरो इस आयोजन के नॉलेज पार्टनर हैं। इस इवेंट के लिए बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव को जिला प्रशासन की ओर से समन्वय के लिए नोडल अधिकारी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राहगीरी के दौरान गैलेरिया रोड को व्हीकल फ्री रखा जाएगा। साथ ही योगा, जुंबा, खेल-कूद से जुड़े इवेंट, संगीत, डांस का लाइव डेमो और अन्य गतिविधियां भी आयोजित होंगी।

### सफलता पाने के लिए अपने जुनून को खोजें महिलाएं



**गुरुग्राम।** नवज्योति इंडिया फाउंडेशन ने डेफसिस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दमदमा स्थित एक रिसोर्ट में दीक्षांत समारोह एवं सौवेनीर रिलीज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. किरण बेदी ने सभी उद्यमियों को कहा कि सफलता पाने के लिए अपने जुनून को खोजें, अपने बाजार को जानें, अपने वित्त को प्राप्त करें। उस उद्यम में आगे बढ़ने के लिए त्याग करना होगा। एक सलाहकार खोजें और अपने व्यवसाय को अच्छे से जानकर उसकी योजना बनायें। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, संगीत के कार्यक्रम हुए। उद्यमियों को उनके बेहतर प्रदर्शन पर ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए एवं सलाहकारों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। नवज्योति इण्डिया फाउंडेशन के 2023 के सौवीनेर का लांच किया गया। इस अवसर पर नवज्योति कि एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उजाला बेदी चौधरी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। अपने अनुभवों को सांझा करते हुए गांव घामड़ोज की कुसुम ने कहा कि नवज्योति में प्रोजेक्ट नवज्योति-डेफसिस इन्क्यूबेशन उद्यमिता विकास केंद्र (नाइस) से ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के पास फूड कोर्ट लगाया। वहां से आर्थिक रूप से मजबूती मिली है। अपने घर की आर्थिक मदद भी कर पा रही हैं। गांव रायसीना के जगदीश ने बताया कि प्रोजेक्ट नाइस से जुड़ने के बाद उन्हें एक नवीन तकनीक का पता चला अब वे मिट्टी के फिल्टर बनाएंगे और उसके माध्यम से साफ पानी पहुंचाएंगे। ग्रामीण प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक नवज्योति की चांदनी बेदी ने कहा कि सोहना ब्लॉक के 150 से भी अधिक महिलाओं और पुरुषों के जीवन में बदलाव आया है। हमने इच्छुक महिलाओं, पुरुषों और किशोरों का एक समूह बनाया जो, विभिन्न उद्यमों में आगे बढ़ना चाहते थे। सुरक्षित पेयजल को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी के फिल्टर हो या खाना पकाने का कार्य सभी में उद्यमियों ने आगे आने का जोश दिखाया।

# अपराध से बचाने के लिए चलाया जागरुकता अभियान


शनिवार भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव रिठौज में पुलिस द्वारा साईकिल रैली निकालते हुए ग्रामीणों को अपराध से दूर रहने का संदेश दिया।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### बहलपा, सहजावास और रिठौज में साईकिल रैली निकालते हुए नशा से दूर रहने का संदेश दिया

**गुरुग्राम** पुलिस ने भोंडसी थाना के गांव रिठौज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करते हुए साईकिल रैली निकाली। रैली का उद्देश्य आम जनता को महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर अपराध, यातायात के नियमों के संबंध में तथा नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करना था।

शनिवार को गुरुग्राम पुलिस ने भोंडसी थाना क्षेत्र के गांवों में साईकिल रैली का आयोजन करते हुए ग्रामीणों को नशा की लत से दूर रहने का संदेश दिया। जिसके लिए गांवों में निकाली गई रैली को गांव बहलपा के राजकीय स्कूल से शुरु करते हुए सहजावास होते हुए राजकीय विद्यालय, गांव रिठौज के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में समाप्त किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस उपायुक्त सुरिंद्र कौर और महिला थाना प्रभारी सेक्टर - 51, गुरुग्राम निरीक्षक सुमन ने ग्रामीण वासियों को महिला सशक्तिकरण और समाज में बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाने की अपील की तथा ग्रामीण वासियों को महिला विरुद्ध अपराध, छेड़खानी,बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा के विषय में जानकारी दी। किसी भी महिलाओं को अपराध का शिकार होने पर तुरंत दुर्गा शक्ति हेल्पलाइन या पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने तथा ग्रामीण वासियों को अपने बच्चों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। ट्रैफिक्र पुलिस से एएसआई राजेश ने ग्रामीण वासियों को यातायात नियमों के प्रति जागृत करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करें ताकि गुरुग्राम शहर में सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम यातायात पुलिस ने ग्रामीण वासियो से सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग की अपील की। उप-निरीक्षक कपिल ने विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयों तथा उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अगर कोई भी प्रतिबंधित नशीली दवाओं का उपयोग करता है या उनका व्यापार करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। पीएसआई दीपक ने साईबर अपराध के विषय में ग्रामीण वासियों को जागरूक किया।

# गुरुग्राम पुलिस ने निकाली हौसला बुलंद साइकिल रैली

### यातायात नियमों साइबर व महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति किया जागरुक

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** पुलिस ने महिला सशक्तिकरण के विषय में आमजन को जागरूक करने के लिए साईकिल रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य आम जनता को महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर अपराध, यातायात के नियमों के संबंध में तथा नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करना था।

साईकिल रैली राजकीय विद्यालय गांव बहल्पा, गुरुग्राम से शुरू होकर गांव सहजावास होते हुए राजकीय विद्यालय, गांव रिठोज, गुरुग्राम में पहुंची। सरकारी विद्यालय गांव रिठोज में सहायक पुलिस उपायुक्त सुरिंद्र कौर और महिला थाना


गुरुग्राम में यातायात, साइबर व महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरुकता के लिए हौसला बुलंद साइकिल रैली निकालतीं महिला पुलिसकर्मी।

प्रभारी सेक्टर-51 निरीक्षक सुमन ने ग्रामीण वासियों को महिला सशक्तिकरण और समाज में बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाने की अपील की तथा ग्रामीण वासियों को महिला विरुद्ध अपराध, छेड़खानी, बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा के विषय में जानकारी दी। किसी भी महिलाओं को अपराध का शिकार होने पर तुरंत दुर्गा शक्ति हेल्पलाइन या पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने तथा ग्रामीण वासियों को अपने बच्चों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

इस कार्यक्रम में ट्रैफिक एएसआई राजेश ने ग्रामीण वासियों को यातायात नियमों के प्रति जागृत करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करें, ताकि गुरुग्राम शहर में सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम यातायात पुलिस ने ग्रामीण वासियों से सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग की अपील की। सहायक उप-निरीक्षक कपिल ने विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयों तथा उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अगर कोई भी प्रतिबंधित नशीली दवाओं का उपयोग करता है या उनका व्यापार करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

पीएसआई दीपक ने साईबर अपराध के विषय में ग्रामीणों से कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन या व्हाट्सएप मैसेज के द्वारा आए अनजान ब्लू लिंक पर क्लिक ना करें तथा किसी से भी अपनी बैंक से संबंधित निजी जानकारी साझा ना करें। एसएचओ थाना भोंडसी ने भी ग्रामीणों को नशे से दूरी रखने तथा पुलिस व आमजन के बीच समन्वय बनाए रखने की अपील की।

# जुनून-ए-समाजसेवा: अजय ने चंदा जुटाकर शुरू की एम्बुलेंस सेवा

### गुड़गांव विकास मंच, ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन से जोड़े शहर के लोग

### हर समय कोई ना कोई सेवा कार्य करने की रहती है सोच

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अगर** आप समाज में कोई विशेष काम करना चाहते हैं तो यह जरूरी नहीं कि आपके पास बहुत बड़ा बैंक बैलेंस हो। इसके लिए आपके भीतर ऐसी सोच और जुनून होना जरूरी है। फिर चाहे आप गरीब हों या मध्यमवर्गीय, जो सोचते हैं वो करते चले जाएंगे। हम आपको एक ऐसे ही शख्स से रूबरू करा रहे हैं।

नाम है अजय शर्मा। काम है श्रीमाता शीतला मंदिर में व्यवस्थाएं देखना। श्रद्धालुओं का सहयोग करना। मंदिर में ड्यूटी के बीच वे समाज में सेवा के क्षेत्र में भी कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। आज से नहीं कई वर्ष से वे समाजसेवा के लिए जुटे हैं। शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता, पुलिस, राजनीति, होनहार विद्यार्थियों समेत लगभग हर क्षेत्र से


एम्बुलेंस के साथ अजय शर्मा।

निःस्वार्थ सेवा, काम के प्रति निष्ठा एवं ईमानदार लोगों को वे अपनी संस्थाओं गुड़गांव विकास मंच व ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से सम्मान देते हैं। वे इस औपचारिकता में नहीं पड़ते कि किसी व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए महंगे उपहार दें। किसी को महंगा कोई अन्य आइटम दें। सम्मान स्वरूप वे स्मृति चिन्ह देने के साथ अच्छे लेखकों की पुस्तकें भी उपहार और पुरस्कार के रूप में देते हैं। बात करें एम्बुलेंस सेवा की। इस पर अजय शर्मा कहते हैं कि उनके जहन में आया कि क्यों न गरीबों, जरूरतमंदों के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू की जाए। अक्सर बहुत से बीमार लोगों का सुविधाओं के अभाव में समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण निधन हो जाता है। ऐसे लोगों की सेवार्थ ही उन्होंने एम्बुलेंस सेवा शुरू की। एम्बुलेंस खरीदने के लिए धन की भारी कमी थी। अपनी सोच को मूर्त रूप देने के लिए अजय शर्मा ने एम्बुलेंस खरीदने के लिए धन जुटाया शुरू कर दिया। किसी ने 100 रुपये तो किसी 1000 या इससे अधिक रुपये देने शुरू किए। यानी पाई-पाई जोड़कर उन्होंने सभी मेडिकल सुविधाओं से सुज्जित एम्बुलेंस खरीदकर जनता की सेवा में समर्पित की। सभी सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस 8.75 लाख रुपये में मिली है।

### सेवा के साथ कोरोना वॉरियर को दिया सम्मान

**लॉकडाउन** में गरीबों, जरूरतमंदों को राशन पहुंचाने के साथ कोरोना वॉरियर को सम्मान देकर वे हौंसला बढ़ाते रहे। कोरोना के बाद भी उनकी सेवा यात्रा थमी नहीं है। अस्थायी सेवाओं के साथ उन्होंने राजीव नगर ईस्ट में स्थायी रूप से भगवान परशुराम परामर्श केंद्र की शुरुआत की। वहां रोजाना काफी लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। बकायदा वहां पर मेडिकल बेड व अन्य जांच सुविधाएं दी जा रही हैं।

# ब्याज माफी योजना के आखिरी दिन 153 उपभोक्ताओं ने निगम को जमा कराए 23 लाख

### बिजली निगम ने योजना के लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को आखिरी दिन पौने पांच लाख की छूट दी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना के आखिरी दिन 153 उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया। आखिरी दिन निगम को करीब 23 लाख रुपये बकाया बिल पर ब्याज समेत राशि प्राप्त हुई। जिसमें निगम ने माफी योजना के तहत उपभोक्ताओ का 4 लाख 75 हजार रुपये का ब्याज किया। बिजली निगम ने 15 से 31 मार्च के बीच में उपभोक्ताओं पर बकाया बिल पर ब्याज माफकरने की योजना लागू की थी।

इस योजना के आखिरी दिन निगम के एसडीओ कार्यालय में उपभोक्ताओं की भारी भीड़ रही। ब्याज माफी का आखिरी दिन होने के कारण निगम अधिकारियों ने अधिक


सोहना में स्थित बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में ब्याज माफी योजना के आखिरी दिन बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं की लगी भीड़।

से अधिक उपभोक्ताओ को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सायं 7 बजे तक कार्यालय को खोलकर रखा। जिससे निगम को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से बिल की बकाया राशि की वसूली हो सके और उपभोक्ताओं को ब्याज माफी का लाभ मिल सके। जिसका उपभोक्ताओं ने लाभ लेते हुए 153 ने अपना बकाया बिल का भुगतान किया। निगम को योजना के आखिरी दिन करीब 23 लाख रुपये का वसूली हुई। जिस पर उपभोक्ताओं का 4 लाख 75 हजार रुपये का ब्याज माफ किया गया। निगम के स्थानीय एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि उपभोक्ताओं में जागरुकता देर से आती है। जबकि निगम की तरफ से बिल बकायादार उपभोक्ताओं को निजी स्तर पर फोन करके योजना का लाभ उठाने के लिए कहा जाता था। एक दिन में 550 से 600 उपभोक्ताओं को बकाया बिल की राशि जमा करने और ब्याज माफी का फायदा उठाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा था।

# सोहना घाटी में फलों से भरा ट्रॉला गहरी खाई में गिरा

**सोहना।** सोहना घाटी में उतरते समय फ्लों से भरा ट्राला ब्रेक फेल होने पर टूटी सुरक्षा दीवार के स्थान से करीब 20 फुट गहरी खाई में जा गिरा। चालक व कंडैक्टर ने ट्राला खाई में गिरने से पहले कूदकर अपनी जान बचाने में सफ्ल रहे।

शनिवार की सुबह करीब 4 बजे तावडू की तरफ से तीन ट्राला आगे पीछे एक साथ घाटी से उतर रहे थे। सभी ट्राला चीकू से भरे हुए थे। जिन्हे गुजरात से लाया गया और दिल्ली लेकर जा रहे थे। सबसे आगे चल रहा ट्राला के बीच घाटी में ब्रेक पाइप का मुख्य पाइप अधिक दबाव के कारण फ्ट गया। जिससे ट्राला के ब्रेक व क्लीच पेडल जाम हो गए। ट्राला बेकाबू होता हुआ घाटी से लगता आबादी क्षेत्र के साथ टूटी सुरक्षा दीवार वाले स्थान रुका। इस दौरान सामने गहरी खाई को देख ट्राला का चालक व कंडैक्टर अपनी-अपनी तरफ की खिड़कियों से कूद गए। देखते-देखते ट्राला घाटी के साथ पत्थरों की बनी ढहलान पर फीसलता हुआ खाई में जा गिरा। प्रत्यक्ष दर्शी व


सोहना घाटी में उतरते समय फलों से लदा ट्रॉला गहरी खाई में जा गिरा।

स्थानीय निवासी गणेश ने बताया कि ट्राला मालिक व चालक खंड तावडू जिला नूंह का गांव भूतलाका के निवासी था। यदि ट्राला तेज गति में होता और उसके सीधा खाई में गिरने से जान लेवा हादसा हो सकता था। ट्राला में 30 से 40 फीसदी नुकसान हुआ है। जिसकी सूचना ट्राला मालिक और दिल्ली निवासी फ्ल व्यापारी को दी गई। व्यापारी दिल्ली से अपने साथ अन्य गाड़ी और मजदूरों को लेकर हादसे से करीब 4 घंटा बाद मौके पर पहुंचा। खाई में गिरा ट्राला भरी चीकू की पेटियों को सुरक्षित बाहर निकाला और अन्य दो गाड़ियों में भरकर दिल्ली ले गए।

# हुनर से रोजगार चलाने वाले को सिखाने वाला बनें : किरण बेदी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नवज्योति** इंडिया फ्उंडेशन की संस्थापक किरण बेदी ने कहा कि हुनर के बिना रोजगार प्राप्त नहीं होता। लेकिन रोजकार प्राप्त करने के साथ-साथ दूसरों को सिखाने वाला बनना भी बहुत जरुरी होता है। जिससे अपने साथ-साथ सामने वाले को भी रोजगार देने वाला बनने की कला हर किसी में नहीं होती।

शनिवार दी गेट वे रिसोर्ट दमदमा के प्रांगण में नवज्योति इंडिया फ्उंडेशन ने डेफ्सिस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दीक्षांत समारोह एवं सौवेनीर रिलीज़ के कार्यक्रम का आयोजन किया। डेफ्सिस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की तरफसे अजय मार सिंह चन्देले, आरपी कश्यप, पियर स्मेडगार्ड, समर भार्गव, रजनेश खुराना और शिवा गंजू उपस्तिथ थे। घामड़ोज की कुसुम ने बोला कि यहाँ नवज्योति में प्रोजेक्ट नवज्योति - डेफिसस इन्क्यूबेशन उद्यमिता


दमदमा स्थित दी गेट वे रिसोर्ट होटल में नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक किरण बेदी हुनर सिखने के बाद रोजगार चलाने वाली महिला व पुरुषों के साथ।

विकास केंद्र (नाइस) से ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के पास फूड कार्ट लगा कर अपने पैरो पर खड़ी हुई और अपने घर की आर्थिक मदद भी कर पा रही है।

उसी प्रकार गांव रायसीना के जगदीश ने बताया कि प्रोजेक्ट नाइस से जुड़ने के बाद उन्हें एक नवीन तकनीक का पता चला अब वे मिटटी के फ़िल्टर बनाएंगे और उसके माध्यम से साफ़ पानी पहुंचाएंगे । नवज्योति की तरफ से सुश्री चाँदनी बेदी - निदेशक, ग्रामीण प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान ने सभी को इस प्रोजेक्ट से अवगत कराया कि किस प्रकार डेफिसस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड कि मदद से प्रोजेक्ट नवज्योति - डेफिसस इन्क्यूबेशन उद्यमिता विकास केंद्र (नाइस) के द्वारा सोहना ब्लॉक के 150 से भी अधिक महिलाओं और पुरुषों के जीवन मे बदलाव आया है। हमने इच्छुक महिलाओं, पुरुषों और किशोरों का एक समूह बनाया जो विभिन्न उद्यमों में आगे बढ़ना चाहते थे।

# खराब हुई फसलों का मुआयना करने खेतों में पहुंचे आफताब, मुआवजे की रखी मांग

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**कांग्रेस** विधायक दल उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने बेमौसम बारिश के कारण खराब हुई फसलों का निरीक्षण करने के लिए शनिवार को उजीना, इण्डरी, हिलालपुर, राऊका, उदाका, भिरावटी, खानपुर, रायपुरी, अडबर, जयसिंहपुर, नौशेरा, घासेड़ा, हिरमथला, रेवासन, बडेलाकी, बारोटा आदि गाँवों में स्थानीय किसानों संग पहुंचे।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है, गेंहू में ज्यादा नुकसान है और सरसों की फसल भी प्रभावित हुई है। किसानों को भारी नुकसान हुआ है इसकी भरपाई के लिए सरकार पहले विशेष गिरदावरी कराए फिर सरकार को 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए। पहले का मुआवजा भी अभी लंबित है ऐसे में किसानों पर दोहरी मार पड रही है, जहां एक तरफ प्रकृति तो दूसरी तरफ सरकार भी किसानों की सुध नहीं ले रही है। कुछ दिनों पहले भी भारी ओलावृष्टि, तेज हवाओं व बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ था और अब लगातार बारिश से नुकसान ज्यादा बढ गया है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है, खराब हुई फ़सल की ना सही तरीके से और ना सही समय पर गिरदावरी होती और ना ही किसानों को मुआवजा दिया जाता, अगर गिरदावरी होती भी है तो फसल नुकसान को कम करके दर्शाया जाता है और मेवात के किसानों से तो सरकार जैसे सौतेला व्यवहार ही करती है। मेवात जिले के किसानों के पूर्व के मुआवज़े भी लंबित है और जो मिले हैं उनके लिए सदन में काफी आवाज उठानी पड़ती है। बीते दो साल में बेमौसम बारिश ने फसलों को नुकसान अधिक पहुंचाया है लेकिन प्रदेश सरकार उचित मुआवजा देने में विफल साबित हुई है। विधायक आफताब अहमद ने सरकार के पोर्टल पर भी निशाना साधते हुए कहा कहा कि कई जगह ना पोर्टल चल रहा है और ना टोल फ्री नंबर काम कर रहा है। किसानों को नुकसान की जानकारी अपलोड करने में दिक्कत पेश आ रही है। क्योंकि एक तरफ मौसम तो दूसरी तरफ सरकारी अनदेखी किसानों के लिए घातक साबित हो रही है।

कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। सरकारी खरीद शुरू होने के साथ आवक और बढ़ेगी। इसलिए सरकार को मंडियों में फसल खरीद से लेकर उसके रखरखाव, उठान, बारदाना, तिरपाल समेत तमाम व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करनी चाहिए। ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो। खराब मौसम के कारण फसल खरीद प्रभावित ना हो इसके लिए सरकार उपयुक्त कदम उठाए। बता दें कि एक अप्रैल से गेंहू फसल खरीद शुरू होनी थी लेकिन मेवात में कहीं भी खरीद शुरू नहीं हो सकी है। सरसों की खरीद भी नहीं हो पाई है। इस पर विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार सो रही है और किसानों की परेशानियों को बढा रही है। इस दौरान नूंह विधायक के साथ दर्जनों किसान व गांवों के जिम्मेदार लोग मौजूद थे।

# कंपनी में ठेका दिलाने के नाम पर व्यापारी से ठगे 7 लाख 75 हजार रुपये

**तावडू।** उपमंडल के गांव झामुवास निवासी एक व्यापारी से शातिर बदमाश द्वारा कंपनी में ठेका दिलाने का झांसा देकर 7 लाख 75 हजार रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। शातिर द्वारा ठगी की यह रकम पीड़ित से बारकोड, गूगल पे आदि के माध्यम से अलग-अलग बार विभिन्न खातों में ऑनलाइन तरीके से ली गई पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झामुवास निवासी पंकज यादव ने बताया कि बीते साल 20 मार्च को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप काल आया।कॉल करने वाले व्यक्ति ने जिसने अपना नाम विक्रांत यादव बताते हुए बावल की एक निजी कंपनी की बात का जिक्र करते हुए ठेका दिलाने की बात कही।बातचीत हुई तो कॉल करने वाले व्यक्ति को फर्म का नाम और पूरा विवरण व्हाट्सएप कर दिया।अगले दिन दोबारा उसी तरीके से फोन कर बताया गया की कंपनी में फर्म पंजीकरण करा दिया गया है। पंजीकरण कराने, मैनपावर और निदेशक आदि को एडवांस देने की बात कही। जिसके लिए, उन्होंने बारकोड सहित अलग-अलग यूपीआई आईडी और मोबाइल नंबर साझा किए।जिन पर अलग-अलग समय में भुगतान किया गया।पीड़ित ने बताया कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने जैसे-जैसे भुगतान करने के लिए कहा वह 10 दिनों तक उपरोक्त तरीके से भुगतान करते रहे।

### केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

इस तरह उन्होंने कुल 775000 रुपए की रकम का कुल भुगतान किया।लेकिन कंपनी में कोई काम नहीं मिला।पंकज ने कॉल कर एतराज जताया तो शातिर उन्हें झांसा देता रहा।रकम लौटाने की भी कई बार गुहार लगाई लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो पुलिस में शिकायत दी।यह मामला बीते साल मार्च-अप्रैल का बताया गया है।शुक्रवार शाम सदर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉडल संस्कृति विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव



**तावडू।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय अध्यापकों द्वारा दूसरे विद्यालय से आए नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड़ ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अप्रैल से 20 अप्रैल तक सरकारी विद्यालयों में विशेष नामांकन अभियान प्रवेश उत्सव के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसके अंर्तगत विद्यार्थियों के अभिवावकों को स्कूल अध्यापकों द्वारा जागरुक किया जाएगा ताकि सरकारी विद्यालय में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का दाखिला हो सके। प्रचार्या ने कहा कि सरकार नई नई तकनीकों के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है इसके अंतर्गत विद्यालय में लैंग्वेज लेब, डिजिटल बोर्ड, आर्ट एंड क्राफ्ट,साइंस, कंप्यूटर, टैब इत्यादि के माध्यम से अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।जो सभी सुविधाएं विद्यालय में मौजूद हैं। उन्होंने नगर सहित क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों का सरकारी विद्यालय में अवश्य कराएं। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस इस अवसर पर सतीश कुमार, पवन मार, ज्ञानसिंह, करतार सिंह, उमेश, अजेन्द्र, रमा कान्त, नवीन, सचिन अराधना, रतन सिंह आदि अध्यापक, अध्यापिकाएं व विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रमजान पवित्र माह में हम सभी को बुरे कामों से तौबा करनी चाहिए



**नूंह।** रमजान का महीना हमें प्यार, त्याग, भलाई व भाईचारे का संदेश भी देता है। रमजान का महीना अल्लाहताला की इबादत व बुराइयों को छोड़ने का महीना है। इस माह से अल्लाह का नूर बरसाता है। रमजान सिखाता है कि लोगों से मोहब्बत करें। एक दूसरे के सुख-दुख मे शरीक हों और किसी से झगड़ा व गलत बात ना करें। रमजान माह में हम सभी को बुरे कामों से तौबा करनी चाहिए। अगर इस माह में कोई भी बुरे काम करता है तो अल्लाह का उस पर कहर गिरता है। इस महीने में गरीबों व बेसहारा की हर मुसलमान को मदद करनी चाहिए। रमजान में रोजेदारों को गर्मी के कारण थोड़ी दिक्कत आती है, लेकिन रोजा रखने के बाद एक बेहतर अनुभव होता है। रमजान के पाक महीने में हमें क्षेत्र में अमन व शांति की दुआ मांगनी चाहिए। देश में अमन-शांति होगी तभी हम और हमारा मुल्क उन्नत होगा। पूर्व मंत्री व पूर्व डिप्टी स्पीकर, जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद मोहम्मद का कहना है कि रमजान के महीने को खुदा की इबादत का महीना कहते हैं। इस महीने के दौरान जो रोजा रखता है, उसे सत्तर गुणा खुदा की इबादत का लाभ मिलता है। रमजान के मुताबिक निर्धारित समय में कुछ न खाना और न ही कुछ पीना होता है। इससे स्वास्थ्य के ऊपर अच्छा प्रभाव पड़ता है। रमजान के महीने में सबको इन बातों से सबक लेना चाहिए। रमजान के माह में हमें एक दूसरे की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान दूसरे लोगों की सेवा करनी चाहिए।

### खेत से सरसों चोरी

**तावडू।** उपमंडल के डिंगरहेडी गांव में एक किसान के खेत से सरसों चोरी होने का मामला सामने आया है।पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिंगरहेडी निवासी मोहन लाल ने बताया कि बीते 28 मार्च को उन्होंने खेत से सरसों निकाल कर सुखाने के लिए डाली थी। 29-30 मार्च की रात अज्ञात बदमाश खेत से लगभग 45 मन सरसों चोरी कर ले गए। अपने स्तर पर खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।पीड़ित के बयान पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कॉलेज गई युवती लापता, केस दर्ज


**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कला से भिवाड़ी कॉलेज गई एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है।पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खोरी कलां निवासी सूरज कुमार ने बताया कि 22 वर्षीय बहन 30 मार्च को सुबह भिवाड़ी में स्थित बाबा मोहन राम कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी,लेकिन वह अब तक घर से नहीं लौटी। उन्होंने बताया कि बहन का हाल ही में रिश्ता तय किया गया था जिससे वह खुश नहीं थी।पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामकथा से पूर्व महिलाओं द्वारा निकाली गई कलशयात्रा



**फिरोजपुर झिरका।** श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर चोपड़ा बाजार भैरू मंदिर के प्रांगण में संगीतमय रामकथा का आयोजन 1 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल तक बड़े धूमधाम के साथ शुरू किया जा रहा है। संगीतमय श्रीराम कथा से पूर्व शनिवार प्रातः नौ बजे गढ़ अंदर सीताराम मंदिर से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें शहर की धर्म प्रेमी महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कलश यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान भैरू मंदिर पहुंची। इस अवसर पर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया। जोकि बैंड बाजे के सुर मधुर भजनों पर खूब नाचे गाए। वहीं इस भव्य कार्यक्रम का प्रबंधन भैरू मंदिर विकास समिति के सदस्यों ने संभाले रखा। इससे धार्मिक कार्यक्रम के शुभ अवसर पर शहर के मुख्य बाजारों से रंग बिरंगी झंडियों एवं तोरण द्वारों से सजाया। इसके उपरांत दोपहर 2ः00 बजे से लेकर शाम 6ः00 बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन बाल व्यास पंडित राजेश उपाध्याय ने अपने मुखारविंद द्वारा नारद मोह का वर्णन किया। भगवान श्रीराम की भक्ति में ओतप्रोत सभी धर्म प्रेमी महिला और पुरुषों ने संगीत में राम कथा का आनंद उठाया। इस मौके पर एडवोकेट सर्वेश सिंघल, विकास गुप्ता, राधे श्याम खंडेलवाल, ज्ञान चंद गोयल, मनोहर लाल, मोनू सर्राफ सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

### मुख्यध्यापिका का विदाई समारोह



**नूंह।** राजकीय मॉडल संस्कृति खानपुर घाटी नगीना में मुख्याध्यापिका के पद पर कार्यरत सुश्री अनवरी शिक्षा विभाग में अपनी 28 वर्षों की बेहतरीन सेवा के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत हो गई। उनकी यादों को बनाए रखने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बहुत से विद्यालयों के शिक्षक और समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अब्दुल रहमान रहे। रहमान ने अपने भाषण में अनवरी को एक बहुत ही सौम्या स्वभाव का और सुलझा हुआ इंसान बताया। उन्होंने कहा कि अनवरी ने अपने जीवन में विभिन्न पदों पर रहते हुए प्रत्येक कार्य को सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। इनके कार्यकाल में विद्यालय ने बहुत सी स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन किया।

# छोटूराम चौक पर दो करोड़ रुपये की लागत से डलेगी सीवर लाइन



गुरुग्राम छोटूराम चौक पर सीवर लाइन के निर्माण कार्य के शुभारंभ पर विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते लोग।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को छोटू राम चौक पर सीवर लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। यह सीवर लाइन करीब दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगी। यह लाइन डलने के बाद क्षेत्र के हजारों लोगों को सहूलियत होगी। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शहर के हर क्षेत्र में जरूरतों के हिसाब से विकास के कार्यों को पूरा किया जा रहा है। पुरानी सीवर, पानी की लाइनों को बदला जा रहा है। हर क्षेत्र में इस तरह के कार्यों को लगातार किया जा रहा है।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा है कि अपने क्षेत्र में सड़कों, नालों और अन्य सुविधाओं का समय-समय पर निरीक्षण करें। आम जनता की राय भी लें, ताकि वहां पर मूलभूत सुविधाओं को जनता की मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं को बेहतर रखें। नालियों, नालों, सीवरेज में घर का कूड़ा करकट ना डालें। अक्सर नाले गंदगी के कारण ब्लॉक हो जाते हैं और बरसात के मौसम में जलभराव हो जाता है। बरसात के पानी को निकलने का अगर रास्ता नहीं मिलेगा तो जलभराव होना स्वाभाविक है। विधायक सुधीर सिंगला ने अधिकारियों से कहा कि नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दें।

इन दिनों बरसात चल रही है। ऐसे में नालों की सफाई करवाकर बरसाती पानी को निकलने का रास्ता साफ करें। साथ ही खुले स्थानों पर इकट्ठे होने वाले बरसाती पानी को सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को भी सही रखें। कार्यक्रम में विधायक के साथ मंडल अध्यक्ष प्रियव्रत कटारिया, नितिन शांडिल्य, परमिंदर कटारिया, सुरेश प्रधान, बलविंदर, राजपाल भड़ाना, सतीश गौतम, अजीत भारद्वाज, भगत कटारिया, आरपी चौहान, अनिल अत्री, सुरेंद्र सांगवान, खेमचंद शर्मा, आरपी शर्मा, मुकेश तिवारी, अशोक, जुगल रैना व अन्य गणमान्य लोगों के साथ एमसीजी के एक्सईएन मनोज कुमार, एसडीओ संयोग शर्मा भी मौजूद रहे।

# शहर एवं गांवों में पुलिस टीम ने किया पैदल मार्च



**फिरोजपुर झिरका।** नूंह जिला के पुलिस कप्तान वरुण सिंगला के आदेश अनुसार जिले में अपराधों की रोकथाम करने एवं अपराधियों पर कड़ी नजर रखकर उनकी धरपकड़ करने के लिए शनिवार सुबह 11ः00 बजे फिरोजपुर झिरका पुलिस ने कस्बों के साथ-साथ गावों में पैदल गश्त शरू कर दी है । गांव में पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ कुछ पुलिसकर्मी सादा कपड़ों में तथा गुप्तचर विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे । गांव में पुलिस को पैदल देख कर लोग अचंभित हो गए । पुलिस की टीमों को पैदल गश्त करते हुए देखकर अपराधी किस्म के लोग इधर उधर भाग गए।

बता दें शनिवार 1 अप्रैल 2023 की सुबह को अचानक डीएसपी सतीश वत्स एवं थाना प्रभारी दयानंद अपनी टीम के साथ फिरोजपुर झिरका कस्बा में पैदल गश्त पर निकले। उन्होंने फिरोजपुर झिरका में दिल्ली-अलवर नेशनल हाईवे, महावीर मार्ग, अंबेडकर चौक, लालकुआं चौक, मुख्य बाजार, गढ़ अंदर, सिविल लाइंस, आर्य समाज रोड़ पर पैदल गश्त की। थाना प्रभारी को पुलिसकर्मियों के साथ पैदल गश्त करते देखकर शहर के लोग चौंक गए। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने किसी भी दुकानदार या शहरवासी से बात नहीं की। लेकिन शहर के लोग कहने लगे अचानक पुलिस पैदल गश्त कैसे कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एसपी नूंह वरुण सिंगला ने जिला के सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों, पुलिस चौकी सिटी प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के कस्बों एवं गावों में निरंतर गश्त करें। ताकि गोहत्या, गोतस्करी, अपराधों को रोकने के साथ-साथ अपराधियों की धरपकड़ की जा सके। वहीं सतीश वत्स, डीएसपी, फिरोजपुर झिरका ने बताया कि नूंह जिला में गोहत्या, गोतस्करी, अपराधों को रोकने एवं अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए नूंह जिला के कस्बों एवं गावों में पैदल गश्त कर रही है। कस्बों एवं गावों में पुलिस की पैदल गश्त निरंतर जारी रहेगी।

# गर्भपात की किट बेचते हुए डॉक्टर रंगे हाथ गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर में एक डाक्टर को गर्भपात की किट बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है। छापा मारने वाली सिविल सर्जन की टीम ने उनके पास से 1100 रुपये भी बरामद किए हैं। पीएनडीटी एक्ट में डाक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बादशाहपुर से गांव टीकली की तरफ जाने वाले रोड पर राज लक्ष्मी क्लीनिक के संचालक डाक्टर द्वारा गर्भपात की किट बेचने की शिकायत सीएमओ डा. विरेंद्र यादव को मिली थी। उन्होंने इस मामले में कार्यवाही करते हुए एक टीम का गठन किया। टीम में उन्होंने चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश, पीएचसी पटेल नगर से डा. चित्रा को शामिल किया। घटनाक्रम इस तरह से हुआ कि बोगस ग्राहक बनाकर एक महिला को राज लक्ष्मी क्लीनिक पर भेजा गया।

# ग्राम पंचायत कोटला में आज भी अनपढ़ कर रहे हैं राजनीति

**नूंह** । प्रदेश का एकमात्र पिछड़ा जिला मेवात मेवात का सबसे पिछड़ा गांव कोटला देश की आजादी से लेकर आज तक इस गांव में कोई डीसी रेट का चपरासी तक नहीं लगा है बड़ी हैरान की बात है क्योंकि यह गांव का पालन पोषण पहले गाय का पालन बकरियों का पालन हुआ करता था उस समय गांव की जमीन मैं पानी भरवा करता था लेकिन लगभग 50 साल से गांव में फसल होने लगी है और गांव के लोगों ने गाय पालन बकरी पालन का काम बिल्कुल कम कर दिया है आपको बता दें कि गांव आज भी 90त्न अशिक्षित है।

# हरियाणा रेडक्रॉस के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल की मेहनत ला रही है रंग

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### प्रदेशभर में ईमानदारी के साथ रेडक्रॉस कर रहा है बेहतर कार्य

**हरियाणा** रेडक्रॉस शाखा के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल की मेहनत रंग ला रही है। हरियाणा रेड क्रॉस में दिन-प्रतिदिन ईमानदारी के साथ कार्य किए जा रहे हैं। जब से डॉ मुकेश अग्रवाल की महासचिव के पद पर नियुक्ति हुई है तभी से हरियाणा रेडक्रॉस में कुछ अलग दिखाई दे रहा है।

हरियाणा रेडक्रॉस के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल एक निस्वार्थ रेडक्रॉस में बिना भेदभाव के कार्य दिन प्रतिदिन कर रहा है। आपको बता दें कि रेडक्रॉस के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए बेहतर कार्य होते हैं उनकी हर समस्या को सुना जाता है इतना ही नहीं बल्कि उनका समाधान भी करवाया जाता है। कुल मिलाकर डॉ मुकेश अग्रवाल रेडक्रॉस के अंतर्गत लगे भ्रष्टाचार कर्मचारियों पर भी पूरी तरह लगाम लगा रहा है इतना ही नहीं उन पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई भी कर रहे हैं अभी हाल ही में उन्होंने मेवात से एक सचिव का तबादला कर बेहतर कार्य किया। सचिव के तबादले से मेवात के दिव्यांगों में बेहद खुशी है क्योंकि वह दिव्यांग जनों के नाम पर कलंक अधिकारी था।

उस रेडक्रॉस सचिव का दिव्यांगजनों के प्रति अच्छा रवैया नहीं था। हरियाणा रेडक्रॉस के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल ने मेवात जिले को एक ईमानदार रेडक्रॉस सचिव को कार्यभार दिया है। 1 मार्च को सचिव ने अपना कार्यभार संभाला लिया था। इसी माह में उन्होंने दिव्यांग जनों के लिए कैंप का आयोजन कराया और इसी माह में उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए समान वितरण भी करवा दिया है।

# अपनी ही प्रॉपर्टी आईडी को ठीक कराने के लिए लोगों के छूटे पसीने

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

### बीते कुछ माह पहले गुजरात की एक प्राइवेट कंपनी से करवाया गया था शहर की संपत्ति का सर्वे



नगर पालिका कार्यालय फिरोजपुर झिरका।


**बीते** कुछ माह पूर्व शहर में संपत्तियों को आनलाइन करने तथा उन्हें नगर पालिका की हद में लाने के लिए एक सर्वे गुजरात की निजी कंपनी द्वारा सरकार के दिशा नर्देश पर किया गया । सर्वे के दौरान काफी अनियमिताएं बरती गई। सर्वे में शहर में पुरानी जद्दी जायजात के मालिकों को ही उनकी संपत्ति से बेदखल कर दिया गया। शहर के मिट्ठनलाल शर्मा, सुनील तायल, महेश कुमार, हसीन अहमद, हकीम इलियास, जाकिर हुसैन, ओम प्रकाश तरुण सहित दर्जन भर संपत्तियों के मालिकों का आरोप है।

आरोप है कि संपत्तियों की प्रापर्टी आइडी बनाने वाली कंपनी ने आधा अधूरा काम किया है शहर के लोगों को अपनी ही जमीन से बेदखल कर किसी और को मालिक बना दिया है यही नहीं कुछ मालिकों ने इसका फायदा उठाते हुए प्रॉपर्टी आईडी के माध्यम से तहसील कार्यालय से मकानों को रजिस्ट्री भी कर दी गई है। जिसका खामियाजा शहर के लोग भुगत रहे हैं। बता दें कि फिरोजपुर झिरका में संपत्तियों को आनलाइन करने का कार्य एक प्राइवेट एजेंसी द्वारा करवाया गया । एजेंसी ने पूरे शहर का सर्वे तो किया लेकिन दुकानों में रहने वाले किरायेदारों के नाम भी दुकानों पर चढ़ा दिया। अब दुकानों के मालिकों और शहर में मंदिरों की दुकान पर काबिज किरायेदारों के नाम सर्वे लिस्ट में आने से बाद मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा ऑनलाइन शिकायत लगवाने के नाम पर भारी नियम और शर्तें लगाकर मालिकों को परेशान किया जा रहा है जबकि नगर पालिका में उक्त स्थान और उक्त दुकानों का पहले भी नगरपालिका में रजिस्ट्रेशन है और नगर पालिका द्वारा लंबे समय से हाउस टैक्स, फायर टैक्स अन्य प्रकार के सभी डेवलपमेंट चार्ज लिए जा चुके है।

फिर भी उन्हीं दुकानों और मकानों के प्रॉपर्टी आईडी को ठीक करने के लिए मालिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के लिए कोई खास प्रबंध नहीं किया जा रहा है । बुजुर्ग और परेशान लोगों को धक्के खिलाये जा रहे हैं। जबकि प्रदेश सरकार ऑनलाइन कर सभी को राहत देने का काम कर रही है लेकिन यहां प्रॉपर्टी आईडी में ऑनलाइन के नाम पर लोगों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है ।

> “ **फिरोजपुर** झिरका शहर में प्रॉपर्टी आईडी में आ रही खामियों को दूर करने के लिए विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। अगर लोगों को परेशानी आ रही है, तो सोमवार को विभाग के सचिव, पालिका अभियंता, कनिष्ठ अभियंता से बात कर लोगों की समस्या का समाधान कराया जाएगा।
>
> **डॉ. चिनार चहल**
> **एसडीएम, फिरोजपुर झिरका**

# सरकारी स्कूलों से पढ़कर निकले छात्रों ने बढ़ाया है देश का मान



गांव सिकंदरपुर घोसी के राजकीय मिडिल स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते एसीपी विकास कौशिक।

**गुरुग्राम।** गांव सिकंदरपुर घोसी के राजकीय मिडिल स्कूल में गंगानिया फाउंडेशन और सिकंदरपुर सुधार समिति द्वारा प्रवेश परवेश उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसीपी डीएलएफ विकास कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अध्यापिका सरस्वती देवी, सरपंच छतर सिंह, राव गजराज सिंह, प्रमिल खंडेलवाल, योगी यादव, एडवोकेट दिनेश यादव, फाउंडेशन की चेयरपर्सन सावित्री देवी, महराम यादव समेत बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के समय को याद करते हुए कहा कि वे पल अविस्मरणीय हैं। उन्होंने आगे कहा कि अपने आप को गरीब समझना सबसे बड़ा पाप है। आप जैसे बच्चे ही एपीजे अब्दुल कलाम सरकारी स्कूल से पढ़कर देश के राष्ट्रपति बनें। आप जैसे ही स्कूल से पढ़कर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में सबसे अधिक यूपीएससी में आपके जैसे ही प्रवेश करते हैं। सबसे अधिक डॉक्टर सरकारी स्कूलों से निकले विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपको सुधार समिति और गंगानिया फाउंडेशन जैसे संरक्षक मिले हैं। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपके पास गजराज, प्रमिल खंडेलवाल शरद गोयल, अशोक यादव, योगी यादव जैसे दानी महान पुरुष मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ये हम सबके लिए मिसाल हैं कि आपकी सुधार समिति ने लगभग सवा करोड़ रुपये खर्च करके सरकारी स्कूल की कायापलट कर दी है। यह एक क्रांतिकारी कार्य है। अब यह सरकारी स्कूल किसी भी प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूल को टक्कर देगा। एसीपी ने बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## घृणापूर्ण भाषण
### नियंत्रण जरूरी

**घृणापूर्ण** भाषणों पर लगाम लगाने के लिए व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, लेकिन इसका अनौपचारिक रहना अच्छा होगा। सर्वोच्च न्यायालय और सरकार ने बुधवार को घृणापूर्ण भाषण के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें कहीं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा, 'घृणापूर्ण भाषण एक दुष्चक्र की तरह हैं। एक आदमी बोलता है, फिर दूसरा आदमी भी ऐसा ही बोलेगा। जब हमारे संविधान का निर्माण हुआ था तब कोई घृणापूर्ण भाषण नहीं था। अब भ्रातत्व की भावना में दरारें दिख रही हैं। इस पर थोड़ा नियंत्रण होना चाहिए। राज्य को एक प्रकार की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए ताकि हम इस प्रकार के बयानों पर नियंत्रण कर सकें।' नियंत्रण पर सर्वोच्च न्यायालय का जोर देना स्वागत योग्य है, लेकिन इसके लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऐसी राजनीति है जिसका व्यवहार कमोबेश सभी पार्टियां करती हैं। इससे असली राजनीति का स्तर गिरा है जहां सिद्धान्त व विचार बहुत थोड़ी भूमिका निभाते हैं और मुख्य जोर चुनाव जीतने पर रहता है, भले ही इसके लिए चाहे जो कीमत अदा करनी पड़े। इसी कारण विचारहीन लोकरंजकता का प्रसार हो रहा है तथा 'खैरातों' का प्रस्ताव करने में अनेक नेता एक दूसरे से प्रतियोगिता कर रहे हैं। इस कारण राजकोषीय व्यावहारिकता तथा सतर्कता को हवा में उड़ा दिया जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खैरात संस्कृति' के खतरों से सावधान किया है, लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि पार्टियां जिम्मेदार व्यवहार करने को तैयार हैं। इसके साथ ही स्रोताओं को आकर्षित करने के लिए अनेक नेता किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार हैं। विडंबना है कि अनेक नेता जनता की सेवा करने के बजाय निंदनीय टिप्पणियों के कारण लोकप्रिय हुए हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि राजनीतिक बहस विरले ही सार्थक तर्कों व प्रेरणादायक भाषणों से संचालित होती है। इनके स्थान पर चीख-चीख कर नारे लगाना तथा भावनाओं को भड़काना आम हो गया है। घृणापूर्ण भाषणों के संबंध में सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे भाषण हिंदुओं के खिलाफ भी दिए जाते हैं। हालांकि, इससे हिंदुओं को मुसलमानों या ईसाइयों के खिलाफ घृणापूर्ण भाषण देने का अधिकार नहीं मिल जाता है, जबकि वे तुलनात्मक रूप से शांत व सहिष्णु रहे हैं। तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि तमिलनाडु में 'द्रमुक के एक प्रवक्ता' ने कहा था, 'जो कुछ पेरियार ने कहा था, वह किया जाना चाहिए। यदि आप समता चाहते हैं तो सभी ब्राह्मणों को मार देना चाहिए।' इस पृष्ठभूमि में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कोई व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, पर अच्छा होगा कि यह व्यवस्था औपचारिक के बजाय अनौपचारिक हो। भारत में पहले से हजारों कानून हैं, ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के लिए एक 'आचार संहिता' विकसित करने की जरूरत है जिसे भारतीय राज्य के बजाय वे एकसाथ मिल कर तैयार करें। यह 'आदर्श आचार संहिता' जैसी हो सकती है जो चुनावों के दौरान पार्टियों व उम्मीदवारों के व्यवहार पर नियंत्रण रखती है। भले ही यह कानूनी रूप से लागू करने योग्य न हो, पर इसका व्यापक रूप से पालन होता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कानूनों, नियमों या आदेशों से व्यवहार के तरीके बदलना कठिन है। जब लोग स्वयं अनुभव करते हैं कि कुछ गलत हो रहा है तभी वे ऐसे व्यवहार से बचते हैं। आखिरकार सभी राजनेता आदर्श आचार संहिता का पालन करते हैं। इसलिए सबसे अच्छा रास्ता यही है कि राजनेताओं और पार्टियों के बीच एक सहमति बनाई जाए कि वे राजनीतिक विमर्श में सभ्यता व सौम्यता का परिचय दें। घृणापूर्ण भाषणों पर नियंत्रण का यह सबसे अच्छा रास्ता हो सकता है।




# प्रभाव बढ़ाने का प्रयास करता चीन

वैश्विक रूप से चीन अमेरिका के मुकाबले अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह आर्थिक व अन्य रूप से कुछ सरकारों का समर्थन करता है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



चीन वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मुकाबले अपना प्रभाव बढ़ाने व अपने प्रति समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह आर्थिक व राजनयिक रूप से कुछ सरकारों का समर्थन करता है। चीन के व्यापारिक संबंध भी इसी दिशा में अग्रसर हैं। वर्ष 2000 में दक्षिण अमेरिका के निर्यातों में चीन का हिस्सा दो प्रतिशत से कम था, पर आज वह 30 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वह वर्ष 2010 में 180 बिलियन डालर से बढ़कर 2021 में 450 बिलियन डालर हो गया तथा उसके 2035 तक 700 बिलियन डालर से अधिक होने की संभावना है।

बीजिंग अब दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है और चिली जैसे देशों का लगभग 40 प्रतिशत निर्यात चीन को होने लगा है। व्यापार में यह वृद्धि कोई संयोग न होकर चीन की सुसंगत रणनीति का हिस्सा है। चीन ने इस दिशा में अथक प्रयास किए हैं और वह जानबूझ कर 'बिना शर्त वाली' नीति पर चल रहा है। इसका अर्थ है कि वह व्यापार संबंध वाले देशों में सुधारों पर जोर देने जैसी कोई शर्त नहीं लगाता है। चीन की इस नीति के कारण अनेक गैर-उदार व अ-लोकतांत्रिक देशों की सरकारें उसकी ओर आकर्षित हुई हैं। उदाहरण के लिए ऐसे देशों में वेनेजुएला शामिल है जिसे वैश्विक स्तर पर राजनयिक तरीकों से 'अश्पृश्य' जैसा बना दिया गया था। चीन ने उसे 64 बिलियन डालर से अधिक का कर्ज दिया है, हालांकि इससे उस देश के 'कर्ज के जाल' में फंसने का खतरा भी पैदा हो गया था। चीन ने लंबे समय से 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' की नीति चलाई है और अब उसे अपनी सभी नीतियों में आत्मसात कर लिया है। उसकी 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई जैसी नीति इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही है। हाल में 'कोविड-19 राजनय' के चलते भी उसने अपने लेनदेन के प्रति समर्थन प्राप्त करने तथा निवेश करने के अवसर खोजे हैं। हालांकि, चीन के मुकाबले कच्चे माल की सप्लाई तथा वैकल्पिक सत्ता केन्द्रों पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद चीन ने विश्व स्तर पर अपनी राजनयिक शक्ति व रणनीतियों का परिचय देते हुए कुछ क्षेत्रों से अमेरिका का नियंत्रण हटाने के प्रयास किए हैं। चीन की रणनीति इसी दृष्टिकोण से उसकी अर्थनीति को संचालित कर रही है। उसने आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे दक्षिण अमेरिकी देशों के लिए अपना खजाना खोल दिया है। इस प्रकार उसने अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों को ताइवान पर अपने भ्रम दूर करने के लिए भी प्रेरित किया है। चीन 'एक चीन' नीति पर चल रहा है जिसका अर्थ है कि ताइवान चीनी मुख्यभूमि का आवश्यक अंग है और एक दिन दोनों का एकीकरण सुनिश्चित है।

इसी रणनीति के चलते दक्षिण अमेरिका समेत दुनिया के अनेक भूभागों के अधिकांश देश ताइवान-चीन गणराज्य को मान्यता नहीं देते हैं। पहले बड़ी संख्या में दक्षिण अमेरिकी देश खासकर ताइवान को मान्यता देते थे क्योंकि चीन से उनके संबंध बहुत कम थे या बिल्कुल नहीं थे। ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति बनी हुई थी। लेकिन आज यह स्थिति तेजी से बदल रही है। चीन की विशाल आर्थिक शक्ति तथा लेनदेन की चतुराई व व्यापार संबंधों का राजनयिक लाभ उठाने की इच्छा के कारण आज एक के बाद दूसरे दक्षिण अमेरिकी देश ताइवान के बजाय चीन के पक्ष में झुकते जा रहे हैं। भले ही यह विरोधाभास लगे, लेकिन मजेदार ढंग से अमेरिका और भारत भी चाहे-अनचाहे 'एक चीन' नीति को स्वीकार करते हैं। हालांकि, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीन तथा उसके विरोधियों व प्रतिद्वंद्वियों के बीच ताइवान व अन्य मुद्दों को लेकर बयानबाजी व राजनयिक दांवपेंच चलते रहते हैं।

चीन अपनी विशाल आर्थिक शक्ति व राजनयिक दांवपेंच से छोटे-छोटे व आर्थिक संघर्ष कर रहे देशों का समर्थन 'खरीद' रहा है। होंडरास इस चीनी 'खरीद' का नवीनतम उदाहरण या शिकार बना है। पहले होंडरास की राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने इन अफवाहों से इनकार किया था कि वे ताइवान के मामले पर अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन करने वाली हैं, लेकिन इसके कुछ ही सप्ताह के भीतर वे चीन के पाले में खड़ी दिखाई पड़ीं। शियोमारा ने अपने पालाबदल को उचित ठहराते हुए कहा, 'यह सरकार की योजना के प्रति मेरी प्रतिबद्धता तथा सीमाएं बढ़ाने का प्रयास है।' लेकिन सुश्री कास्त्रो की सहयोगी तथा होंडुरास के विदेश मंत्री एडुआर्डो रीना ने साफ-साफ बात करते हुए कहा कि होंडुरास का ताइवान के बजाय चीन के पाले में चले जाना 'किसी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि व्यावहारिकता' है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि होंडुरास को तत्काल पैसे की बहुत आवश्यकता थी क्योंकि इसके बना 'देश डूब रहा था।'होंडुरास के इस पालाबदल के बाद अब चीन के मुकाबले ताइवान को मान्यता देने वाले देशों की संख्या और घट गई है।

हालांकि, अब भी संयुक्त राष्ट्रसंघ के 193 सदस्य देशों में से 13 ताइवान या चीन गणराज्य को मान्यता देते हैं। इन देशों में मार्शल आइलैंड, नारू, पलाऊ, तुवालू, बेलीज़, ग्वाटेमाला, हैती, पैराग्वे, फेडरेशन आफ सेंट क्रिस्टोफर एंड नेविस, सेंट लूसिया, इस्वाटिनी, द होली सी, सेंट विन्सेंट तथा ग्रेनेडा शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि चीनी बाजार और उसके खजाने तक पहुंच सभी नैतिक व राजनयिक दृष्टिकोणों पर भारी पड़ती है। विडंबना है कि अपने सर्वाधिक प्रमुख सहयोगियों द्वारा भी ताइवान को औपचारिक मान्यता नहीं दी गई है। इनमें संयुक्त राज्य अमेरिका-यूएसए भी शामिल है जो निष्पक्ष रूप से ताइवान के साथ अपनी एकजुटता प्रकट करने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। जिमी कार्टर ने बीजिंग को मान्यता देने के लिए ताइवान से राजनयिक संबंध तोड़े थे।

इस प्रकार अमेरिका व ताइवान के बीच जटिल व मूर्खतापूर्ण संबंधों की शुरुआत हुई थी और अमेरिका आज भी इसी रास्ते पर चल रहा है। अमेरिका आज ऐसे देश ताइवान को हथियार सप्लाई करता है जिसे वह पूर्ण रूप से मान्यता भी नहीं देता है।

चीन के अनाधिकारिक मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने हाल ही में लिखा, 'अमेरिका के पास इतने आर्थिक संसाधन नहीं हैं कि वह होंडुरास की सहायता करे अथवा होंडुरास की सोच बदलने के लिए प्रभावी वादे कर सके। होंडुरास के मामले से स्पष्ट है कि जब तक देश अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करते हैं, अमेरिकी बाधायें और हस्तक्षेप कारगर सिद्ध नहीं होते हैं। इसका असर ताइवान के बचे हुए सहयोगियों, जैसे ग्वाटेमाला, बेलीज़ व पैराग्वे पर भी पड़ेगा।' चीन को यह कहने में कोई शर्म नहीं है कि वह दक्षिण अमेरिका के बचे-खुचे किलों को 'खरीद रहा' है। इसका कारण यह है कि अमेरिका ऐसे जवाबी-प्रस्ताव देने में अक्षम है जो बीजिंग के प्रस्तावों के मुकाबले ज्यादा आकर्षक हों। एक प्रकार से चीन सरकार के इरादों को स्पष्ट करता हुआ ग्लोबल टाइम्स कहता है कि 'ताइवान की स्वतंत्रता का सपना दम तोड़ रहा है।'

ताइवान या कैपिटाल हिल में उसके सहयोगी चीनी प्रस्तावों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और दौड़ से बाहर होते जा रहे हैं। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि चीनी व्यापार समझौतों को स्वीकार करने के पीछे कोई शर्त नहीं है। चीनी 'कर्ज का जाल' वास्तविक है तथा अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए किए जाने वाले अल्पकालीन 'बेल आउट' ज्यादा प्रभावी नहीं रहे हैं। माइक्रोनेशिया के निवर्तमान राष्ट्रपति डेविड पेनुएलो ने बीजिंग पर आरोप लगाया था कि वह चीन के बजाय ताइवान का समर्थन करने की उनकी रणनीति में हस्तक्षेप कर 'राजनीतिक युद्ध' कर रहा है। चीन ताइवान के मुद्दे पर अत्यधिक संवेदनशील है और इस मुद्दे पर किसी प्रयास को वह अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मानता है। अफगानिस्तान व यूक्रेन युद्ध की हालिया घटनाओं ने सिद्ध किया है कि तथाकथित 'महाशक्तियां' अपनी लक्षित भूमि पर अनन्त काल तक कब्जा व नियंत्रण बनाए रखने में सफल नहीं हैं। इसलिए 'खरीदने' के माध्यम से नियंत्रण व सहमति प्राप्त करना तुलनात्मक रूप से आसान और ज्यादा टिकाऊ है।

होंडुरास ने 82 साल तक ताइपेई सरकार को मान्यता दी है। लेकिन हाइड्रोएलेक्ट्रिक बांध व अरबों डालर की 'सहायता' का लालच उसके लिए बहुत अधिक था। बहुत से लोगों का मानना है कि होंडुरास पर चीन की रणनीति 'वाशिंगटन की आक्रामक राजनय' का मुकाबला नहीं है क्योंकि यह पैटर्न पहले से चल रहा था और शुरुआत में यह लाभदायक दिखता है। होंडुरास में पालाबदल की रणनीति तथा राजनेताओं द्वारा इसे स्वीकारने से स्पष्ट है कि 'दुनिया में एक ही चीन है'। सिद्धान्त पर आधारित राजनय के दिन अब बीत गए हैं। वाणिज्य व दबाव ही नई विश्व व्यवस्था को परिभाषित कर रहे हैं। इस प्रकार चीन नए युग की राजनीति का केन्द्र है।

# 'पूर्व की ओर देखो' नीति पर जापान का जोर

> पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मजबूत संबंधों के लिए नीति को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलो पर टिप्पणीकार हैं)



भारत की 'पूर्व की ओर देखो' नीति की दृष्टि और भारत के भू-आबद्ध पूर्वोत्तर में मुक्त और खुले इंडो पैसिफिक बैठक के संबंध में जापान की दृष्टि। भारत ने लंबे समय से अपनी 'लुक ईस्ट' नीति का समर्थन किया है। इसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशिया और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ पूर्वोत्तर (बहुत अधिक टैप किए जाने वाले) राज्यों के साथ एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में गहरे संबंध विकसित करना है। इस बीच, एक दशक से अधिक समय से, जापान मुक्त, खुली और निष्पक्ष इंडो पैसिफिक नीति पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें पूरे क्षेत्र में लोगों की मुक्त आवाजाही, भूमि, समुद्र और हवाई मार्गों पर व्यापार पर जोर दिया गया है। भारत के पूर्वोत्तर राज्य एक महत्वपूर्ण पहुंच नोड बनाते हैं।

पिछले हफ्ते जापानी प्रधान मंत्री किशिदा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, एक अधिक व्यस्त इंडो पैसिफिक नीति को आगे बढ़ाने की इच्छा पर जोर दिया। यह पिछले दो वर्षों से अमेरिका और यूरोप के लिए सबसे रणनीतिक विदेश नीति घटक बन गया है। यह भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान को उनके क्वाड समूह में एक साथ रखने वाला कारक भी है।

जापान निर्बाध व्यापार और परिवहन मार्ग बनाने के लिए भारत के पूर्वोत्तर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रहा है। यह असम और मेघालय में पूर्वोत्तर सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजनाओं, असम में सीवेज और जल आपूर्ति परियोजनाओं, मणिपुर में स्कूलों के विकास, त्रिपुरा और नागालैंड में वन प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं और मिजोरम में स्थायी कृषि परियोजनाओं के विकास में सहायता कर रहा है। पूर्वोत्तर में जापान का निवेश अब तक 2 अरब डॉलर है। इसके अलावा, जापानी सरकार ने बांग्लादेश में मातरबारी गहरे पानी के बंदरगाह जैसी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को चुना है। इसे असम, मिजोरम और त्रिपुरा में संपर्क सड़कों के निर्माण से पूरा किया जाएगा। एक बार पूरा हो जाने पर, ये बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूर्वोत्तर से बंगाल की खाड़ी के समुद्री बंदरगाहों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेंगी। इसके अलावा, वे दक्षिणपूर्व एशिया और उससे आगे के सामानों के लिए एक प्रमुख व्यापार पारगमन मार्ग के रूप में काम करेंगे। यह न केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं के भीतर, बल्कि पूरे क्षेत्र में अधिक समृद्धि लाने का वादा करता है। यह कानून के आधार पर व्यापक आर्थिक और क्षेत्रीय विकास के जापानी दृष्टिकोण में अच्छी तरह से फिट बैठता है। यह उल्लेखनीय है कि अन्य एशियाई दिग्गज चीन ने अपनी अपारदर्शी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के माध्यम से इस क्षेत्र में अपने प्रभाव क्षेत्र का तेजी से विस्तार किया है। इसने इनमें से कई देशों को बहुवर्षीय घातक ऋण जाल में बांध दिया है। भारत और जापान प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं जो चीन के ऋण जाल बुनियादी ढांचा वित्तपोषण परियोजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। इंडो पैसिफिक के लिए उनका विजन चीन से अलग है।




नई दिल्ली में नेतृत्व की बैठक के दौरान भारत और जापान ने अधिक आसियान देशों में साझेदारी के विस्तार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मार्च में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी आसियान की केंद्रीयता और अधिक जुड़ाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। यह महत्वपूर्ण है कि जापान भारत के पड़ोस में संरचित तरीके से काम कर रहा है। यह क्षेत्रीय समृद्धि के पथ पर बांग्लादेश जैसे भारत के कुछ सबसे भरोसेमंद सहयोगियों के साथ है। जापान पूर्वोत्तर के विकास का समर्थन करने के लिए 2017 से भारत के साथ काम कर रहा है। जापान ने स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है कि वह अधिक आर्थिक सहयोग के लिए दो बंदरगाहों, एक बांग्लादेश में और दूसरा भारत के पूर्वोत्तर में, को जोड़ने का इच्छुक है।

इस बीच, विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने इस सप्ताह कोलकाता में बिम्सटेक की एक बैठक को संबोधित करते हुए भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र को भारत की एक्ट ईस्ट डिप्लोमेसी की अग्रणी धार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बिम्सटेक भागीदारों के भीतर परिवहन सुविधाओं और व्यापार को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बिम्सटेक देशों के लिए उनकी चेतावनी एक मामूली लेकिन व्यावहारिक दृष्टिकोण का पालन करना था। इस क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने के लिए कोई भी रचनात्मक समाधान इंडो पैसिफिक के लिए आर्थिक समृद्धि और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जापान के दबाव के साथ अच्छी तरह से क्लिक करता है।

## आप की बात

### नाटो का विस्तार

**आखिरकार** तुर्किए सदन ने फिनलैंड को नाटो सदस्य बनाये जाने के पक्ष में मतदान करने के बाद अब नाटो देशो की संख्या अब 30 से बढ़ कर 31 हो जाएगी। अगले कुछ ही महीनों में यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी जब तुर्की जरा और उदारता दिखाते हुए स्वीडन को भी नाटो में शामिल करने पर अपनी स्वीकारोक्ति दे देगा। यह नाटो की बहुत बड़ी जीत है और रूस के लिए हार है। रूस ने यूक्रेन में हमला करने का जो कारण बताया था उसमें यही प्रमुख था कि वो नाटो को अपनी सीमा से दूर रखना चाहता है। अब क्रेमलिन क्या करेगा? फिनलैंड की 1,300 किलोमीटर सीमा रूस के साथ लगती है और वह नाटो का सदस्य बन चूका है। उसपर हमला करने का मतलब समस्त नाटो देशों पर हमला माना जाएगा। रूस अकेले यूक्रेन से ही नहीं जूझ पा रहा है फिर 31 देशों से कैसे लड़ेगा? नाटो का यह विस्तार रूस-अमेरिका संबंधों को और रसातल में पहुंचाने के साथ विश्व शांति को खतरे में डाल रहा है। सोवियत संघ-अमेरिका के बीच हुए सारे आणविक व मिसाइल समझौते अब कागज के टुकड़े बन गए हैं। इसके साथ ही रूस-चीन निकटता भी दुनिया को नए शीत-युद्ध की ओर धकेल रही है। इस प्रकार विश्व शांति पर खतरा बढ़ रहा है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सौर ऊर्जा का महत्व

**बिजली** आज अनिवार्य आवश्यकता की चीज बन गई है लेकिन आबादी के बढ़ते दबाव और इसके आम होते उपयोग ने विकल्पों की तलाश बढ़ाई है। सौर ऊर्जा इसका एक ठोस विकल्प है जिसे अपनाकर सस्ती और सहज बिजली आपूर्ति की जा सकती है। झारखंड के देवघर जिले में सौर ऊर्जा से जीवन में फैल रहे समृद्धि के प्रकाश ने बिजली के विकल्प के फायदों को और अधिक गहराई से समझने का मौका दिया है। जिले के 60 गांवों की 600 किसान महिलाओं द्वारा सिंचाई के लिए सोलर पंप का उपयोग किया जा रहा है। आज प्राकृतिक संसाधनों की कमी और घटती जल आपूर्ति के चलते सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प है। अपनी जरूरत पूर्ति के हिसाब से सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट को अपनाकर बिजली कटौती और भारी-भरकम बिजली बिलों की पनौती से बचा जा सकेगा। लोगों को सरकार द्वारा इसके लिए दी जा रही मदद पर गौर करना चाहिए। महीनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एक गांव को पूर्णत: सौर ऊर्जा संचालित होने पर बधाई दी थी। आज जरूरत इस बात की है कि देश का हर गांव यथासंभव सौर ऊर्जा का उपयोग करे।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### हिंसा की संस्कृति

**हाल** ही में अमेरिका के एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना में 6 मासूम छात्रों की जान गई और इस घटना को अंजाम देने वाली छात्रा को भी पुलिस ने मार गिराया। इसके पहले भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर अमेरिका में ऐसी घटनाएं होती रही हैं जिसमें बड़ी संख्या में मासूम छात्रों के साथ-साथ अन्य लोगों की भी हत्या हुई है। अमेरिका में गन खरीदने व रखने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। जिसके चलते वहां पर लगभग हर परिवार के पास गन मौजूद है। यह अत्याधुनिक गनें किशोर उम्र के छात्रों को आसानी से उपलब्ध है। जरा भी मानसिक तनाव या आपसी झगड़े के चलते वहां तुरंत पिस्तौल निकाली जाती है। गन पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों का सदन में ही जमकर विरोध होता है और सरकारों को अपने पांव पीछे खींचने पढ़ते हैं। मगर रोज ऐसी घटनाओं के चलते व इंटरनेट से हत्या के नए-नए तरीके युवकों को भ्रमित कर रहे हैं। अमेरिकी शासन को आम नागरिकों के पास हथियार रखने पर रोक लगाना अब अत्यावश्यक है। सामाजिक स्तर पर अहिंसा की शिक्षा भी जरूरी है।


**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



अगर पार्टी को ठीक से आगे बढ़ना है तो उसके वरिष्ठ नेताओं के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।
– **शशि थरूर**
पूर्व राजनयिक।



मुझे घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जनवरी 23 से राज्य सरकार के कर्मचारियों /पेंशनभोगियों और अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए अतिरिक्त 4% महंगाई भत्ता बढ़ाई गई।
–**हिमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री।



हमको नया भारत बसाना है। भारत खंडित हो गया है। जरूरी नहीं कि हम मन से उसे छोड़ें, हमारे साथ उस भूमि का जुड़ाव बना रहे। हम सिंधु सभ्यता को नहीं भूल सकते।
– **मोहन भागवत**
संघ प्रमुख

# किसानों की खराब फसल के क्लेम के लिए तीन अप्रैल से फिर से खुलेगा पोर्टल : डिप्टी सीएम

## पीपीपी के डाटा की मदद से छह लाख नए बीपीएल कार्ड बने : दुष्यंत चौटाला

### सरकार द्वारा स्पेशल गिरदावरी के आदेश दे दिए गए है

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हाल ही में बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से हो रहे रबी फसल के नुकसान के कारण हरियाणा सरकार तीन अप्रैल से क्षतिपूर्ति पोर्टल को किसानों के लिए दोबारा खोल रही है। उन्होंने कहा कि जिन भी किसानों को फसल खराबे के कारण नुकसान हुआ है उन सभी किसानों को सरकार द्वारा पूरा मुआवजा दिया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार द्वारा स्पेशल गिरदावरी के आदेश दे दिए गए है और फसल नुकसान का जिलेवार रिव्यू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने पर किसानों की फसल के नुकसान की भरपाई सरकार



द्वारा की जाएगी। शनिवार को डिप्टी सीएम उचाना हलके के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आई तमाम दिक्कतों को दूर कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप छह लाख नए बीपीएल कार्ड एवं 32 हजार नए पेंशन धारक जुड़ गए है। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी किसी ग्राम पंचायत को कोई समस्या है तो उसके लिए कैंप का आयोजन ग्राम स्तर पर करवा दिया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ग्रामीण युवाओं की बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए गांवों में ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी उन सभी गांवों में खोली जाएगी, जिस गांव की पंचायत चौपाल, स्कूल, आंगनवाडी केन्द्र, पंचायत भवन तथा ग्राम सचिवालय इत्यादी सार्वजनिक भवनों में अतिरिक्त कमरा या हाल उपलब्ध करवाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा ये सभी लाइब्रेरी इंटरनेट वाईफाई, एलईडी स्क्रीन, कंप्यूटर जैसी सभी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होंगी। इन लाइब्रेरियों की स्थापना से गांव के पढ़े लिखे लड़के और लड़कियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव बधाना में गांव वासियों के द्वारा रखी गई खेल स्टेडियम की मांग को पूरा करने की सहमति जताई और एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर का सब सेंटर बनवाने का पूरा प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम पंचायत दो एकड़ भूमि देती है तो गांव में एक कम्युनिटी सेंटर, गांव की एससी चौपाल में डिजिटल लाइब्रेरी बनवाने के लिए पांच लाख रुपये देंने, गांव के तीन तालाबों के सफाई एवं सौंदर्यकरण एवं गांव की फिरनी पर लाइट की व्यवस्था भी करवा दी जाएगी।



खराब हुई फसलों का निरीक्षण करते उपायुक्त

# बारिश में खराब फसलों की गिरदावरी का काम तेजी से जारी

### उपायुक्त अनीश यादव ने घोघड़ीपुर गांव के खेतों में पहुंचकर गिरी हुई फसल का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**जिला** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि बारिश में खराब हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। इस संबंध में उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं करनाल जिला के घोघड़ीपुर गांव के खेतों में पहुंचकर बारिश से खराब हुई फसल का जायजा लिया।

उपायुक्त अनीश यादव ने जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल व अन्य अधिकारियों को स्पेशल गिरदावरी के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसान द्वारा दर्ज की गई फसल खराब की शिकायत को खेत में खड़े होकर पोर्टल पर खुलवाया। इसके बाद उन्होंने गिरदावरी की पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान की पारदर्शी तरीके से गिरदावरी करें ताकि सभी पीड़ित किसानों को फसल के नुकसान का मुआवजा प्राप्त हो सके। गिरदावरी के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल को हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में बनाया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान बारिश व ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई फसल का ब्यौरा इस पोर्टल पर डाल सकता है ।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात लोगों ने गोली चलाई, फैलाई दहशत



पीड़ितों से घटना की जानकारी लेते भाजपा नेता राजीव जैन।

**सोनीपत।** बीती रात रुप नगर तथा देवडू रोड़ पर स्थित हरिओम एवं विकास गुलिया के निवास पर अज्ञात बदमाशों ने गोलीबारी करके दहशत फैला दी। गेट पर निशाना साध कर दो राउंड गोलियां चलाई, परंतु गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित के घर घटना की जानकारी लेने के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को हरिओम तथा विकास ने बताया कि रात लगभग डेढ़ बजे के बीच गोलियां चलने की आवाज आई तो वह बाहर उठ कर आए। इतने में बदमाश मोटर साइकिल पर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को हरिओम ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में दो युवक दिखाई दे रहे हैं और मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। देवडू रोड पर विकास गुलिया ने बताया कि रात को दो बजे के करीब उनके घर पर भी कार में सवार बदमाशों ने गोली चलाई। गोली की आवाज सुनकर उन्होंने अपने घर के सीसीटीवी कैमरे चैक किए और पुलिस को सूचना दी। राजीव जैन ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करवाई जायेगी।

### खाद्य विभाग के उपनिरीक्षक प्रेमपाल हुए सेवानिवृत



प्रेमपाल को सम्मानित करते खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

**कुरुक्षेत्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के पीआर सेंटर पर आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में प्रेमपाल उपनिरीक्षक को विभाग की 36 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण करने उपरांत भावभीनी सेवानिवृत्ति विदाई दी गई। कार्यक्रम में विभाग के सभी साथियों ने सेवानिवृत कर्मचारी के भावी उज्ज्वल, स्वस्थ, सुखी, संपन्न, दीघार्यु की कामना की। सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा ने कहा कि प्रेमपाल उपनिरीक्षक ने अपने सारे सेवाकाल के दौरान विभिन्न उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी हर परिस्थिति का पूरे साहस व ईमानदारी के साथ सामना किया। प्रेमपाल उपनिरीक्षक को पगड़ी पहना कर और विभिन्न उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधक्षिक संजीव कुंडू, सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा व कुलदीप सिंह, निरीक्षक रविंद्र, सुरेंद्र, मंजू, लवनीश, संदीप, डॉ प्रदीप, शशांक, रघुबीर, अशोक, रोहित सहित अन्य कर्मचारी, डिपो धारक मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव



विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए अध्यापिका।

**कुरुक्षेत्र।** सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुंडा खेड़ा में शनिवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अध्यापिका नीलम ने नई कक्षा मे प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाया और उपहार भेंट किए। प्रवेश लेने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्मार्ट कक्षा, खेल का खुला मैदान, निशुल्क पाठ्य पुस्तकें और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ- साथ योग्य शिक्षक मुखिया की अगुआई में पूर्ण समर्पण के साथ बच्चों को प्रभावी शिक्षा दे रहे हैं। प्रवेश उत्सव में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य रखा गया और एक रैली के साथ दाखिला अभियान का आगाज किया। इस कार्य में गुरनाम सिंह, सुरेश चंद, राजेन्द्र शर्मा, कुशल पाल, जसबीर सिंह, वीरेंद्र कुमार इत्यादि ने पूरा सहयोग दिया।

### विद्यार्थियों का तिलक लगाकर नए शैक्षणिक सत्र का किया आरंभ

**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरु होने पर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करने और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों में भी नई कक्षाओं में आने पर विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने मन लगाकर पढ़ने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर नई कक्षाओं में बिठाया गया। इस मौके पर प्रधान संतोष कौर घुम्मन, उपप्रधानाचार्य विरेन्द्र सिंह, कोऑर्डिनेटर मनिन्दर सिंह घुम्मन एवं मोनिका घुम्मन सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# सीजीआरएफ टीम के सदस्य करेंगे उपभोक्ताओं की समस्याओं का निवारण

### तीन अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल सोनीपत में सुनी जाएंगी शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

**उत्तर** हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज करने और पुरानी शिकायतों की सुनवाई के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के सदस्य अप्रैल माह में विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सोनीपत के एसई संदीप जैन ने कहा कि 03 अप्रैल को ऑपरेशन सर्कल सोनीपत में सीजीआरएफ टीम के सदस्य शिकायतों की सुनवाई सुबह 11 बजे से 4 बजे तक करेंगे और नई शिकायतें भी दर्ज करेंगे। इससे उपभोक्ताओं को अपने केस की सुनवाई की सुविधा निकटतम स्थान पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा क्षेत्रीय दौरे को छोड़कर कार्यालय आने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण सीजीआरएफ मुख्यालय पर सुबह 9 बजे से शाम 05 बजे तक होगा। जैन ने कहा कि मंच के सदस्य उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। जिनमें मुख्यत: बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। बहरहाल, मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी।

# हिसार में हाईवे पर चलती कार में लगी आग

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में ढूंढ़ूर के पास हाईवे पर चलती कार में अचानक आग लग गई। कार चालक समय रहते कार से बाहर निकल गया। घटना की जानकारी कार चालक ने डायल 112 पर दी गई। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया। हिसार के रहने वाले नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह किसी काम से दौलतपुर जा रहा था। जब ढूंढ़ूर पुल को क्रॉस कर लुवास विश्वविद्यालय के पास पहुंचा तो कार चलाते समय झटके लगने लगे और कुछ ही सेकेंड के बाद कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। गाड़ी को हाईवे किनारे लगाने लगाया तो तभी आग की लपटें उठने लगीं। वह समय रहते बाहर निकल गया। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन किया। नरेंद्र ने बताया कि करीब 5 महीने पहले ही उसे सेकंड हैंड आई-10 कार खरीदी थी। इससे पहले कोई ऐसी घटना नही हुई थी। ऐसा लग रहा है कि शॉट सर्किट के कारण चलती कार में आग लगी है। आग से कार का अगला भाग पूरी तरह से जल चुका है।

# निजी स्कूल प्रशासन कर रहा अभिभावकों को परेशान

## फीस, पुस्तक तथा वर्दी के रेटों में कर रहे हैं बेतहाशा बढ़ोतरी

### ओरचिड्स पब्लिक स्कूल में अभिभावकों ने जताया रोष

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



ओरचिड्स स्कूल के बाहर नाराजगी जाहिर करते अभिभावक।

**ब्रहम** कालोनी स्थित ओरचिड्स इंटरनेशनल स्कूल का 19 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था, उस समय जब अभिभावकों ने दाखिला फीस व अन्य खर्च पूछा तो अभिभावकों के होश उड़ गए। अभिभावकों का आरोप है कि फीस व अन्य खर्च अभिभावकों की उम्मीद से भी परे निकला। स्कूल में बच्चों की पहली कक्षा की किताबों का वार्षिक खर्च ही 11500 रुपये है, जिसमें वर्दी का खर्च लगभग 13500 रुपयें अलग से बताया। बडी कक्षाओं का और भी अधिक खर्च है। नाराज अभिभावकों ने जब ओरचिड्स के किसी जिम्मेदार अधिकारी से बात करनी चाही तो उन्हें किसी से भी मिलने नहीं दिया गया। अभिभावक कपिल, राजीव व आशीष ने बताया कि हर कक्षा में किताबों का खर्च ही करीब 11000 से 15000 हजार रूपयें है। इसी प्रकार वर्दी का खर्च भी 11000 से 15000 रुपये तक बताया जा रहा है। अस्कूल प्रशासन कोई जवाब नहीं दे रहा है। अभिभावक इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी से मिले तथा उनको शिकायत पत्र भी दिया, परंतु स्कूल प्रशासन द्वारा अभिभावकों की समस्या का समाधान करने की बजाए आजकल कह रहा है। जिस कारण अभिभावक स्कूल के बार-बार चक्कर लगाकर परेशान हो गए है। अभिभावक हेमंत, सोनू, सन्नी, संजय, दीवान यादव, धर्मपाल, मीनू अत्री, रूपाली, शीला, कलावती, रीना, आशीष, अमित, राजकुमार, महक, विनय, कृष्ण लाल, संदीप आदि थे।

# बरसात ने रबी की फसल को पहुंचाया काफी नुकसान: प्रेमचंद

### किसान भवन में भाकियू की हुई मासिक किसान पंचायत

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**अभ्भारतीय** किसान यूनियन (रजि.) के बैनर तले मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। स्थानीय अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में आयोजित की गई किसान पंचायत की अध्यक्षता भाकियू के प्रदेश सरंक्षक एंव वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की।

बेमौसमी बरसात व अंधड के कारण खराब हुई रबी फसलों के मामले में प्रदेश सरकार द्वारा उचित कार्यवाही न करने को लेकर किसान पंचायत में प्रदेश सरकार के खिलाफ



किसान भवन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाकियू कार्यकर्ता।

जोरदार नारेबाजी की गई। पंचायत की कार्यवाही जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह बैनीवाल ने की।

किसानों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों की पूर्णरूप से अनदेखी कर रही है। जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा। प्रदेश सरंक्षक प्रेमचंद शाहपुर ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि अब फसल के खराब होंने के कितने प्रतिशत का सवाल नही रह गया है। 1योंकि गत दिनों से दौबारा से हुई बरसात ने फसलों का मलियामेट कर दिया है। रबी फसलों के हालात बद से बदतर हो गए है। सरकार व उसके प्रशानिक अधिकारी इन हालातों में भी फसलों के खराबे को प्रतिशतों में तलाश रहे है। किसान पंचायत में 30 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की सरकार से मांग की गई। किसान नेता शाहपुर ने कहा कि किसान अधिकारियों के दरवाजों पर खराब फसल के मामलों के बारे में भटकते फिर रहे है। लेकिन अधिकारी व्यथित किसानों को पोर्टल के पास भेज रहे है। किसानों को कुछ भी सूझ नही रहा है।

जिसको लेकर किसानों में भारी रोष पनपने लगा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही किसानों की एक बडी किसान पंचायत बुलाई जाएगी। इस अवसर पर भाकियू चेयरमैन यशपाल राणा, किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, विनोद राणा, सुरेंद्र बैनीवाल, शुभम कालरम, हिसम सिंह शाहपुर सहित कई किसान मौजूद थे।

# हर बच्चे का स्कूल में प्रवेश करवाएं : बलजीत मलिक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली के प्रांगण में प्रधानाचार्या डा. सुदेश कुमारी की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाकर नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 की शुरूआत की गई।

उत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र बलजीत सिंह मलिक उपस्थित समारोह में बिहोली की सरपंच आशा रानी, रंजीता देवी, दया सिंह स्वामी एवं रमेश सैनी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के इस प्रयास की भरपूर सराहना करते हुए विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा दाखिले लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में विद्यार्थियों को जरूरी विषयों के साथ तकनीकी और कौशल विषयों पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जाने वाली अन्य छात्रवृति योजनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया। विद्यालय के गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल भी बढ़ाया। मौके पर बृज भूषण जिंदल, मनोज वर्मा, नीता, राजेश, सीमा, परवीन, ऋषि, मनीषा, अनामिका और अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# एसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष फाइल किया डीआरएचपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा ।

**कुछ** प्रमुख सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) के लिए एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स के भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। 6-क्लोरो-हेक्सेन-2-वन के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित सुविधा से लैस, कंपनी फार्मा इंटरमीडिएट्स विकसित कर सकती है और उन फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ काम कर सकती है जो अपनी आपूर्ति श्रृंखला के एक हिस्से के रूप में यूएस एफडीए के अनुरूप विनिर्माण सुविधाओं की तलाश करती हैं।

कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है जिसमें (ए) ? 3,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और (बी) 8,938,870 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 10 है।

कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों की फंडिंग के लिए नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है- (ए) कंपनी द्वारा ?550 मिलियन की राशि के कुछ बकाया उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान (बी) फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स की अपनी उत्पाद पेशकशों का विस्तार करने के लिए दाहेज सुविधा में फेज-2 की स्थापना के लिए कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं का वित्तपोषण 1,223.23 मिलियन, (सी) 400 मिलियन की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को फंडिंग और (डी) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

इक्विटी शेयरों की बिक्री के प्रस्ताव में स्नेहल रावजीभाई पटेल द्वारा 8,938,870 इक्विटी शेयर शामिल हैं। (प्रमोटर बेचने वाले शेयरधारक)।

एंबिट प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड आईपीओ इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

कंपनी द्वारा निर्मित एडवांस्ड फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स (फार्मा इंटरमीडिएट्स) का उपयोग कार्डियोवास्कुलर, वैसोडिलेटर (एंटी-प्लेटलेट), एंटी-साइकोटिक और एंटी-डिप्रेसेंट सहित कुछ बढ़ते चिकित्सीय क्षेत्रों में किया जाता है, जिसमें उत्पादों की भारत और विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी है (स्रोत- एफ एंड एस रिपोर्ट)।

# हॉकी खिलाड़ी ने जीती पहली हॉकी महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप




पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**झांसी** में आयोजित पहली हॉकी महिला नार्थ जॉन चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए लिटल एंजल्स की मनीषा, रितिका, रितिका मान, इशिका पहल, साक्षी, खुशी व भव्या ने अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के फाइनल मैच में पंजाब की टीम को 4-1 के गोल स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट गोल कीपर का अवार्ड ईशिका व ऑलराउंडर का अवार्ड मनीषा को दिया गया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 10 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल म्यूजिक और गणित प्रेम के साथ बाधाओं को पार करने में मदद कर रहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ऑर्किड्स** द इंटरनेशनल स्कूल उन बच्चों को शिक्षित करने के लिए नित नए विचारों को विकसित करने के लिए जाना जाता है, जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गुरुग्राम के साउथ सिटी-1 स्थित ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में 9 वर्षीय छात्र संवित चक्रवर्ती एक अंतर्मुखी बच्चा है, जो अपने भाषण में चुनौतियों का सामना कर रहा है और उसके पूर्ण विकास में देरी हो रही है। उसे अपनी भावनाओं और फिलिंग्स को नियंत्रित करने में कठिनाई होती है और यदि वह तेज आवाज या शोर सुनता है तो चिंतित सा हो जाता है।

गुरुग्राम के साउथ सिटी 1 स्थित ऑर्किड्स इंटरनेशनल स्कूल की काउंसलर और विशेष शिक्षक सुश्री स्वाती शर्मा और जननी बालाजी ने कहा, संवित एक साल पहले हमारे साथ जुड़ा था। तब उसके साथ कई दिक्कतें, जैसे - मेरे साथ आई कॉन्टेक्ट की कमी और किसी तरह का कम्युनिकेशन नहीं। संवाद की कमी इस हद तक थी कि वह अपने शिक्षकों के साथ अपनी शौचालय की जरूरतों के बारे में भी बात नहीं कर पाता था।

वह जोर के शोर से चौंक जाता था। एक मामूली बदलाव जैसे कि उसकी सीट या कक्षा बदलना या फिर जब उसके शिक्षक एक दिन के लिए अनुपस्थित थे, तो वह अपसेट और एंजायटी में आ गया। तब, हमने संवित के लिए एक योजना तैयार करने का फैसला किया। ताकि, वह अपने कम्युनिकेशन स्किल और भाषण के मसलों को बेहतर बनाने में मदद कर सके। साथ ही छोटी-छोटी बातों के लिए एंजायटी से निपटने में उसकी हेल्प किया जाए।

स्वाति और जननी ने कहा, संगीत एक ऐसी चीज है जो उसका ध्यान खींचने के लिए एक माध्यम के रूप में काम करता है। OIS के काउंसलरों ने थेरेपी सेशन के दौरान शुरुआत में उसके आई कॉन्टेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया था। इस थेरेपी के कुछ दिनों के बाद, संवित ने धीरे-धीरे हमें अपनी जरूरतों के बारे में बताना शुरू किया। हमने उसे सोशल स्टोरीज और वीडियो दिखाए, ताकि वह अपने शौचालय जाने या हमारे साथ पानी पीने की जरूरतों को समझने और संवाद करने में सहज हो पाए।

वर्तमान में, वह टास्क को स्वतंत्र रूप से कर सकता है, लेकिन अभी भी निगरानी या मदद की जरूरत होती है। हम उसके साथ अपने सत्र को जारी रख रहे हैं। और जब मैं आपको बता दूं, वह अपने अन्य सहपाठियों के बीच कक्षा में गणित के किसी भी काम को पूरा करने वाला पहला छात्र है और वह इस विषय से प्यार करता है।

# हरियाणा ने आतिथ्य सत्कार से जीता विदेशी मेहमानों का दिल

## जी-20 के प्रतिनिधियों के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से किया गया शानदार कार्यक्रम का आयोजन

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने कला-संसति, खान-पान और आतिथ्य सत्कार से जी-20 बैठकों में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों का दिल जीत लिया। शुक्रवार रात को पिंजौर के ऐतिहासिक यादवेंद्र गार्डन में सरकार की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें विदेशी मेहमानों को हरियाणा व देश की संस्कृति से रूबरू कराया गया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कृषि एवं किसान कृयाण मंत्री जेपी दलाल और विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। गार्डन में पहुंचे प्रतिनिधियों को भारत की अतिथि देवो भव- और वसुधैव कुटुंबकम् की परंपरा और समृद्ध कला संस्कृति से रूबरू कराने के लिए यह आयोजन किया गया है।



### संस्कृतिक प्रस्तुतियों से झूम उठे विदेशी मेहमान-

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। प्रदेश में विभिन्न त्योहार व अन्य अवसरों जुड़े पारंपरिक लोक नृत्यों लूर, घूमर, धमाल, फाग, फाल्गुन आदि की प्रस्तुति देते हुए हरियाणवी लोक शैली का प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया। इससे विदेशी मेहमानों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। विदेशी मेहमानों ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, कृषि एवं किसान कृयाण मंत्री श्री जे पी दलाल, विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र बबली सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाए।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों व तिलक लगाकर किया मेहमानों का अभिनंदन

**रात्रि** के समय यादवेंद्र गार्डन रंग - बिरंगी रोशनी से सराबोर नज़र आया, जो माहौल को और खुशनुमा और खास बना रहा था। विदेशी मेहमानों के आगमन पर मुख्य गेट पर पारंपरिक परिधान पहने हरियाणवी कलाकार ढोल नगाड़े बजाकर उनका अभिनंदन कर रहे थे। इसके बाद, मेहमानों को तिलक लगाकर व पारंपरिक लोक गीत गाकर स्वागत किया गया।

हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिनिधियों ने हरियाणा की मेजबानी की बहुत प्रशंसा की। यहां मिले सम्मान व सत्कार को उन्होंने अतुलनीय बताया। रात्रि भोजन पर हरियाणा के व्यंजनों, कला-संस्कृति पर आधारित पेंटिंग की प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विदेशी मेहमानों को प्रमुख महत्व वाले स्थानों, कला-संस्कृति, खान-पान आदि विविध पहलुओं से रूबरू कराया गया।

### मुख्यमंत्री नजर आए अनूठे अंदाज में

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल और कृषि एवं किसान कृयाण मंत्री जेपी दलाल और अन्य अतिथियों ने गार्डन का भ्रमण किया और जी - 20 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री अनूठे अंदाज में नज़र आए। उन्होंने भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कलाकरों से भी बातचीत की और उनकी हौसला अफजाई की। वे छोटे बच्चों के साथ भी खुशनुमा मूड में नज़र आए। उन्होंने ढोल नगाड़े बजाने वाले कलाकारों के साथ मिलकर ढोल भी बजाया, जिससे कलाकार भी और अधिक जोश व उत्साहित हो उठे।

## हरियाणा कमेटी ने संभाली गुरुद्वारा लखनौर साहिब की सेवा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने जिला अम्बाला के ऐतिहासिक गुरुद्वारा लखनौर साहिब, मरदों साहिब व गेंदसर साहब की सेवा भी संभाल ली है। कमेटी के मुख्यालय ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार कमेटी के पदाधिकारियों ने संगत के सहयोग से बहुत प्यार व सौहार्दपूर्ण तरीके से यह सेवा संभाल ली है। उल्लेखनीय है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के अधीन चल रहे हरियाणा के लगभग सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान की सेवा हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान महंत कर्मजीत सिंह सेवापंथी व महासचिव गुरविंदर सिंह धमीजा के कुशल नेतृत्व में पहले ही संभाल ली गई थी। कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य विनर सिंह साहा ने बताया कि इस समय हरियाणा के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान की सेवा हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पास है। इतना ही नहीं, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के अधीन चल रहे हरियाणा के अधिकांश शिक्षण संस्थान की सेवा भी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने संभाल ली है। इसके अलावा मीरी पीरी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च शाहाबाद की सेवा संभालने की प्रक्रिया भी चल रही है। उन्होंने हरियाणा की संगत का सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

# हाथ से हाथ जोड़ो के बाद जय भारत जन सत्याग्रह के तहत लोगों के घरों तक पहुंचेगे : सुरेश गुप्ता

### करनाल में जन सत्याग्रह को लेकर तैयारियां तेज, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**कांग्रेस** द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दो माह के सफल संयोजन के बाद अब कांग्रेस जय भारत जन सत्यागह शुरू करेगी। यह अभियान बीस अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत कांग्रेस के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मतदाताओं के द्वार पर दस्तक देंगे। इस अभियान के माध्यम से देश और प्रदेश में भाजपा सरकार के जन विरोधी कार्यों की पोल खोलेंगे। यह जानकारी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने दी। उन्होंने आज कांग्रेस कार्यकर्तओं की बैठक ली। इस बैठक में सैकड़ों वर्कर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अब राजनीतिक प्रतिशोध ले रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश के शहीदों स्वतंत्रता सैनानियों का अपमान कर रही ळैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता निरस्त करना संविधान विरोधी निर्णय हैं। भाजपा सरकार अब संवैधानिक संस्थानों की प्रतिष्ठा को आहत कर रही हैं। इस अवसर पर संजीब काम्बोज, सुखराम बेदी, जोगिंदर वाल्मीकि, ओमप्रकाश सलूजा, राजिंदर नंबरदार,धर्मपाल डाचर, राजिंदर भोला, दिलशैर डाचर, रोहित जोशी, दयाराम, रिंकल दावड़ा, के केभाटिया, सुनेहरा वाल्मीकि, दयाप्रकाश, रामपाल सैनी, जतिन रौड, राम सिंह काम्बोज, कृष्णा सौलंकी, अशोक दुगल, अश्वनी कौचर, प्रेम मलवानिया, राजू विंदल, नितिन कुमार, अखलेश गौतम, राम पालश् सतिंदर गांधी, विट्ठू संधू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकारी प्रधान सुरेश गुप्ता ने कहा कि देश में बदलाव आरहा हैं। आने वले दिन कांग्रेस के हैं।

## हरियाणा रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 375 नई इलेक्ट्रिक बसें

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नागरिकों को किफायती, सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण अनुकूलन सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए जल्द ही हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 375 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी। इस संबंध में आज यहाँ मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभाग उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक में बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कुल 5412 करोड़ रुपये के सामान और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह और कृषि एवं किसान कृयाण मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

# बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए मिलते हैं 80 हजार: उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**आजादी** अमृत काल में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कृयाण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिसका पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ उठाना चाहिए।

उपायुक्त अनीश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही इस योजना का लाभ दिया जा रहा था। वर्तमान प्रदेश सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का सराहनीय निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया है। हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी देते हुए बताया कि मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी पात्र परिवार को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए।

घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रार्थी की परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड नंबर, राशन पत्रिका, एससी, बीसी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, मोबाइल नंबर, घर के साथ फोटो, बिजली बिल-हाउस रजिस्ट्री-पानी बिल में से कोई भी दो, मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण जैसे कागजात जरूरी है।

## डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री बने हरियाणा की नयी अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष

**चंडीगढ़।** डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कल हरियाणा सरकार द्वारा गठित हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रख्यात शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। डॉ. अग्निहोत्री अनेक अकादमिक पदों के अतिरिक्त बाबा साहेब अम्बेडकर पीठ के अध्यक्ष, भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक, भारतीय भाषाओं की एकमात्र संवाद समिति हिन्दुस्तान समाचार के निदेशक मंडल के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. अग्निहोत्री द्वारा रचित जम्मू-कश्मीर की संस्कृति, गुरुनानक देवजी, भारतीय दशगुरु परम्परा आदि कृतियां विशेष रूप से चर्चित रही है।

# रोहतक के पहरावर में होगा परशुराम जयंती का आयोजन 23 को : नवीन जयहिंद

### जयहिन्द ने कहा कि हम सभी 36 बिरादरी को न्योता देंगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नवीन** जयहिन्द ने समाज के प्रतिनिधियो के साथ बैठकर एक मीटिंग की और सभी को 23 अप्रैल को रोहतक के पहरावर गांव में होने जा रही भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम का पीले चावल देकर न्योता दिया। जयहिन्द ने कहा कि हम सभी 36 बिरादरी को न्योता देंगे, जिसमे से गड़रिया समाज धर्मशाला, जोगी समाज धर्मशाला, पंजाबी धर्मशाला, कश्यप राजपूत धर्मशाला, जाट धर्मशाला आदि में पीले चावल देकर 23 अप्रैल परशुराम जयंती का न्यौता दिया। इस मौके पर प्रधान जिले सिंह पिचोलिया, पहलवान पवन शर्मा, प्रधान राम रत्न शर्मा पानीपत, सिया राम शास्त्री प्रदान जींद, डॉ. ओमनारायण शर्मा, हरी नारायण शर्मा, मनोज त्यागी, सुभाष शर्मा, आईडी भारद्वाज, श्याम लाल शर्मा प्रधान, वासुदेव शर्मा, सत्यनारायण शर्मा करनाल, यशपाल शर्मा कुरुक्षेत्र, जोनार्धन शर्मा करनाल, विक्की शर्मा कैथल, एमपी शर्मा पंचकूला, वीरेंद्र त्यागी यमुनानगर, राजेन्द्र कौशिक अम्बाला, सतबीर शर्मा कैथल, संदीप मुदगिल कुरुक्षेत्र आदि मौजूद रहे।



परशुराम जन्मोत्सव का न्योता देते नवीन जयहिंद।

## मांग, वोमेन सेल की तर्ज़ पर मैन सेल का भी गठन करे सरकार

**चंडीगढ़।** आज के समय में हम सब आम देख पा रहे हैं की तलाक के केस काफी ज़्यादा बढ़ रहे हैं, जिसमें यह भी देखने को मिला है की अधिकतर केसों में कुछ महिलाओं द्वारा उनके हक में कानून होने का नाज़ायज फायदा भी उठाया गया है द्य परन्तु वहीं, दूसरी तरफ देखा जाये तो हर जगह पुरुष भी गलत नहीं होते यह कहना है खालसा युथ क्लब पंचकुला के प्रधान सरदार विपिन प्रीत सिंह का द्य उनका कहना है की अधिकतर क़ानून महिलाओं के हक में होने से अधिकतर पुरुष इसका नाजायज शिकार हो रहे हैं द्य ऐसा भी देखा गया है की पुरुष की कोई गलती ना होने पर भी उसको जबरदस्ती अपनी पत्नी के अधिकारों का शिकार होना पड़ जाता है और पुरुष चाहे कहीं भी अपनी कंप्लेंट करे तो उसकी कोई सुनवाई नहीं होती बल्कि हर जगह पुरुष को ही धमकाया जाता है।

# फैशन शो दा स्पार्कलिंग मेलोडी प्रतियोगिता का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**आर्य** कन्या महाविद्यालय परिसर में फैशन डिजाईनिंग विभाग से हिमानी अग्रवाल, अकविंदर कौर एवं हरजीत कौर के निर्देशन में फैशन शो दा स्पार्कलिंग मेलोडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. अमनदीप कौर एसोसिएट प्रोफेसर एण्ड हैड डिपार्टमेंट ऑफ फैशन डिजाईन एंड अपैरल इंजिनियरिंग, टीआईटी एण्ड एस भिवानी मुख्यातिथि रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मेहमानो द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आरती त्रेहन ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में फैशन डिजाईनिंग विभाग की 35 छात्राओं ने भाग लिया। मुख्यातिथि डॉ अमनदीप कौर ने कहा कि दुनिया को सुंदर डिजाईनरस की सोच बनाती है। डिजाईनरस की सोच ही है जो बेजान कपड़े में भी जान डाल देती है। उन्होंने फैशन डिजाईनिंग विभाग को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में मंच का संचालन रजनी धवन और अंकिता हंस ने बखूबी निभाया। इसके पश्चात् स्वरित शर्मा (संगीत विभाग) ने गीत प्रस्तुत किया। रमनकांता शर्मा, प्रबंधक समिति सदस्यों ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस अवसर पर सरिता पूर्व सरपंच, कलसाना, सुमिति वासुदेवा, प्रधान इन्नरव्हील क्लब, माधुरी शर्मा, कोषाध्यक्ष इन्नरव्हील क्लब, आरुषि पुत्रवधू रामकरण विधायक, आशिमा बत्रा प्रधानाचार्या ब्रिलियंट माइंड आर्यन पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे।



आर्य कन्या महाविद्यालय परिसर में प्रतियोगिता में अवल रहने वाली छात्राओं को सम्मानित करते मेहमान।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में मनाया प्रवेश उत्सव



विद्यार्थियों का स्वागत करते अध्यापक।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने निकटवर्ती गांव के माध्यमिक विद्यालय सराय सुखी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय कतलहरी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटवान व राजकीय प्राथमिक स्कूल बडाम स्कूल से आए हुए अध्यापक गणों व विद्यार्थियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने अध्यापक गण व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय ने इस वर्ष खंड स्तर व जिला स्तर पर मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण योजना के तहत प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह स्कूल संपूर्ण सुविधाओं से परिपूर्ण है।

उन्होंने आश्वासन दिलाया कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर ब्लॉक समिति अध्यक्ष सुमन लता, एसएमसी प्रधान रचना देवी, समाज सेवक सुरजीत सिंह, गांव के गणमान्य व्यक्ति व विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# प्रेम पुरुषोतम है भगवान श्रीकृष्ण : अनिल शास्त्री

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**गो** गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर-8 हाउसिंग बोर्ड के पार्क में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में उपस्थित श्रोताओं को समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का रसपान करवाया। विवाह के बाद कंस अपने रथ पर बासुदेव और देवकी के साथ जा रहे थे। तभी आकाश से घोर गर्जना होती है कि कंस, देवकी के गर्भ से जन्मीं आठवीं संतान तेरा काल बन कर तेरा नाश करेगी। कंस ने भय के वशीभूत होकर अपनी बहन देवकी एवं बासुदेव को कारागार मे डाल दिया और एक एक कर छह संतानों का जन्म लेने के साथ ही वध कर दिया। सातवे गर्भ का संकर्षण हो गया। उधर देवकी ने आठवां गर्भ धारण किया, तभी कंस ने सैनिकों को सावधान कर दिया कि मेरा काल आ रहा है। भाद्रक्रष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि मे भगवान नारायण बालक के रूप मे प्रकट हुए और कहा कि मुझे गोकुल नंदबाबा के यहा छोड़ आए तथा वहां से योगमाया को साथ ले आए। तभी हाथों और पांवों को जकड़े हुईं बेड़िया खुल गई।

टोकरी मे बालक को सावधानी पूर्वक रख कर यमुना नदी पार करते समय बारिश आ गई और बारिश से बचाव के लिए नागराज अपना धाम छोड़ आए और छत्ते की तरह भगवान को भीगने से बचाया। भागवत कथा में पंडित रंगनाथ त्रिपाठीं ने मुख्य यजमान नगर परिषद की अध्यक्षा उमा सुधा नवीन बंसल, सुनीता बंसल, अशोक गर्ग, एस.पी गुप्ता, डॉ. सचिन शर्मा, सुरेंद्र कुमार शालू देवी ने भागवत जी का पूजन करवाया। आरती में शामिल लक्ष्मी अरोड़ा, वी.पी गौड़, सशि गौड़, डॉ. कृष्ण लाल, रमेश राणा, सुल्तान सिंह, डी.डी बतरा, गौतम कौशिक, सूरज प्रकाश भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, बी.एल.अरोड़ा, रमेश अरोड़ा, सुशील कंसल, सुशील सिंगला, बबिता, आशा, दर्शना, दीक्षा, कीरण, कुसुम, ममता, मीना, नीलम, प्रियंका, डॉ रमेश अरोड़ा, एडवोकेट दिनेश राणा, रमेश गर्ग, अशोक गर्ग आदि अन्य सैकड़ों पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया।



कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

# अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड ने सेबी के सामने डीआरएचपी फाइल किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा

**अपडेटर** सर्विसेज लिमिटेड कंपनी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड भारत में एक अग्रणी, केंद्रित और इंटीग्रेटेड बिजनेस सर्विसेज प्लेटफॉर्म है, जो देशव्यापी उपस्थिति के साथ अपने ग्राहकों को इंटीग्रेटेड फेसिलिटी मैनेजमेंट (आईएफएम) सेवाएं और बिजनेस सपोर्ट सेवाएं (बीएसएस) प्रदान करता है।

एफ एंड एस रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी भारत में आईएफएम बाजार में दूसरी सबसे बडी खिलाडी है और उद्योग में सबसे व्यापक सेवाओं की पेशकश करती है, जो उन्हें बाजार में इसे सबसे अलग खिलाड़ी बनाती है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से फंड जुटाने की योजना बना रही है जिसमें (ए) 4,000 मिलियन (400 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और (बी) 13,300,000 (1.33 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 10 है। कंपनी फ्रेश इश्यू से होने वाली आय का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव करती है- (ए) कंपनी द्वारा 1,330 मिलियन (133 करोड़) की राशि के कुछ उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (बी) 1,550 मिलियन (155 करोड़) की राशि के जरिये पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं की फंडिंग (सी) इनऑर्गेनिक इनिशिएटिव के लिए 800 मिलियन (80 करोड़) और (डी) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

इक्विटी शेयरों की बिक्री के प्रस्ताव में 13,300,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। टैंगी फैसिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 6,650,000 शेयर तक, इंडिया बिजनेस एक्सीलेंस फंड-सेकेंड द्वारा 1,330,000 शेयर तक और 5,320,000 शेयर तक इंडिया बिजनेस एक्सीलेंस फंड सेकेंड ए द्वारा।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सर्वप्रथम कक्षा 6वीं और 9वीं के छात्र-छात्राओं का तिलक लगा कर व पुष्प वर्षा के साथ विद्यालय परिसर में स्वागत किया गया। हवन यज्ञ में बच्चों ने मंत्रों के साथ आहुतियां डाली।

इस दौरान विद्यार्थियों में भी नई कक्षाओं में आने पर विशेष उत्साह दिखाई दिया। यज्ञ के समापन में विद्यार्थियों ने मन लगा कर पढ़ने का संकृप लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर नई कक्षाओं में बिठाया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य के अलावा प्राध्यापक अशोक शर्मा, अनिल, आनंद शली, हरदीप सिह, संजीव कुमार, मुकेश, सोनू, सुजाता, सुचेता शर्मा और सुखबीर सिंह के साथ साथ बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे रहे।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारंभ करते प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह और अन्य।

## रूकमणि स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र शुभारंभ

**शाहाबाद मारकंडा।** रूकमणि राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन यज्ञ कर नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 का शुभारंभ किया गया। हवन में पुरोहित चेतनानंद मोदगिल, प्रबंधन समिति के प्रधान कुलदीप गुप्ता, मैनेजर रामलाल बंसल, कोषाध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता, अंशुल बंसल, प्राचार्य डा. दिव्या कौशिक, संयोजक प्रोमिला शर्मा, सह प्राचार्य संजय ठुकराल, नीतू कालड़ा, अध्यापकगण व विद्यार्थियों ने आहुतियां डाली। विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता ने यज्ञ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी न केवल अनले माता-पिता अपितु अपने स्कूल व नगर का नाम भी रोशन करते है। प्राचार्य डा. दिव्या कौशिक ने विद्यार्थियों को उत्तम विद्या ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सुकवि-संवाद




सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### व्यथा

कहाँ मन की सुने, ये जग तो केवल तन समझता है
कि सच्चे प्रेम को बस व्यर्थ का बंधन समझता है
कहानी और सच्चे दर्द में अन्तर है इतना सा
कथा दुनिया समझती है,व्यथा बस मन समझता है

# भारत ने 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात किया

## 2021-22 में देश का रक्षा निर्यात 12,814 करोड़ रुपये था



एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो अब तक सर्वाधिक है। उन्होंने इस वृद्धि को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में देश का रक्षा निर्यात 12,814 करोड़ रुपये था।

रक्षा मंत्री ने ने ट्विटर पर कहा, भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपये के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में हमारा रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक, भारत ने 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपये, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपये और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया था। 2017-18 में देश का कुल रक्षा निर्यात 4,682 करोड़ रुपये और 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये का था। केंद्र सरकार ने 2024-25 तक 1,75,000 करोड़ रुपये के रक्षा



हार्डवेयर के उत्पादन के साथ ही रक्षा निर्यात को 35,000 करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। पिछले कुछ सालों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

# भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा अमेरिका का प्रतिष्ठित संग्रहालय

एजेंसी। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** का प्रतिष्ठित मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा। उसने यह कदम तब उठाया है, जब उसे पता चला है कि ए मूर्तियां भारत से गैरकानूनी तरीके से अमेरिका लाकर बेची गई थीं।

संग्रहालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि वह 15 मूर्तियां भारत सरकार को लौटाएगा। इनमें पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 11वीं ईसवी की मूर्तियां शामिल हैं, जो टेराकोटा, तांबा और पत्थर से बनी हैं।

ये सभी मूर्तियां कुख्यात डीलर सुभाष कपूर ने बेची थीं, जो अभी भारत में जेल की सजा काट रहा है। बयान में कहा गया है, संग्रहालय पुरातात्विक कला वस्तुओं को जिम्मेदार तरीके से अधिग्रहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संग्रहालय संदिग्ध डीलरों से मिली प्राचीन वस्तुओं के इतिहास की सक्रियता से समीक्षा कर रहा है।

# कमला हैरिस ने किया सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान

**लुसाका (जाम्बिया)।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अफ्रीका को जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की तैयारी करने में मदद देने के वास्ते निजी क्षेत्र में सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान किया है। यह घोषणा तब की गई है, जब हैरिस ने शनिवार को इस महाद्वीप की एक सप्ताह लंबी यात्रा पूरी की। उन्होंने जाम्बिया के राष्ट्रपति हकाइंदे हिचिलेमा के साथ शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका जलवायु अनुकूलन और शमन में काम आने वाले इस तरह के नवोन्मेषी समाधानों के लिए प्रतिबद्ध है।

## जयपुर बम धमाके पर कोर्ट के निर्णय का विरोध

# हाइकोर्ट के फैसले को शीर्ष न्यायालय में चुनौती देगी राजस्थान सरकार

### मुख्यमंत्री बोले मामले में विशेष अनुमति याचिका दायर करेंगे

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** सरकार ने जयपुर में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट से संबंधित मामले में चार आरोपियों को राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार इस मामले में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेगी।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार रात को मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि 2019 के जिला न्यायालय के फैसले को पलटते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने सभी आरोपियों को बरी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसलिए वह जल्द ही उच्च न्यायालय के फैसले के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करेगी।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में पैरवी के लिए नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेन्द्र यादव की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया। गहलोत ने ट्वीट किया, उच्च स्तरीय बैठक में परीक्षण के बाद जयपुर बम विस्फोट के मामले में उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील का फैसला लिया है। राज्य सरकार सर्वश्रेष्ठ वकील के माध्यम से पीड़ितों के साथ न्याय सुनिश्चित करेगी।

राजस्थान उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में निचली अदालत का फैसला पलटते हुए उन चार आरोपियों को बरी कर दिया जिन्हें विशेष अदालत ने 2019 में फांसी की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने खराब जांच के लिए जांच एजेंसी को फटकार भी लगाई। राजस्थान की विशेष अदालत ने 18 दिसंबर 2019 को इस मामले में आरोपी मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सलमान और सैफुर्रहमान को दोषी माना था जबकि शाहबाज हुसैन को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया था। राज्य सरकार ने शाहबाज हुसैन को बरी किए जाने के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।



### 2008 में आठ बम धमाकों से गूंज गया था जयपुर

**राजस्थान** की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 को सिलसिलेवार हुए आठ बम धमाकों में कम से कम 71 लोगों की मौत हुई थी और 180 से अधिक घायल हुए थे। इन आठ सिलसिलेवार बम धमाकों ने जयपुर के परकोटे शहर को हिला दिया था। पहला धमाका चांदपोल हनुमान मंदिर और उसके बाद दूसरा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर पर हुआ था। इसके बाद बड़ी चौपड़, जोहरी बाजार, छोटी चौपड़ और तीन अन्य स्थानों पर धमाके हुए थे। बम साइकिल पर टिफिन बॉक्स में रखे गए थे। रामचंद्र मंदिर के पास से एक बम बरामद किया गया, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया था। इस सिलसिले में एक अलग मामले पर सुनवाई जारी है।

# मुरलीधरन को बोलने का मौका न देना अपमानजनक: थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में ऐतिहासिक वैकोम सत्याग्रह पर कांग्रेस के हाल के कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन को बोलने का अवसर न दिए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को इस घटना को वरिष्ठ नेता के लिए अपमानजनक बताया। थरूर ने कहा कि अगर पार्टी को उचित तरीके से आगे बढ़ना है तो उसके वरिष्ठ नेताओं से इस तरीके से बर्ताव नहीं किया जाना चाहिए। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा, वह वरिष्ठ नेता हैं।

वह केपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष हैं। उन्होंने पार्टी में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे वरिष्ठ व्यक्ति का अपमान करना सही नहीं है। उनकी यह टिप्पणी तब आई है जब कांग्रेस के दिवंगत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण के बेटे मुरलीधरन ने बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलने का अवसर न दिए जाने पर अंसतोष जताया। मुरलीधरन ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि उन्हें जानबूझकर नजरअंदाज किया गया क्योंकि केपीसीसी के दो पूर्व प्रमुखों रमेश चेन्नीथला और एम एम हासन को बोलने का मौका दिया गया लेकिन उन्हें नहीं दिया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के सी वेणुगोपाल और केपीसीसी प्रमुख के. सुधाकरन से कहा है कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो वे मुझे बता सकते हैं।

## सांप्रदायिक तनाव पर नीतीश ने कहा

# गड़बड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

### हिंसा को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री का दौरा भी हुआ रद्द

एजेंसी। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि सासाराम और बिहारशरीफ शहरों में रामनवमी उत्सव के दौरान सांप्रदायिक तनाव कुछ लोगों द्वारा शरारत में शामिल होने के कारण हुआ। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज कर दिया कि यह राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के खराब होने का संकेत देता है।

यहां मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत करते हुए, कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दंगों के मद्देनजर सासाराम के अपने दौरे को रद्द करने पर कहा, "मुझे नहीं पता कि वह क्यों आ रहे थे और मुझे समझ में नहीं आया कि उन्होंने क्यों नहीं आने का फैसला किया। सासाराम और बिहारशरीफ की घटना से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, जो घटना घटी है वह बहुत ही दु:ख की बात है और जरूर किसी-न-किसी ने इसमें गड़बड़ किया है। हमने अधिकारियों को कहा है कि पता करें कि किसने गड़बड़ किया है ? जैसे ही इसके (दंगे के) बारे में पता चला, तत्काल इसे नियंत्रित किया गया। हमने अधिकारियों से कहा है कि गड़बड़ करनेवालों का पता लगाएं और उसपर कड़ी कार्वाई करें। मुझे इस तरह की घटना से बहुत तकलीफ हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सासाराम में आयोजित कार्यक्रम के रद्द होने से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उसके बारे में उन्हें नहीं पता है। बिहार में कानून व्यवस्था पर भाजपा द्वारा उठाए जा रहे सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के कोई भी मंत्री आते हैं तो उन्हें सुरक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जो जिम्मेवारी है सब पूरी की जाती है। उन्होंने कहा, हम लोग सभी लोगों का ध्यान रखते हैं वे ध्यान रखें या न रखें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह किसलिए आ रहे थे वही जानें, क्यों नहीं आ रहे हैं वही जानें। लेकिन राज्य सरकार की तरफ से हर तरह की सुरक्षा दी जाती है। बिहार में कानून व्यवस्था ठीक है। कानून व्यवस्था की कोई दिक्कत नहीं है,



सरकार पूरी तरह अलर्ट है। पुलिस ने सासाराम और बिहारशरीफ में रामनवमी उत्सव के दौरान भड़के सांप्रदायिक दंगों के सिलसिले में अब तक 45 लोगों को गिरफ्तार किया है। वाहनों, घरों और दुकानों को आग लगा दी गई और दोनों कस्बों में सांप्रदायिक भड़कने में कई लोग घायल हो गए। सासाराम में उपद्रव जो पहली बार पिछले शाम को भड़का था, शुक्रवार दोपहर फिर से शुरू होने के बाद जिला प्रशासन ने धारा 144 लगाने का आदेश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सासाराम का अपना दौरा रद्द कर दिया है जहां पहले से ही निषेधाज्ञा लागू है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश भाजपा प्रमुख सम्राट चौधरी ने कहा कि शाह शनिवार शाम को पटना पहुंचेंगे, रविवार को नवादा लोकसभा क्षेत्र में वह पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

# कमलनाथ ने दी अवैध निर्माण न तोड़े जाने पर अदालत जाने की चेतावनी

इंदौर मंदिर हादसा

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हादसे की वजह अवैध निर्माण बताया

एजेंसी। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**इंदौर** में बावड़ी पर बने एक मंदिर का फर्श धंसने से 36 श्रद्धालुओं की मौत को अवैध निर्माण का परिणाम बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शनिवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला बोला।

कमलनाथ ने कहा कि अगर सात दिनों के भीतर इस परिसर का अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, तो कांग्रेस उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेगी। कमलनाथ ने हादसे में घायल लोगों का एक निजी अस्पताल में हाल-जाना और पटेल नगर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर का दौरा किया जहां यह घटना हुई थी। इस मंदिर में 30 मार्च को रामनवमी पर हवन के दौरान फर्श धंसने से 21 महिलाओं और दो बच्चों समेत 36 श्रद्धालुओं की बावड़ी में गिरने से मौत हो गई थी। हादसे के बाद प्रशासन ने इस मंदिर के मुख्य द्वार और बावड़ी तक पहुंचने के मार्ग को लोहे की चादर लगाकर बंद कर दिया है। कमलनाथ ने संवाददाताओं से कहा,यह हादसा बावड़ी पर अवैध निर्माण का परिणाम है जिससे इंदौर देश-दुनिया में कलंकित हुआ। अगर सात दिन के भीतर यह अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, तो हम इसे हटवाने के लिए उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इंदौर नगर निगम ने सत्तारूढ़ भाजपा के राजनीतिक दबाव के चलते बावड़ी के आस-पास अवैध निर्माण नहीं हटाया।

# अमेरिका ने की वानुआतु में दूतावास खोलने की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका दक्षिण प्रशांत के द्वीपीय देश वानुआतु में अपना दूतावास खोलेगा। इस कदम को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को रोकने और उससे मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। ानुआतु की राजधानी पोर्ट विला में स्थापित किया जाने वाला यह नया दूतावास पांचवां ऐसा राजनयिक मिशन होगा, जिसे अमेरिका ने पिछले तीन साल में इस क्षेत्र में खोला है या फिर खोलने की घोषणा की है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के तहत वानुआतु में एक स्थाई राजनयिक उपस्थिति से अमेरिकी सरकार को वानुआतु के अधिकारियों और समाज के साथ संबंधों को गहरा करने में मदद मिलेगी।

## राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने किया ट्वीट

# भाजपा 2024 के आम चुनाव को लेकर सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की योजना बना रही

एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शनिवार को आरोप लगाया कि 2024 में होने वाले आम चुनावों के करीब आने के मदेदनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की योजना बना रही है और पश्चिम बंगाल तथा गुजरात में हुई हालिया घटनाएं इसका ट्रेलर हैं।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा शहर में बृहस्पतिवार को रामनवमी पर शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इसे लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। रामनवमी के दौरान गुजरात और महाराष्ट्र से भी



हिंसा की खबरें मिली थीं। सिब्बल ने ट्वीट किया, 2024 नजदीक आ रहा है, ऐसे में भाजपा इन योजनाओं पर काम कर रही है। साथ ही लिखा कि सांप्रदायिक हिंसा, नफरती भाषण एवं सामग्री, अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करना, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो), निर्वाचन आएाग का इस्तेमाल कर विपक्ष को निशाना बनाना। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात में हुई हिंसा की घटनाएं इसका ट्रेलर हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### कनाडा सीमा के पास मृत मिले आठ प्रवासियों में भारतीय भी शामिल

**टोरंटो।** कनाडा की पुलिस ने कहा है कि उसने कनाडा से अवैध तरीके से अमेरिका में घुसने की कोशिश के दौरान सेंट लॉरेंस नदी में डूबने वाले दो और प्रवासियों के शवों को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, दो और शव मिलने से प्रवासियों से भरी एक नौका के पलटने से जुड़ी घटना में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिसमें एक भारतीय परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, दोनों शव एक्वेसस्ने के पास नदी के किनारे दलदल से मिले हैं। एक शख्स अब भी लापता है। पुलिस ने कहा कि माना जाता है कि मृतक एक भारतीय और एक रोमानियाई परिवार के सदस्य हैं, जो कनाडा से अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनमें तीन साल से कम उम्र के दो बच्चे भी शामिल हैं, जो कनाडा के नागरिक हैं। एक्वेसस्ने मोहौक के पुलिस प्रमुख शॉन डुलूड ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। मॉन्ट्रियाल एक रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि पुलिस कनाडा के आव्रजन विभाग के साथ मिलकर पीड़ितों की पहचान करने और उनके रिश्तेदारों का पता लगाने के लिए काम कर रही है। खबर में कहा गया है कि पुलिस ने नदी के पास निगरानी भी बढ़ा दी है।

### भूटान के राजा तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को तीन दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे और इस दौरान वह दोनों देशों के करीबी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे विशेष तौर पर आथिक एवं विकास सहयोग के बारे में। भूटान के राजा भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि वांगचुक के साथ भूटान के विदेश व विदेश व्यापार मंत्री टैंडी दोरजी और भूटान की शाही सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री भी आएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक तीन से पांच अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। बयान में कहा गया कि राजा की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की पंरपरा के तहत हो रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और भूटान करीबी मित्रता और सहयोग को साझा करते हैं जो समझ और आपसी विश्वास पर आधारित है।

### प्रयागराज के नेहरू कांप्लेक्स में आग पर पाया काबू

**प्रयागराज।** नगर के पुराने चौक में घंटाघर स्थित नेहरू कांप्लेक्स में शनिवार सुबह लगी आग पर साढ़े चार घंटे में काबू पा लिया गया और दोपहर लगभग एक बजे तक आग पूरी तरह बुझ गई। सीएफओ राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि आज सुबह करीब साढ़े आठ बजे घंटाघर स्थित नेहरू कांप्लेक्स में आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। उन्होंने बताया कि घटना की भयावहता को देखते हुए पूरे जनपद से विभाग की 20 गाड़ियों और लगभग 100 अधिकारियों, कर्मचारियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया और हाइड्रोलिक मशीनों को भी उपयोग में लाया गया।

### अमित शाह का सासाराम दौरा रद्द

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बिहार दौरे पर सासाराम जाने की योजना रद्द कर दी है, जहां रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को यह जानकारी दी।पटना में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चौधरी ने कहा, शाह शनिवार शाम को पटना पहुंचेंगे और तय कार्यक्रम के अनुसार नवादा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। हालांकि, उन्हें सासाराम में सम्राट अशोक के जयंती समारोह में शामिल होने की अपनी योजना को रद्द करना पड़ा है।

### ट्रंप ने 24 घंटे में 40 लाख डॉलर चंदा जुटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 में एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी दिए जाने के बाद पूर्व राट्रपति ने 24 घंटे में 40 लाख डॉलर से अधिक की राशि जुटाई। जारी एक विज्ञप्ति में शुक्रवार को बताया गया कि ट्रंप की चुनाव प्रचार मुहिम के लिए इसमें से 25 प्रतिशत से अधिक राशि उन लोगों ने उपलब्ध कराई है, जिन्होंने उन्हें पहली बार चंदा दिया है। इससे राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की उनकी दावेदारी को बल मिला है।

# सरकार का एजेंडी पर्यावरण और वन कानूनों को कमजोर करना : कांग्रेस

### कहा, जल और वन संबंधी उपलब्धियों को खत्म हो रहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का एजेंडा पर्यावरण और वन संबंधी कानूनों को कमजोर करने का है क्योंकि वह इन कानूनों को सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में नहीं देखती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरा होने के मौके पर यह दावा भी किया कि मोदी सरकार पर्यावरण, जल और वन संबंधी उपलब्धियों को खत्म कर रही है।

प्रोजेक्ट टाइगर वर्ष 1973 में शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस परियोजना का मकसद देश के राष्ट्रीय उद्यानों में बाघों को आश्रय प्रदान करना है। कांग्रेस महासचिव ने संवाददाताओं से कहा, आज हम प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधीजी ने की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य केवल चीतों का संरक्षण ही नहीं था, बल्कि जंगल को भी सुरक्षित रखना था। रमेश के मुताबिक, इंदिरा गांधी जो कहती थीं वो करती थीं। वह कैमराजीवी नहीं थीं। उन्होंने



### पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बिगाड़ा जा रहा

**कानूनों** को कमजोर किया जा रहा है। पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बिगाड़ा जा रहा है। कांग्रेस नेता ने यह आरोप भी लगाया, इनका (सरकार) एजेंडा यह है कि पर्यावरण और वन कानूनों को कमजोर किया जाए क्योंकि सरकार और नीति आयोग का यह नजरिया है कि ये कानून विनियामक बोझ हैं। वे इन कानूनों को सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में नहीं देखते।

पर्यावरण, जल और वन संरक्षण के लिए जो कदम उठाए तथा उनके समय जो कानून बनाए गए वो मील का पत्थर साबित हुए। उन्होंने दावा किया, कुछ महीने पहले वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन लाया गया। हमने उसका विरोध किया क्योंकि उस संशोधन से हाथियों के व्यापार का रास्ता खुलेगा। कुछ दिन पहले वन संरक्षण संशोधन विधेयक को संयुक्त समिति को भेजा गया, उसे स्थाई समिति को नहीं भेजा गया है क्योंकि मैं इस समिति (पर्यावरण संबंधी) का अध्यक्ष हूं। रमेश ने आरोप लगाया, 50 साल में वन और वन्यजीवों को बचाने के लिए जो उपलब्धियां हासिल हुई थीं वो सब आज खतरे में है।

### गहलोत ने अमृतपाल के उदय के लिए भाजपा की विचारधारा को जिम्मेदार ठहराया

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंजाब में अमृतपाल सिंह जैसे अलगाववादियों के उदय के लिए केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अपनाई जा रही हिंदू राष्ट्र की विचारधारा को जिम्मेदार ठहराया। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस में गुटबाजी व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ सत्ता संघर्ष को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि हर पार्टी में छोटे-मोटे मतभेद होते हैं। गहलोत ने विश्वास व्यक्त किया कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस राज्य में सत्ता में वापस आएगी। उन्होंने कहा कि वह मिशन 156 लेकर चल रहे हैं। राज्य में कुल 200 सीटें हैं। गहलोत ने पंजाब में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के उदय के लिए भाजपा व आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की विचारधारा पर निशाना साधते हुए कहा, हमें देश की चिंता करनी चाहिए।

# दिल्ली सरकार ने शराब बिक्री से अब तक सबसे ज्यादा कमाई की : अधिकारी

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार साल के बीच में आबकारी नीति में बदलाव और रद्द हो चुकी नीति के खिलाफ जांच के बावजूद 2022-23 में शराब बिक्री से 5,548.48 करोड़ का राजस्व हासिल करने में सफल रही, जो अब तक का सर्वाधिक आबकारी राजस्व है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 17 लाख बोतलों की दैनिक औसत बिक्री के साथ, आबकारी विभाग का दैनिक औसत राजस्व 19.71 करोड़ रुपये रहा, जिसके चलते 2021-22 की तुलना में राजस्व में वृद्धि हुई है।

अधिकारी ने कहा, हमने 2021-22 में आबकारी और वैट सहित 6,762 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व हासिल किया था, जो 2022-23 में बढ़कर 6,821 करोड़ रुपए हो गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को एक नई आबकारी नीति लागू की थी। बाद में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों के चलते इस नीति को रद्द कर दिया गया।

इस नीति के तहत निजी विक्रेताओं ने पूरे शहर में शराब की दुकानें खोली थीं। हालांकि, पिछले साल उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की, जिसके बाद दिल्ली सरकार ने नीति को वापस ले लिया था। आबकारी नीति (2021-22) को आखिरकार अगस्त, 2022 में समाप्त कर दिया गया।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 02 अप्रैल, 2023



# नोएडा में 26 सेक्टरों में मई से मिलेगा गंगाजल

## तीसरे फेज में 37.50 क्यूसेक पानी के लिए 90 एमएलडी परियोजना का 95 प्रतिशत काम पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




**नोएडा** के 26 सेक्टरों के 6 लाख लोगों को मई से मीठा जल गंगाजल मिलने लगेगा। इसके लिए तीसरे फेज 37.50 क्यूसेक गंगाजल 90 एमएलडी परियोजना का 94.50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

ये काम उप्र जल निगम कर रही है। परियोजना पर 304.18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें 228.14 करोड़ रुपए प्राधिकरण खर्च कर रहा है। परियोजना से नोएडा को कुल 330 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। यह योजना 50 क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमें नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल मिलेगा और यूपीएवीपी का 25 प्रतिशत 22.5 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई की जाएगी। 14 मार्च 2018 को योजना पर कार्य शुरू किया गया। 30 नवंबर 2021 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था।

इस योजना को 30 अप्रैल 2023 तक पूरा किया जा सकता है। प्राधिकरण ने बताया कि उप्र जल निगम गाजियाबाद की ओर से डासना में 80 मीटर भूमि अधिग्रहीत न होने पर यहां 1200 एमएम का पाइप नहीं डाला गया है। इसके लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ये काम जल्द पूरा हो जाएगा। इसके अलावा विभाग की ओर से हैड रेग्युलेटर से प्राइमरी ट्रिटमैंट प्लांट तक चैनल का निर्माण नहीं होना है।

इन दोनों कार्यों को इसी महीने पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद गंगाजल की सप्लाई शुरू की जा सकेगी। वर्तमान में प्राइमरी ट्रीटमेंट का कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया जा चुका हैं। 120 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य करीब पूरा हो चुका है। 1500 एमएमडाया की 7.8 किमी लंबाई में पाइप बिछाने के का काम किया जा रहा है। फिलहाल ये पैंच पूरा होने के बाद लोगों को गंगाजल मिलेगा।

### इन इलाकों को मिला लाभ

इस परियोजना से 26 सेक्टरों के लाखों लोगों को गंगाजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें सेक्टर.122, 128, 130, 131, 133, 134, 135, 137, 143, 144, 145, 143बी, 146, 147, 151, 168 शामिल है। इन सेक्टरों में करीब 6 लाख लोग रहते है। साथ ही इनमें से कुछ सेक्टर औद्योगिक विकास के है।

## थाना शालीमार गार्डन शुरू, 24 घंटों में सात मुकदमे दर्ज

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट सिस्टम और जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिये स्थापित किये गए नवसृजित शालीमार गार्डन थाने में विधिवत रूप से विधिक कार्य होने शुरू हो गये।

सूत्रों के अनुसार इस थाने के प्रारंभ होने के शुरुआती 24 घंटों में जहां सात मुकदमे दर्ज हुए वहीं पहली रिपोर्ट डीएलएफ में हुए झगड़े/बलवे की हुई। वहीं दूसरी ओर इस थाने की पुलिस ने अमन उर्फ बंदर निवासी पसौंड़ा व दानिश निवासर सोनिया विहार खजूरी दिल्ली नामक दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करके गुडवर्क का भी श्रीगणेश कर दिया। इस गुडवर्क के संदर्भ में एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर लुटेरे हैं। ज्ञात हो कि इलाके में बढ़ते अपराधों को देखते हुए क्षेत्र में नया थानों खुला गया है। उम्मीद जताई जा रही है इस प्रयास से अपराधों में कमी आएगी।

## प्रेमिका को मौत के घाट उतारा ओयो होटल में मिला शव

- प्रेमी की शादी तय होने से थी नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**नोएडा** में ओयो होटल के रूम नंबर-104 में प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर दी। होटल के बाथरुम में उसका शव मिला। महिला पहले से शादी शुदा थी। शुक्रवार दोपहर को प्रेमी से मिलने होटल आई थी।

पुलिस ने बताया कि प्रेमी की शादी होने वाली थी। प्रेमिका शादी का विरोध करती थी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। घटना सेक्टर-63 के छिजारसी का है।

राजविला होटल के कर्मचारियों ने बताया कि अनीता शुक्रवार की दोपहर को सोनू नामक के युवक के साथ आई थी। देर शाम जब होटल का स्टाफ कमरे में पहुंचा तो अनीता बाथरुम में लहूलुहान हालत में मृत पड़ी हुई थी। कमरे से सोनू नहीं था। होटल मैनेजर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृत महिला की पहचान अनीता पत्नी राजेंद्र बाबू निवासी इटावा के रूप में की है।

पुलिस ने मृतका के पति राजेंद्र बाबू को इस हादसे की सूचना दी। राजेंद्र ने बताया कि सोनू उनका दूर का रिश्तेदार है और वह भी हाल में चोटपुर कॉलोनी में उनके पड़ोस में रह रहा है। राजेंद्र कुमार एक कंपनी में मजदूरी का काम करता है। वहीं, हत्यारोपी सोनू कुमार गारमेंट की एक कंपनी में कटिंग का काम करता है। पुलिस ने पति की तहरीर पर आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएचओ अमीत कुमार मान ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे ओयो होटल के मैनेजमेंट ने उन्हें फोन कर इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनीता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अनीता के सिर व चेहरे पर चोट के निशान मिले है। महिला के दो बच्चे है। इसमें बड़े लड़के की उम्र करीब 18 साल है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आरोपी महिला को अपने साथ लेकर ओयो होटल में आया था।

जिस लड़की से शादी तय हुई थी होटल में उसी लड़की का फोन आ गया था। इसके बाद दोनों के बीच वाद विवाद हो गया। जिसको लेकर आरोपी ने महिला की हत्या कर होटल से फरार हो गया।

एसएचओ अमीत कुमार मान ने बताया कि मृतक अनीता अपने पति के साथ चोटपुर कालोनी में किराए के मकान में रहती थी। वह मूल रूप से इटावा के रहने वाली थी। प्रेमी सोनू उसका दूर का रिश्तेदार है। पिछले कुछ दिनों से सोनू नोएडा के चोटपुर कालोनी में किराए के मकान में रहने लगा। दोनों के बीच काफी नजदीकी बढ़ने लगी। इसके बाद शुक्रवार शाम को उसने अनीता को ओयो होटल बुलाया। एसएचओ अमीत कुमार मान ने बताया कि सोनू की शादी जल्द होने वाली थी। प्रेमिका अनीता इसका विरोध कर रही थी। अनीता बार बार सोनू पर शादी नहीं करने का दवाब बना रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि उसने किसी भारी हथियार से उस पर हमला कर हत्या कर दिया। ओयो होटल में लगे कैमरे की फुटेज, एंट्री रजिस्टर सहित अन्य चीजों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी सोनू से पूछताछ की जा रही है।

## ऋतु बनीं अपर निदेशक नगर विकास पांच आईएएस का भी हुआ तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**उत्तर** प्रदेश शासन ने आईएस व पीसीएस अफसरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है जिसमें गाजियाबाद में तैनात सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

ऋतु सुहास को अपर निदेशक लोकबाड़ी नगर विकास बनाया गया है। बता दें कि इनके पति आईएएस सुहास एलवाई लखनऊ में सचिव खेल एंड डीजी होमगार्ड पद पर तैनात हैं। जिले में तैनात एडीएम सिटी बिपिन कुमार को एडीएम प्रशासन के पद पर तैनात किया गया है। उनके पद पर यहां सिटी मजिस्ट्रेट पद पर तैनात गंभीर सिंह को एडीएम सिटी बनाया गया है। पीसीएस बिपिन कुमार जिले में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर रह चुके हैं, फिर उनका प्रमोशन किया गया और शासन ने उन्हें जिले में ही एडीएम सिटी की जिम्मेदारी दी और अब वह एडीएम प्रशासन पद पर तैनात किए गए हैं।

## अधिकारी से परेशान किसान ने काटी नस

**गाजियाबाद।** डिडौली गांव में एक किसान ने अधिकारियों के रवैए से परेशान हो अपने हाथ की नस काट ली है। शनिवार को समाधान दिवस में अधिकारियों को सामने अपने हाथ की नस काट ली। किसान की पहचान सुशील कुमार के रूप में हुई है।

नस काटने के बाद किसान को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनको मेरठ रेफर कर दिया गया। फिलहाल किसान की हलात गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि किसान आबादी की संपत्ति की पैमाइश कराने की मांग कर रहे थे। आरोप है कि कई बार शिकायत देने के बाद भी लेखपाल उनकी सुनवाई नहीं कर रहा था।

## मूर्ति विसर्जन करने आए दो युवक नहर में डूबे

- मौके पर पहुंचे गोताखोर, देर रात तक करते रहे तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**मोदीनगर** में गंगनहर घाट पर शनिवार सुबह दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने आए दो युवक नहर के तेज बहाव में पानी में बह गए। पुलिस व परिजनों ने मंदिर के गोताखोरों की मदद से नहर में युवकों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। पुलिस ने एनडीआरएफ व फ्लड कंपनी को सूचना दी है। गाजियाबाद साहिबाबाद के गरिमा गार्डन एफ ब्लॉक निवासी विपिन कुमार 26 पुत्र मदन शर्मा अपनी मां, बहन, भाई, दोस्त रंग बहादुर 20 पुत्र भगवान दास व अन्य लोगों के साथ शनिवार सुबह को मुरादनगर गंगनहर पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने आए थे। बताया गया है कि दोनों कच्चे घाट की तरफ नहा रहे थे। नहाते समय दोनों तेज बहाव पानी में बह गये। बताया गया है कि खुद को डूबता देख विपिन ने शोर मचाया, लेकिन मदद न मिलने के कारण वह पानी में बह गया। सूचना पर पुलिस व गोताखोर मौके पर पहुंचे। पुलिस व परिजनों ने मंदिर के गोताखोरों की मदद से दोनों की नहर में तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। बताया गया है कि हाल ही में विपिन की इंगेजमेंट हुई थी। परिवार के सामने ही विपिन नहर में बह गया। उधर, परिजनों का आरोप है कि उनकी कोई मदद नहीं की जा रही है। गोताखोर नहर में बहे युवकों की तलाश नहीं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि एनडीआरएफव फ्लड कंपनी को मेल कर दिया गया है, जिससे नहर में बहे युवकों की तलाश हो सके।

## टैंकर लूट की कहानी फर्जी निकली

- सीसीटीवी से खुली पोल, तीन पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**मथुरा** में चल रही पुरानी मुकदमेबाजी में गाजियाबाद में टैंकर लूट की फर्जी कहानी रच दी गई।

सफारी गाड़ी सवार चार कथित बदमाशों ने टैंकर का पीछा किया और ड्राइवर को गन पॉइंट पर लेकर लूट लिया। पुलिस ने फुटेज से इस फर्जी कहानी का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रवि कुमार ने बताया, 22 मार्च को गाजियाबाद के थाना वेब सिटी पर टैंकर लूट का एक मुकदमा दर्ज किया गया। ड्राइवर नरेंद्र ने बताया कि बदमाश सफारी गाड़ी में आए थे और टैंकर लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस केस की जांच शुरू की तो मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ।

टैंकर के ड्राइवर ने तत्काल न तो पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल की और न ही तुरंत थाने पर पहुंचकर सूचना दी। पुलिस ने इस केस की गहनता से जांच की। जांच में पता चला कि टैंकर मालिक उत्तम सिंह निवासी दलौता मथुरा की दूसरे पक्ष के सौरभ और थान सिंह से रुपयों को लेकर मुकदमेबाजी चल रही है। सौरभ और थान सिंह को फंसाने के लिए उत्तम सिंह ने अपना टैंकर लुटवाने की प्लानिंग बनाई।

4 लोगों को 50 हजार रुपए में हायर किया। ये सफारी गाड़ी लेकर टैंकर का पीछा करने लगे और प्लानिंग के अनुसार गाजियाबाद में डासना स्थित पेरिफेरल एक्सप्रेसवे रोड पर टैंकर लूट लिया। रवि कुमार ने बताया, इस केस में टैंकर मालिक उत्तम सिंह सहित टैंकर ड्राइवर नरेंद्र व एक अन्य हरिओम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी ने टैंकर लूट की फर्जी कहानी रची थी। टैंकर और लूट में प्रयुक्त सफारी गाड़ी बरामद कर ली गई है।

## मनचले के खौफ से छात्रा ने छोड़ी पढ़ाई

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली छात्रा को अपनी पढ़ाई इसलिये छोड़नी पड़ गई, क्योंकि एक मनचले ने उसका जीना दुश्वार कर दिया था।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक छात्रा के परिजनों द्वारा तहरीर दिये जाने पर जहां खोड़ा थाना पुलिस ने उक्त प्रकरण की रिपोर्ट तत्काल प्रभाव से दर्ज कर ली।

इसके बाद छात्रा को परेशान करने वाले मनचले को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस की कई टीम लगा दी गईं। सिंह ने बताया कि मनचले को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

## कोरोना जांच किट खत्म, शासन को चिट्ठी भेजी

- नोएडा में 28 व गाजियाबाद में 17 कोविड-19 के नए मामले आए
- स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए स्पेशल लैब में भेजे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/गाजियाबाद




**गाजियाबाद** में शनिवार को कोरोना के 17 व गाजियाबाद में 17 कोविड-19 के नए मामले आए। इस बीच गाजियाबाद में कोरोना जांच किट खत्म हो गई हैं। इससे जांच प्रभावित हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जांच किट के लिए शासन को पत्र लिखा है।

शनिवार सुबह जारी हुए स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में 1180 लोगों की एंटीजन जांच हुई। इसमें 17 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बीते 24 घंटे की संक्रमण दर 2.44 फीसदी है। मार्च महीने में कुल 133 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है।

गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 75 हैं। इसमें 10 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि जांच के लिए ट्रूड वॉयल और एंटीजन जांच की किट खत्म हो गई है। इसके लिए शासन को पत्र भेज दिया गया है, ताकि जांच प्रभावित न हो।

उधर, नोएडा में कोरोना संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या 84 पहुंच गई थी। कोरोना के म्यूटेशन का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए स्पेशल लैब में भेजे हैं।

## सीएमओ ने निजी अस्पताल को किया सर्तक



नोएडा में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या ने 100 का आंकड़ा पार कर लिया है। विगत 24 घंटों में 28 नए कोविड के मामले सामने आए। इससे पहले एक दिन में 36 केस आए थे। वहीं 24 घंटे में 10 मरीज ठीक हुए है। यहां सक्रिय मरीजों की संख्या 102 हो गई है। इनमें से अधिकांश मरीजों असिम्प्टोमेटिक है। जिनमें लक्षण कम या दिखाई ही नहीं दे रहे है। अभी तक कोई गंभीर नहीं है। इनमें से 65 मरीज होम आइसोलेशन में है। सीएमओ ने बताया कि निजी अस्पतालों को अलर्ट पर किया गया है। उनको निर्देश दिए गए कि वे कोविड मरीजों की रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करे। यहां अधिकांश मामलों में निजी लैब में ही कोरोना की जांच कराई गई है। जिला अस्पताल में रोजाना 1000 से ज्यादा जांच की जा रही है। इसकी संख्या को बढ़ाया जाएगा। ताकि संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके। सीएमओ ने लोगों से अपील की वे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करे साथ ही लक्षण दिखते ही कोरोना की जांच कराए। ताकि समय से इलाज किया जा सके और संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चार एल-1 और चार एल-2 स्तर के अस्पताल अलर्ट मोड कर दिया गया है। सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल के तृतीय तल पर कोविड डेडिकेटेड वार्ड तैयार है। जनपद में 17 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हैं। इनमें 11 सरकारी और 6 निजी संयंत्र हैं। विभाग के पास बड़ी संख्या में 10 लीटर के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार



महिला की हत्याकर शव को छुपाने वाले तीन आरोपी।

### वीके सिंह ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय पर्यावरण विभाग से मिले फंड से शहर में अब विकास कार्य शुरु हो गए हैं। इसी क्रम में केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने इंडस्ट्रीयल एरिया के साइट.4 में आज एक सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। बता दें कि केन्द्रीय पर्यावरण विभाग की ओर से शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कुछ पैसा मंजूर हुआ था। इसके बाद नगर निगम प्रशासन की ओर से इंडस्ट्रीयल एरिया में कुछ सड़कें बनाने का प्लान तैयार किया गया। इसी के तहत केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर वीके सिंह ने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या कम होगी। इस मौके पर जिलाधिकारी आरके सिंह, मेयर आशा शर्मा, साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा, नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार आदि अधिकारी भी शामिल रहे।

### जनसुनवाई में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** माह के पहले शनिवार को नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान एक दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं जिसमें से कई का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### ग्रेनो इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी पर जुर्माना

**नोएडा।** चंडीगढ़ के एक व्यक्ति को तय समय पर कंस्ट्रक्शन वर्क पूरा कर फ्लैट का पोजेशन न देना ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को भारी पड़ा है। चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर कमीशन ने इसे शिकायतकर्ता को हुई मानसिक पीड़ा और शोषण के चलते 10 हजार रुपए हर्जाना भरने को कहा है। वहीं 5 हजार रूपए अदालती खर्च के रूप में भी देने के आदेश दिए गए हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर 35 डी निवासी मोहित नागपाल ने अथॉरिटी को पार्टी बनाते हुए यह शिकायत दायर की थी। जारी आदेशों में कहा गया है कि कंस्ट्रक्शन काम पूरा कर शिकायतकर्ता को फ्लैट का पोजेशन दिया जाए। दूसरी ओर शिकायतकर्ता को लंबित मेंटेनेंस चार्जेस भरने को कहा गया है। अथॉरिटी ने ग्रेटर नाएडा में एक रिहायशी फ्लैट्स का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। इसमें शिकायतकर्ता ने अप्लाई किया था।

## दो मोबाइल लुटेरों समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

**थाना** सेक्टर-39 पुलिस ने 2 शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए पांच मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अजय चाहर ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर अमन व आनंद को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में इनके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। लूट की वारदातों में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने मोबाइल लूट की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। इसके अलावा पुलिस ने प्रेमदास को 1 किलो 650 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

वहीं थाना फेस.1 पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा, कारतूस, गांजा बरामद हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर नूरी क्रेन चौराहे के पास से संजय पुत्र मोहन सिंह निवासी सेक्टर 12 को गिरफ्तार किया गया।

## नौकर ने रिटायर्ड आईएएस के घर की थी चोरी

- आरोपी के पास से 15 लाख रुपए की ज्वैलरी और 1.5 लाख रुपए नगद बरामद किए गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**नोएडा** में रिटायर्ड आईएएस के यहां लाखों रुपए की जूलरी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घर में नौकर था और वो साफ-सफाई का काम करता था। पीड़िता की शिकायत के महज 24 घंटे में ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उसके पास से 15 लाख रुपए की जूलरी और 1.5 लाख रुपए नगद बरामद किए है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि प्रवीण होरो सिंह पत्नी अशोक सिंह नोएडा के सेक्टर.128 जेपी विश टाउन में रहती है। वो हाल ही में रिटायर्ड हुई थी। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि 22 दिसंबर को उनके घर से एक सोने का हार, 3 जोड़ी कान के टाप्स, 1 जोड़ी कान के कुंडल, 1 सोने का कड़ा, 1 सोने का ब्रेसलेट, 1 सोने की अंगूठी, 1 बारीक सोने की चेन गायब है। ये सारा सामान धीरे-धीरे उनकी अलमारी से गायब हुआ। इसकी शिकायत उन्होंने 31 मार्च को थाना सेक्टर-126 पुलिस से की।

पुलिस ने रिटायर्ड आईएएस के ड्राइवर और घर में साफ सफाई करने वाले नौकर से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर नौकर योगेंद्र पुत्र भिखारी लाल ने चोरी करने की बात स्वीकार की। चोर की निशानदेही पर पुलिस ने जूलरी और करीब 1.5 लाख रुपए कैश बरामद किया। एसीपी ने बताया कि योगेंद्र पिछले आठ साल से रिटायर्ड आईएएस के यहां साफ सफाई का के काम कर रहा था। जब भी पीड़िता बाहर घूमने जाती थी वह चोरी की घटना को अंजाम देता था। उसने चोरी किए गए कुछ गहनों को राह चलते लोगों को बेचकर नगद रुपए लिए थे।

## घायल युवक को अस्पताल के गेट पर फेंक गया कार चालक

- आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**थाना** एक्सप्रेसवे क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक को आरोपी कार चालक अस्पताल के गेट पर फेंक कर फरार हो गया।

घायल के दोस्त ने कार चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-135 जेनपैक्ट स्टेलर सोसायटी में रहने वाला अविनाश कुमार पुत्र ओमप्रकाश रात्रि ड्यूटी कर अपने घर के लिए जा रहा था। सेक्टर-135 स्थित फायर स्टेशन के सामने पीछे से तेज गति में आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान कार चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। भीड़ के विरोध करने पर कार चालक घायल को उपचार के लिए फेलिक्स अस्पताल पहुंचा। अस्पताल के गेट पर अविनाश कुमार को उतारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल अविनाश की स्थिति को देखकर अस्पताल कर्मियों ने उसे भर्ती कर उसका उपचार किया।

इस संबंध में अवनीश कुमार के दोस्त अजय सिंह ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पीड़ित द्वारा उपलब्ध करा, गए कार नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

# मुंबई पर दबदबा कायम रखने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

एजेंसी। बेंगलुरू

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर का इरादा रविवार को घरेलू मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर दबदबा बरकरार रखने का होगा। आईपीएल 2020 के बाद से आरसीबी ने मुंबई के खिलाफ पांच में से तीन मैच जीते हैं। अब तक आईपीएल नहीं जीत सकी आरसीबी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जीत के साथ आगाज करके घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने के मौके जरूर देना चाहेगी। देखना यह है कि रजत पाटीदार और जोश हेजलवुड जैसे खिलाड़ियों के बिना आरसीबी का प्रदर्शन कैसा रहता है चूंकि दोनों चोटों के कारण पहले हाफ में नहीं खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं।

इंग्लैंड के विल जैक्स पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। पाटीदार ने पिछले साल आठ मैचों में 55 . 50 की औसत से 333 रन बनाए थे। उन्होंने पहले क्वालीफायर में किसी भी भारतीय बल्लेबाज के बल्ले से सबसे तेज शतक जड़ा था। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 20 मैचों में 20 विकेट लिए थे।

आरसीबी को श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा का भी इंतजार करना होगा जो राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने न्यूजीलैंड में हैं। वह शुरुआती कुछ मैचों से बाहर रहेंगे। न्यूजीलैंड के माइकल ब्रासवेल के रूप में हालांकि आरसीबी को निचले क्रम पर आक्रामक बल्लेबाज मिला है। दिनेश कार्तिक भी उपयोगी रन बनाने में माहिर हैं। शीर्षक्रम में रन बनाने का जिम्मा कप्तान फाफ डु प्लेसी और पूर्व कप्तान विराट कोहली पर होगा। गेंदबाजी में हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज जिम्मा संभालेंगे। डुप्लेसी ने पहले दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग में 369 रन बनाए थे जबकि कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। रीस टॉपले के आने से आरसीबी की गेंदबाजी को धार मिली है।

मुंबई इंडियंस पिछले आईपीएल में 14 में से चार मैच जीतकर आखिरी स्थान पर रही थी। आईपीएल के इतिहास की सबसे कामयाब टीम और पांच बार की विजेता मुंबई का लक्ष्य उस प्रदर्शन को भुलाकर आगे बढने का होगा।



## बुमराह और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर

**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर है। ऐसे में टीम की उम्मीदें इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर पर लगी हैं जो जैसन बेहरेनडोर्फ और आकाश मढवाल के साथ तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी सूर्यकुमार यादव पर रन बनाने का जिम्मा होगा। ईशान किशन से पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की उम्मीद रहेगी।

## दोनों टीम इस तरह

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलेन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, मनोज भंडागे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव, माइकल ब्रासवेल।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, ईशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, नेहाल वढेरा, रितिक शोकीन, अर्शद खान, डुआन जेनसन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जैसन बेहरेनडोर्फ, आकाश मढवाल।

## रोहित और आर्चर दोनों फिट :बाउचर

**बेंगलुरु।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने पुष्टि की कि कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरुआती मैच में खेलने के लिए फिट हैं। अटकलें लगाई जा रही थीं कि रोहित हो सकता हैं कि टीम के शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध नहीं हों क्योंकि वह अहमदाबाद में कप्तानों के फोटो शूट में मौजूद नहीं थे। लेकिन बाउचर ने सभी अटकलों को खारिज कर दिया।

बाउचर ने शनिवार को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हां, रोहित फिट हैं। उन्होंने पिछले दो दिन ट्रेनिंग की है और वह खेलने के लिए शत प्रतिशत फिट हैं। उन्हें उस सुबह अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और एहतियात के तौर पर हमने उन्हें घर पर रहने को कहा था। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को बहुत सारे फोटो शूट करने होते हैं। उन्हें खुद के लिए ज्यादा समय नहीं मिलता इसलिए हमने सोचा कि यही बेहतर होगा। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज आर्चर मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे।

# सनराइजर्स के खिलाफ प्रदर्शन दोहराने उतरेगी राजस्थान

एजेंसी। हैदराबाद



**पिछले** सत्र की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के इस सत्र में रविवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहला मैच खेलने उतरेगी तो उसका इरादा पिछले प्रदर्शन को दोहराने का होगा। संजू सैमसन की अगुवाई में रॉयल्स ने पिछले सत्र में जबर्दस्त प्रदर्शन किया।

उसके गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सर्वाधिक विकेट लेकर परपल कैप और बल्लेबाज जोस बटलर ने सबसे ज्यादा रन बनाकर आरेंज कैप अपने नाम की थी। बेहद संतुलित और मजबूत टीम होने के साथ रॉयल्स के पास चहल, रविचंद्रन अश्विन और आस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा के रूप में सबसे अच्छी स्पिन तिकड़ी भी है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों को लेग स्पिनर चहल से खास तौर पर बचना होगा जिसने 2022 सत्र में 27 विकेट लिए थे। दूसरी ओर अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके चार टेस्ट में 25 विकेट चटकाए हालांकि यह प्रारूप दीगर है।

# गायकवाड़ के शानदार छक्के जबर्दस्त टाइमिंग की देन : कुंबले

एजेंसी। अहमदाबाद



**भारत** के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ के छक्के जड़ने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि यह इस बल्लेबाज की जबर्दस्त टाइमिंग की देन है।

गायकवाड़ ने 50 गेंद में चार चौकों और नौ छक्कों की मदद से 92 रन बनाए हालांकि शुभमन गिल के 36 गेंद में 63 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने मैच जीता। कुंबले ने आईपीएल के आधिकारिक प्रसारकों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, एक पारी में नौ छक्के लगाना अद्भुत है। उसके छक्के भी बेदाग थे। ऐसा नहीं है कि उसने बहुत जोर लगाने की कोशिश की। उसके छक्के जबर्दस्त टाइमिंग का नतीजा थे। भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने भी गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा , ऐसा लग रहा था कि रूतुराज गायकवाड़ किसी और ही विकेट पर खेल रहे थे। उसकी तकनीक काबिले तारीफ है। पटेल ने यह भी कहा कि गिल के फॉर्म को देखकर लग रहा है कि वह इस सत्र में 600 रन बनाएगा। उन्होंने कहा , उसने अपनी ख्याति के अनुरूप बल्लेबाजी की और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के फॉर्म को आईपीएल में कायम रखा। लगता है कि वह इस बार 600 रन बनाएगा।



# भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल कर सकता है रूतुराज : हार्दिक

एजेंसी। अहमदाबाद



**गुजरात** टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के रूतुराज गायकवाड़ की 92 रन की पारी भले ही बेकार गई हो लेकिन विरोधी कप्तान हार्दिक पंड्या ने उनकी जबर्दस्त तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा।

गायकवाड़ ने 50 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और नौ छक्के लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट पर 178 रन तक पहुंचाया। टाइटंस ने हालांकि चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। पंड्या ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उसने कुछ ऐसे शॉट खेले जो बेहतरीन थे। वह अगर ऐसे ही खेलता रहा तो भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा। समय आने पर भारतीय क्रिकेट टीम उसके साथ होगी। जुलाई 2021 में पदार्पण के बाद से गायकवाड़ ने नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर 135 रन बनाए हैं। पंड्या ने कहा, हमें पता है कि वह कितना शानदार खिलाड़ी है। एक समय लग रहा था कि चेन्नई 220 या 230 रन बना लेगी।

हमें उसे गेंदबाजी करने में दिक्कत हो रही थी। मुझे तो लग रहा था कि हम उसे आउट ही नहीं कर सकेंगे। अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा, मेरे और शुभमन गिल के विकेट से हम परेशानी में आ गए थे लेकिन राहुल तेवतिया ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की और राशिद ने दिखा दिया कि वह क्या कर सकता है।

## मैनी ने मेलबर्न में फॉर्मूला-2 में पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया

**मेलबर्न।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने कैम्पोस रेसिंग के लिए भाग लेते हुए शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित फॉर्मूला-2 रेस में तीसरे स्थान पर रहकर पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया।उन्हें डैम्स के आर्थर लेकलर्क से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय ड्राइवर से उनकी और बारिश की परेशानियों से उबरते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।

ग्रिड पर मैनी ने पी3 से शुरूआत की और कई लैप तक अपने स्थान पर बने रहे जबकि लेकलर्क ने कई बार उन पर दबाव बनाया और उन्हें पछाड़ा लेकिन भारतीय ड्राइवर ने अच्छी वापसी की। इसमें एक अन्य भारतीय जेहान दारूवाला एमपी मोटरस्पोर्ट के लिए ड्राइव कर रहे थे।

# पंजाब किंग्स की जीत में चमके राजपक्षे और अर्शदीप

एजेंसी। मोहाली



**भानुका** राजपक्षे के अर्धशतक और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

राजपक्षे (32 गेंदों पर 50 रन, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान शिखर धवन (29 गेंदों पर 40 रन, छह चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़कर अच्छा मंच सजाया। केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद रनों पर थोड़ा अंकुश लगाया लेकिन इसके बावजूद पंजाब की टीम पांच विकेट पर 191 रन बनाने में सफल रही। केकेआर ने इसके जवाब में 16 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाए थे कि तभी बारिश आ गई इसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया। केकेआर की तरफ से आंद्रे रसेल ने 35 और इंपैक्ट प्लेयर वेंकटेश अय्यर ने 34 रन बनाए। पंजाब के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। फ्लड लाइट खराब होने से केकेआर की पारी आधा घंटा देरी से शुरू हुई। इसके बाद अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में ही मनदीप सिंह (दो) और अनुकूल राय (चार) को अतिरिक्त उछाल लेती गेंदों पर आउट करके केकेआर की रणनीति गड़बड़ा दी। नाथन एलिस ने गेंद संभालते ही रहमानुल्लाह गुरबाज (16 गेंदों पर 22 रन, तीन चौके, एक छक्का) के तेवरों पर विराम लगाया। इस तरह से केकेआर ने पावरप्ले में तीन विकेट खोकर 46 रन बनाए। सिकंदर रजा ने कप्तान नितीश राणा (17 गेंदों पर 24 रन, तीन चौके, एक छक्का) को प्वाइंट पर कैच कराया और फिर राहुल चाहर की गेंद पर नए बल्लेबाज रिंकू सिंह (चार) का कैच लेकर केकेआर का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। इसके बाद रसेल और वेंकटेश ने छठे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रसेल ने करेन गेंद पर छक्का और चौका जड़ने के बाद शार्ट पिच गेंद पर एक विकेट पर खड़े रजा को कैच दे दिया।

# आईपीएल के बाद सीधे एशेज खेलने जाएंगे आर्चर : काउंटी क्लब कोच

### पहला एशेज टेस्ट 16 जून से एडबस्टन में शुरू होगा

एजेंसी। लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल में खेलते हुए ही एशेज की तैयारी करते रहेंगे और आईपीएल के बाद सीधे आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला खेलने जाएंगे। उनके काउंटी क्लब ससेक्स के कोच ने यह जानकारी दी।

ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रास ने कहा कि आर्चर जून में होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे। पहला एशेज टेस्ट 16 जून से एडबस्टन में शुरू होगा। कोहनी की चोट और कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर से उबरने के बाद आर्चर ने इस साल इंग्लैंड के लिए सात मैच खेले। फारब्रास ने कहा , इंग्लैंड टीम की रणनीति यही है कि जोफ्रा आईपीएल में खेलेंगे। अगर सब सही रहा तो वह आईपीएल से सीधे एशेज खेलने जाएंगे। आईपीएल फाइनल 28 मई को खेला जाएगा।

# सिनेर ने शीर्ष रैंकिंग वाले अलकाराज को हराया

एजेंसी। मियामी गार्डन्स



**दसवीं** वरीयता प्राप्त इटली के जानिक सिनेर ने मियामी ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को 6-7, 6-4, 6-2 से हरा दिया।

सिनेर ने इसके साथ ही अलकाराज के दस मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई। अब अलकाराज शीर्ष रैंकिंग भी नोवाक जोकोविच को गंवा देंगे। पिछले साल भी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे सिनेर का सामना अब रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने अब तक इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेले पांचों मैच जीते हैं।

# केन विलियमसन आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर

### पहले मुकाबले में चेन्नई के खिलाफ घुटने में लगी चोट

एजेंसी। नई दिल्ली

**आईपीएल** के पहले मुकाबले के बाद ही गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार प्लेयर केन विलियमसन घुटने की चोट की वजह से आईपीएल से बाहर हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक केन की चोट सीरियस है और वह आगे टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे।

शुक्रवार को आईपीएल के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी है। दूसरी पारी में चोट के कारण विलियमसन ने बल्लेबाजी भी नहीं की। उनकी जगह इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में साई सुदर्शन आए थे। 13वें ओवर की तीसरी बॉल गुजरात के जोशुआ लिटिल ने शॉर्ट पिच फेंकी। चेन्नई के गायकवाड ने शॉट खेला, बॉल मिड-विकेट की ओर गई।



बाउंड्री पर खड़े विलियमसन ने जंप मारकर कैच लेने की कोशिश की। विलियमसन ने छक्का तो नहीं होने दिया, लेकिन अपना घुटना इंजर्ड करा लिया। फिजियो और टीम के बाकी प्लेयर्स उन्हें मैदान से उठाकर ड्रेसिंग रूम में ले गए।

वह मैच में फिर फील्डिंग और बैटिंग करने नहीं उतरे। उनकी जगह गुजरात ने साई सुदर्शन को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया और उन्ही से बैटिंग भी कराई। इस इंजरी के वक्त चेन्नई का स्कोर 120/3 था।

# श्रीलंका को 44 साल बाद क्वालिफायर खेलना पड़ेगा



एजेंसी। हैमिलटन

**तीसरे** वनडे में न्यूजीलैंड से हारने के बाद श्रीलंका का सीधा वर्ल्ड कप खेलने का सपना भी टूट गया। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। हारने के बाद श्रीलंका रैंकिंग में टॉप-8 में आने की रेस से पिछड़ गई है और इस तरह उन्हें अब वर्ल्ड कप के मुख्य टूर्नामेंट में क्वालिफाई करना पड़ेगा। क्वालिफाइंग टूर्नामेंट जिम्बाब्वे में होगा। जहां वो अन्य टीम के साथ क्वालिफाई मुकाबले में नजर आएगी। श्रीलंका के इतिहास में उन्हें आईसीसी द्वारा मान्यता (1981) मिलने के बाद पहली बार क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलना होगा।

आखिरी बार पूर्व चैम्पियन श्रीलंका को 1979 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप खेलने के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलेगी।श्रीलंका के कप्तान शनाका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। हालांकि, श्रीलंका के बल्लेबाजों ने टीम को निराश किया और केवल 157 रन ही बना पाई। श्रीलंका की ओर से पथुम निशंका ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाएं। निशंका के अलावा कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने श्रीलंका के नौ विकेट अपने नाम किए। मैट हेनरी, हेनरी सिप्ली और डेरिल मिचेल को 3-3 विकेट मिले।

टारगेट का पीछा करने आई न्यूजीलैंड ने भी 59 के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निकोल्स (44) और विल यंग (86) की 100 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को 33वें ओवर में जीत दिलाई। श्रीलंका की ओर से पथुम निशंका ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाएं। निशंका के अलावा कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने श्रीलंका के नौ विकेट अपने नाम किए। मैट हेनरी, हेनरी सिप्ली और डेरिल मिचेल को 3-3 विकेट मिले। टारगेट का पीछा करने आई न्यूजीलैंड ने भी 59 के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निकोल्स (44) और विल यंग (86) की 100 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को 33वें ओवर में जीत दिलाई।

# नो बॉल और मध्यक्रम के खराब खेल ने चेन्नई को दिखाया हार का मुंह

एजेंसी। अहमदाबाद

**आईपीएल** 2023 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स को गुजरात के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 178 रन बनाए थे। गुजरात ने पांच विकेट खोकर चार गेंद रहते 182 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम किया। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक तीन मुकाबले हुए हैं और हर बार गुजरात ने जीत हासिल की है। गुजरात के लिए सबसे ज्यादा 63 रन शुभमन गिल ने बनाए। वहीं, चेन्नई के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा 92 रन बनाए।

इस मैच में चेन्नई ने शानदार शुरुआत की थी और ऐसा लग रहा था कि धोनी की टीम जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करेगी, लेकिन अंत में हार्दिक की सेना मैच अपने नाम करने में सफल रही। आइए जानते हैं, कैसे गुजरात ने खराब शुरुआत के बावजूद यह मैच जीत लिया।

### हार्दिक पांड्या इस मैच में गेंद और बल्ले दोनों के साथ कुछ खास नहीं कर सके

गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या इस मैच में गेंद और बल्ले दोनों के साथ कुछ खास नहीं कर पाए। गेंद के साथ उन्होंने तीन ओवर में 28 रन लुटा दिए और कोई विकेट भी नहीं हासिल कर सके। वहीं, बल्ले के साथ उन्होंने 11 गेंद में आठ रन बनाए और खराब शॉट खेलकर आउट हो गए। हालांकि, बतौर कप्तान उन्होंने अपने खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखा। इस वजह से गुजरात की टीम खराब शुरुआत के बावजूद चेन्नई को 178 रन पर रोकने में सफल रही। अहमदाबाद की पिच पर यह स्कोर मुश्किल नहीं था। वहीं, धोनी ने बल्ले के साथ सात गेंद में 14 रन जरूर बनाए, लेकिन वह आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। अगर वह पहले बल्लेबाजी के लिए आते तो ज्यादा योगदान दे सकते थे और अपनी टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचा सकते थे। उनकी यही गलती टीम की हार की वजह बनी।



### गुजरात ने पांच विकेट खोकर चार गेंद रहते हुए 182 रन बनाए मुकाबला जीता

179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। 37 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया था। इसके बाद भी नियमित अंतराल पर गुजरात के विकेट गिरते रहे, लेकिन यह टीम हिम्मत नहीं हारी और मैच अपने नाम किया। गुजरात की जीत में हर खिलाड़ी ने योगदान दिया। साहा ने 16 गेंद में 25 रन की पारी खेली पावरप्ले में तेजी से रन बनाए। इसके बाद साई सुदर्शन ने 17 गेंद में 22 रन बनाकर बीच के ओवरों में रन रेट बनाए रखा। शुभमन गिल ने 36 गेंद में 63 रन की पारी खेली और अपनी टीम को लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में पहुंचाया। अंत में विजय शंकर ने 21 गेंद में 27 रन बनाकर गुजरात को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। अंत में राशिद खान और तेवतिया ने मिलकर मैच खत्म कर दिया। मैच में चेन्नई ने 12 अतिरिक्त रन दिए। इनमें दो नो गेंद भी शामिल थी। दोनों नो गेंद की फ्री हिट पर चौका या छक्का लगा। इससे गुजरात के बल्लेबाजों के ऊपर से दबाव कम हुआ और चेन्नई के गेंदबाजों की मेहनत बेकार हुई। आने वाले मैचों में चेन्नई के गेंदबाजों को अपनी लाइन और लेंथ पर काम करना होगा। कप्तान धोनी ने भी मैच के बाद इस चीज पर जोर दिया।

# प्रदेश में संभावित भाजपा उम्मीदवारों की तलाश जारी, टटोला जा रहा है जनाधार



सुभाष शर्मा
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

मंथन



2023 का वित्तीय वर्ष एक अप्रैल शुरू हो चुका है और यह चुनावी वर्ष भी है क्योंकि मई 2024 में लोकसभा के चुनाव होने तय है। संभव है कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव भी इसी के साथ करवा लिए जाए क्योंकि भाजपा-जजपा गठबंधन के तार बहुत कमजोर होते जा रहे है, किसी वजह से विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी चुनाव कराने पड़े तो भी सितंबर 24 में इनका होना तय है। सूत्रों की माने तो भाजपा हाईकमान ने ऐसे विधायकों को दोबारा टिकट न देने का मन बना लिया है, जिनकी जीत का मार्जिन पिछली बार काफी कम था, इसके अलावा कुछ और विधायकों, मंत्रियों का टिकट भी कट सकता है, जिनका जनाधार घटा है, जिनके प्रति लोगों की नाराजगी ज्यादा है। इसी कड़ी में फरीदाबाद के बडखल विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को एक तपे-तपाये पुराने राजनेता की नब्ज टटोलने भाजपा के दिग्गज नेता व फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर उसके निवास पर गए, जहां उक्त नेता ने अपने समर्थकों का भरी जमकर लगा रखा था। गौरतलब है कि बडखल विधानसभा पंजाबी बाहुल्य मतदाताओं की सीट मानी जाती है। हालांकि कांग्रेस की सरकारों ने इस सीट पर पंजाबी मतदाताओं का वर्चस्व खराब करने के लिए परिसीमन करवाया था, जिसमें एनआईटी फरीदाबाद का क्षेत्र जो पहले विधानसभा के नाम से जानी जाती थी, के स्वरूप को बिगाड़ कर इसे दो भागों में बांट दिया था और नई विधानसभा का नाम बडखल रख दिया था, जिसमें पंजाबी मतदाताओं की संख्या पहले से काफी कम हो गई। हालांकि अभी भी पंजाबी मतदाता यहां अच्छी खासी तादाद में बचे हुए है। वर्ष 2019 के चुनावों में सिटिंग विधायक सीमा त्रिखा को इस बार फिर से टिकट दिया गया था परंतु उनकी जीत कांग्रेस के गुर्जर उम्मीदवार विजय प्रताप से मामूली अंतर से हुई थी, यह उसी दिन मान लिया गया था कि अगर भाजपा उम्मीदवार 2024 में यहां से नहीं बदला गया तो यह सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती है। वैसे भी दस साल तक लगातार विधायक रहने वाले उम्मीदवार से मतदाताओं की नाराजगी कई मुद्दों पर बढ़ जाती है क्योंकि वो सभी के काम नहीं कर पाता। बडखल में भी ऐसा ही जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है।

मौजूदा विधायक से मतदाता ज्यादा खुश दिखाई नहीं दे रहे, इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित भाजपा हाईकमान को भी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ भी इस बात को भलीभांति जानते है और इस बात की चर्चा भाजपा कोर कमेटी मतें कई बार हो चुकी है कि पिछली बार यानी 2019 वाली गलती पार्टी नहीं दोहराएगी। मालूम हो कि पिछली बार भाजपा 75 सीटें जीतने का दावा कर रही थी परंतु टिकट वितरिण में हुई गलतियों के चलते भाजपा मात्र 40 सीटें ही जीत पाई थी, लिहाजा मजबूरी में जजपा के साथ गठबंधन कर सरकार बनानी पड़ी। हालांकि यह गठबंधन करीब साढे तीन सालों से चल रहा है परंतु अब इसमें दूरियां बढ़ रही है। अनेक मौके पर जजपा-भाजपा से अलग राय रखती दिखाई दे रही है।

**बड़खल में संभावित उम्मीदवार की तलाश:** बात करे बडखल विधानसभा क्षेत्र की हाईकमान इस बात से वाकिफ है कि अगर यहां से उम्मीदवार बदलने की जरूरत पड़ी तो यहां पंजाबी उम्मीदवार कौन हो सकता है, जिसकी छवि साफ हो, ईमानदार हो और पार्टी उस पर भरोसा कर सकती है। हालांकि संभावित उम्मीदवारों की सूची में महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया, हरियाणा मानवाधिकार आयोग के सदस्य व वरिष्ठ एडवोकेट दीप भाटिया एवं भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजीव जेटली सहित कुछ ऐसे नाम है, जो बडखल से चुनाव लडने की इच्छा रखते है।

सूत्रों की माने तो फरीदाबाद के सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्रभ् जिन पर पार्टी व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अच्छा भरोसा करते है को भी पूरे संसदीय क्षेत्र से विकल्प के तौर पर उम्मीदवार तलाशने की जिम्मेदारी दी गई है। कृष्णपाल पुराने तर्जुबेकार नेता है, जो हरियाणा के साथ-साथ पूरे संसदीय क्षेत्र की रग रग से वाकिफ है। यही कारण है कि 2023 के वित्तीय वर्ष की शुरूआत को गुर्जर यहां से दिग्गज पंजाबी नेता श्याम सुंदर कपूर का जनाधार टटोलने उनके निवास पर पहुंचे। कपूर इससे पूर्व 1991 से 1999 तक बंसीलाल सरकार में पंजाबी समुदाय के अग्रणी नेता के रूप में जाने जाते रहे है, वो एक बार हरियाणा विकास पार्टी की टिकट पर सांसद का चुनाव भी लड़ चुके है। बाद में किसी कारण उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। कुछ समय तक इधर-उधर रहने के बाद आखिरकार वो भाजपा में शामिल हो गए थे, फरीदाबाद में भाजपा की दिग्गज नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया था, तब से वो इसी पार्टी में बने हुए है, बंसीलाल के समय वो एक ताकतवर नेता के रूप में फरीदाबाद में उभरे थे, उनकी ईमानदारी व मिलनसारी आज भी लोगों के दिलों में कायम है। शनिवार को जब श्री गुर्जर उनके निवास पर आए तो उनके समर्थकों की भारी भीड़ देखकर वो गद्गद हो गए। हालांकि उन्होंने इस मौके पर किसी प्रकार का भरोसा उन्हें नहीं दिया, केवल इतना कहा कि पार्टी में उन्हें उचित मान सम्मान दिया जाएगा। संभव है कि निकट भविष्य में उन्हें पार्टी के संगठन में जगह मिल जाए।

कृष्णपाल के बड़खल क्षेत्र में श्याम सुंदर कपूर के घर जाने के राजनैतिक पंडित कई मायने निकाल रहे है। कुछ उन्हें भाजपा के संभावित उम्मीदवार के तौर पर देख रहे है तो खुद स्वयं श्याम सुंदर कपूर इसे एक औपचारिक मुलाकात बता रहे है। उनका कहना है कि श्री गुर्जर पार्टी में उनकी जो भी ड्यूटी लगाएंगे, उसे वो पूरा करेंगे। पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है गुर्जर बड़खल के बाद फरीदाबाद, तिगांव, बल्लभगढ़, पृथला, पलवल, हसनपुर (हथीन) एनआईटी फरीदाबाद सहित अन्य सभी क्षेत्रों में खुद जा-जाकर भाजपा के प्रति समर्पित है।

## आम आदमी पार्टी की जनहितैषी घोषणाओं से भाजपा परेशान




**आम** आदमी पार्टी के अनेक बड़े नेता अनेक कानूनी मामलों में न केवल अदालतों के चक्कर काट रहे है बल्कि जेलों में भी है। पिछले दिनों मोदी हटाओ देश बचाओ वाले पोस्टर लगाने के आरोप में अनेक आप नेताओं व कार्यकर्ताओं पर मुकदमें दर्ज हो चुके है परंतु इस सबके बावजूद केजरीवाल व उनकी पार्टी पंजाब व दिल्ली में अनेक लोक लुभावनी घोषणाओं के बल पर चर्चा में बने हुए है। अभी शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब के लोगों को बड़ा तोहफा देते हुए कीरतपुर साहिब-आनंदपुर साहिब-नांगल ऊना टोल प्लाजा को मुक्त करने का ऐलान किया है, फ्री बिजली, फ्री इलाज, फ्री पढ़ाई जैसी अनेक घोषणाओं पर वो पहले ही अमल कर चुके है और अब टोल फ्री करने की दिशा में कदम बड़ा दिए है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री मान ने माजरी, नांगल शहीदान और मनगढ़ में टोल प्लाजा बंद करने की घोषणा की थी और वर्ष 2022 में होशियारपुर टांडा अलोबाल टोल प्लाजा बंद करवाया था। दरअसल आम आदमी ऐसे सभी का मकर रही है, जिससे आदमी को फर्क पड़ता हो, टोल प्लाजा खत्म करना उनमें से एक है। हालांकि अभी भी पंजाब की सडकों पर कई टोल नाके चल रहे है परंतु धीरे-धीरे मान सरकार उन्हें बंद करवा रही है, जबकि दूसरी ओर हरियाणा में अनेक सड़कों पर भारी भरकम टोल नाके लगे हुए है और वहां टोल रेट भी बहुत ज्यादा है। आज से चार वर्ष पूर्व तक दिल्ली से डबवाली यानी बहादुरगढ़-रोहतक, हांसी, हिसार-फतेहाबाद, सिरसा व डबवाली तक 330 किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक भी टोल नाका नहीं था परंतु अब करीब आधा दर्जन स्थानों पर टोल नाके लग चुके है व लोगों से भारी टोल वसूला जा रहा है। जानकारों का कहना है कि आम आदमी पार्टी लोगों को छूट देने में आगे है और पिछले दस वर्षो में जब से वो सत्ता में आई है, सबसे ज्यादा पंजाब में बिजली बिलों में माफी योजना प्रमुख है, वहां के आम लोग इससे बेहद खुश है, जबकि दूसरी ओर हरियाणा में और अन्य प्रदेशों में जहां भाजपा शासित राज्य है, इस तरह की सीधी छूट आम नागरिकों को नहीं मिल रही। हालांकि आम आदमी पार्टी के आलोचकों का कहना है कि इस प्रकार की मुफ्तखोरी की आदत डालकर केजरीवाल लोगों को कामचोर बना रहा है, उनकी कार्य करने की क्षमता को कम कर रहा है। ऐसे में देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य व मूलभूत सुविधाएं सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए न कि मुफ्त में। कुल मिलाकर राजनैतिक दलों की इस मामले में अपनी अपनी विचारधारा है। अनेक क्षेत्रीय दल जहां उनकी सरकारें है, अपने अपने हिसाब से लोगों को छूट या रियायत दे रहे है, ये कहां तक उचित है और इसका लाभ आम आदमी पार्टी को हरियाणा में भी मिलेगा या नहीं इसका पता तो 2024 के चुनावों में चलेगा।

# इंसानों की नहीं पशुओं की अधिक चिंता?



**देश** भर में बेलगाम आवारा पशुओं के कारण रोज़ाना सैकड़ों हादसे हो रहे हैं। कहीं सड़कों पर पशुओं की वाहनों से टक्कर के कारण बड़ी दुर्घटनायें हो रही हैं। कहीं बिगड़ैल सांड लोगों को अपने कोप का शिकार बना रहे हैं। पूरे देश का किसान कहीं आवारा पशुओं द्वारा उनकी फसल तबाह किये जाने से दुखी है तो कहीं नील गाय (रोज) उसकी फसल तबाह कर रही है। हिमाचल व उत्तराखंड जैसे राज्यों में बंदरों के प्रकोप से किसान व फल उत्पादक परेशान हैं। तमाम किसानों ने तो इन जानवरों से दुखी होकर अपना मुख्य व्यवसाय खेती ही त्याग दिया है। दूसरी ओर आवारा कुत्ते आये दिन अनेक लोगों को अपनी क्रूरता का शिकार बना रहे हैं। झारखण्ड,आसाम व केरल जैसे कई राज्यों में हाथियों के झुण्ड कभी किसी की फसल तबाह कर देते हैं कभी लोगों के मकान ढहा देते हैं कभी फलदार दरख़्त गिरा देते हैं तो कभी किसी की जान ले लेते हैं। हाथियों की दहशत से तो कई जगह लोग इनके प्रकोप से बचने के लिये इनकी पूजा भी करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे बेलगाम जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुंचने वाली पीड़ा को वही किसान,आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं। ऐसे प्रभावित लोगों के समर्थन व हमदर्दी में कभी कोई आवाज़ नहीं उठती जबकि आवारा पशुओं व गली के कुत्तों तक के समर्थन में उठने वाले स्वर काफ़ी बुलंद होते हैं। अनेक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) इन्हीं पशुओं से प्रेम करने का पाठ भी पढ़ाते हैं। जबकि सच तो यह है कि जो लोग अपने घरों में पक्षियों द्वारा घोंसले बनाया जाना पसंद नहीं करते,जिन्हें चिड़ियों की चहचहाना नहीं भाता बल्कि उन्हें चिड़ियों की बीट,उनके द्वारा अपने मकान में घोंसले हेतु इकट्ठे किये जाने वाली सामग्री खर-पतवार से नफ़रत है वह लोग गलियों के आवारा कुत्तों से प्यार करने का पाठ पढ़ाते हैं। और स्वयं को 'संभ्रांत' एवं पशु प्रेमी के रूप में पेश करते हैं। इन्हीं कुत्ता व आवारा पशु प्रेमियों ने यदि पक्षियों से प्रेम किया होता तो आज गोरैया जैसा हर परिवार का प्रिय पक्षी विलुप्त होने की कगार पर न पहुँचता। प्राय: देखा जाता है कि कुछ लोग बिस्कुट या रोटी आदि लेकर गलियों के कुत्तों को खिलाने निकल पड़ते हैं। पशुओं से प्रेम करना नि:संदेह बहुत अच्छी बात है। कोई भी कोमल सहृदयी व्यक्ति पशु पक्षियों व पेड़ पौधों यानी कि प्रकृति से प्रेम भाव अवश्य रखेगा। गत दिनों हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी चरखी दादरी में आयोजितराज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी मेले में अपने सम्बोधन में कहा है कि 'पशुओं के साथ कदापि हिंसात्मक व्यवहार न करने, पशुओं के साथ प्रेमवत रवैया अपनाने पर ज़ोर दिया और कहा कि पशुओं में भी संवेदनाएं होती हैं।' परन्तु इंसान तो पशुओं से भी संवेदनशील होता है? अत: प्रत्येक प्रकृतिक व पशु पक्षी प्रेमी का सर्वप्रथम मानव प्रेमी होना भी तो ज़रूरी ज़रूरी है? इंसानों से भेद ,बैर या नफरत अथवा उपेक्षा की शर्त पर बेलगाम आवारा पशुओं की हिमायत करना यह आखरि मानवता की कौन सी श्रेणी है ? राह चलते किसी व्यक्ति को पीछे से सांड़ आकर सींग मारकर घायल कर दे या जान ले ले या किसी बड़ी दुर्घटना का कारक बन जाये इसमें इंसान का आखिर क्या दोष है ? रास्ता चलते लोगों को यहां तक कि छोटे छोटे बच्चों को कुत्ते काट लेते हैं,प्राय: स्कूटर,बाइक या साइकिल सवार के पीछे कुत्ते भोंकते हुये दौड़ने लगते हैं। लोग अपनी जान बचाने के लिये अपने वाहन की गति अचानक तेज कर देते हैं जिससे कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। परन्तु समाज का कोई भी वर्ग या संगठन इन बेलगाम आवारा पशुओं के प्रकोप के शिकार लोगों के पक्ष में खड़ा होता नज़र नहीं आता। जबकि इन जानवरों से हमदर्दी दिखने इन्हें रोटी,चारा,बिस्कुट आदि डालने वाले लोग जूरूर नजर आ जाते हैं।

दरअसल हमारे समाज में सस्ते में पुण्य अर्जित करने का एक रिवाज सा बन चुका है। चिड़ियों को दाना-पानी डालना,मछलियों को आटा खिलाना,चीटियों को चीनी या आटा डालना,आवारा पशुओं को चारा,रोटी व अन्य पशु खाद्य सामग्री डालना लोग पुण्य का काम समझते हैं।

प्राय: रिहाइशी इलाक़ों में मोहल्लों व कालोनियों में यही कथित 'पुण्यार्थीजन' बेलगाम व आवारा पशुओं को अपने अपने दरवाज़ों पर रोटी देते हैं। इस तरह रोज़ाना रोटी मिलने से वे पशु उन दरवाज़ों पर प्रतिदिन दस्तक देने के अभ्यस्त हो जाते हैं। और जब तक इन जानवरों को उस दरवाज़ से कुछ मिल नहीं जाता वे उसी जगह अपना डेरा जमाये रखते हैं। यदि उस मकान में कोई नहीं है तो भी वे उसका गेट हिलाते रहते हैं। उधर उसी गली से निकलने वाले अन्य लोग भयवश उधर से गुज़रने से कतराते हैं। बच्चे तो विशेषकर डर से या तो देर तक खड़े रहते हैं या अपना रास्ता बदल देते हैं। गोया एक ' स्वयंभू पुण्यार्थी' के 'तथाकथित सद्कर्मों ' का ख़ामियाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ता है। पशु प्रेम के मामले में प्राय: हम पश्चिमी देशों के लोगों की नक़ल भी करने लगते हैं। बेशक वे पशुओं से बेहद प्रेम करते हैं। परन्तु इसी के साथ वे पहले इंसानों से भी प्रेम करते हैं। मिलावटख़ोरी,कम तौलना इंसानों को इंसानों द्वारा ही ठगना उन पश्चिमी देशों की संस्कृति का हिस्सा नहीं। वहां उपभोक्ता हो या बाज़ार, अस्पताल से लेकर स्कूल सड़क हो या यातायात,न्याय हो या प्रशासनिक निर्णय हर जगह मानव व मानवीय मूल्यों की क़द्र होते देखी जा सकती है। वहां पशु प्रेम तो है परन्तु हमारे देश की तरह वृन्दावन अयोध्या व हरिद्वार जैसे धर्मस्थलों पर इकट्ठे होने वाले लाखों उपेक्षित वृद्धों व विधवाओं की भीड़ नहीं। मंदिरों दरगाहों पर बैठे भिखारी बने असहाय लोग उस समाज में नहीं बल्कि हमारे तथाकथित 'पशु प्रेमी 'समाज के लोग हैं। वहां लोग खुले बोरवेल के गड्ढे या खुले मेन होल के ढक्कन में गिर कर जान नहीं गंवाते। हमारे देश की कड़वी सच्चाई तो यही है कि उदाहरणार्थ जो डॉक्टर बिना पैसे लिये किसी ग़रीब इंसान का इलाज करना गवारा नहीं करता वही 'संभ्रांत डॉक्टर ' मॉर्निंग वॉक पर अपने कुत्ते के साथ घूमता और दूसरों के घरों के सामने या किसी के ख़ाली प्लाट पर या पार्क में अपने कुत्ते को 'पॉटी ' कराता नज़र आयेगा और समाज में स्वयं को 'कुत्ता प्रेमी ' बतायेगा।

